दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची रविवार, 31 मई, 2026, अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2084 वर्ष-11 अंक-42 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

जो व्यक्ति अनुशासन में रहता है और अपनी मेहनत पर विश्वास करता है, वही जीवन में सफल होता है

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:03

अस्त : 06:29

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	35.0	22.0
जमशेदपुर	41.0	23.0
हजारीबाग	40.0	25.0
डालटनगंज	43.0	26.0

01 जून से बस पर सफर 30 प्रतिशत तक महंगा

कोडरमा। आगामी 01 जून से बस में सफर करना महंगा हो जाएगा। कोडरमा से विभिन्न जगहों के लिए 15 से 30 प्रतिशत तक भाड़ा में वृद्धि की गयी है। कोडरमा जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन की शनिवार को हुई बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। झुमरीतिलैया स्थित बस स्टैंड के समीप हुई बैठक की अध्यक्षता धर्मेंद्र उर्फ बंशी यादव ने जबकि, संचालन सचिव संजय यादव ने किया। बैठक में मोहन यादव, गोरेलाल यादव, बैजू लाला, संतोष यादव सहित कई अन्य मौजूद थे। बैठक के बाद अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बताया कि इस महीने में डीजल की दर में चार बार वृद्धि के साथ ही मोटर पार्ट्स, टायर और टोल टैक्स में वृद्धि हुई है। इससे किराया बढ़ाना हम लोगों की विवशता है। झुमरीतिलैया से खुलने वाली लगभग 55 बसों जिनमें 15 एसी और 30 नॉन एसी से यात्रा करने वाले लोगों का सफर महंगा होगा।

राज्यसभा चुनाव-2026 : कांग्रेस को झामुमो के फैसले का इंतजार

सीएम हेमंत ने मांगा 2 दिन

रांची: झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से एक सीट पर दावेदारी की गई है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2-3दिनों का समय मांगा है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव को लेकर राजद और भाकपा-माले नेताओं से भी बातचीत की जा रही है।

झारखंड में राज्यसभा की एक सीट पर जेएमएम की ओर से उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया जा चुका है, जबकि दूसरी सीट पर कांग्रेस की ओर से दावेदारी पेश की गई है। इस सिलसिले में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू और तेलगांना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क की ओर से हेमंत सोरेन से मुलाकात की गई। सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं को दो-तीन दिनों का समय देने की मांग की।

गठबंधन इंटैक्ट रहा तो दोनों सीटों पर जीत

कांग्रेस नेताओं ने साफ कहा कि राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए पार्टी के पास पर्याप्त आंकड़ा नहीं है। लेकिन गठबंधन इंटैक्ट रहा, तो दोनों सीटों पर जीत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

कहां फंसी है कांग्रेस

जेएमएम के 34 विधायक है। अपने प्रत्याशी को विजयी दिलाने के लिए 28 वोट की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद जेएमएम का 6 वोट बचेगा। कांग्रेस के 16 विधायक और जेएमएम के 6 विधायकों को जोड़ने के बाद संख्या 22 तक पहुंचेगी। ऐसे में छह वोटों की जरूरत होगी। इसलिए राजद के 4 और माले के 2 विधायकों का समर्थन जरूरी है।

सिर्फ जेएमएम से समर्थन से जीत संभव नहीं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेताओं को यह भी समझाने की कोशिश की कि यदि जेएमएम की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन दे भी दिया जाता है, तब भी जीत सुनिश्चित नहीं हो सकती है। जीत तय करने के लिए गठबंधन में शामिल आरजेडी और माले का समर्थन भी जरूरी है।

धीरज व बलमुचू ने खुद को चुनाव से अगल किया

राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू और प्रदीप बलमुचू ने खुद को राज्यसभा चुनाव से अलग कर लिया है। दोनों नेताओं ने अपनी इच्छा से पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। प्रदीप बलमुचू ने कहा कि उन्हें उम्मीदवार बनाया जाता है तो क्रॉस वोटिंग कर हरा दिया जाएगा। इधर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी अपनी दावेदारी पेश की है।

आरजेडी विधायकों के तेजस्वी के सिग्नल का इंतजार

उधर, आरजेडी के चार विधायकों को तेजस्वी यादव के सिग्नल का इंतजार है। राजद कोटे से सरकार में शामिल मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि सबकुछ पार्टी के बड़े नेताओं के तय करना है।

माले से संपर्क में कांग्रेस

झारखंड में भाकपा-माले के भी दो विधायक सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल है। माले विधायकों का समर्थन हासिल करने के लिए कांग्रेस नेता दीपंकर भट्टाचार्य से संपर्क में जुटे हैं। फिलहाल दीपंकर और माले के अन्य नेता चेन्नई में है। पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि माले विधायकों का समर्थन उन्हें मिल जाएगा।

अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाने की मांग हुई तेज, हेमंत सोरेन लेंगे फैसला

रांचीः झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को होने वाले चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। कांग्रेस की ओर एक सीट पर दावेदारी की गई है, तो सीट पर जेएमएम प्रत्याशी का चुनाव मैदान में उतरना तय है। जेएमएम की ओर से हेमंत सोरेन की बहन अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग तेज हो गई है।

शिबू सोरेन के निधन से खाली हुई सीट पर पार्टी की दावेदारी

राज्यसभा चुनाव में अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाए जाने पार्टी नेताओं का तर्क है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से खाली हुई एक सीट पर चुनाव हो रहा है, ऐसे में इस सीट पर पार्टी की ओर से शिबू सोरेन परिवार के ही किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। अंजनी सोरेन हेमंत सोरेन की बड़ी बहन और शिबू सोरेन की बेटी है। वो ओडिशा की राजनीति में सक्रिय रही हैं। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता और सदस्य मनोज पांडेय भी अंजनी सोरेन की दावेदारी को जेएमएम के हजारों-लाखों कार्यकताओं की भावनाओं के अनुरूप मानते हैं।

कल्पना-लता सोरेन के नाम की चर्चा

हालांकि जेएमएम के अंदर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन की पत्नी लता सोरेन के नाम पर भी चर्चा हो रही है। कल्पना सोरेन के पक्ष में यह तर्क दिया जा रहा है वो एक मुखर वक्ता है और संसद में पार्टी की नीतियों को जोरदार तरीके से रख सकती है। हालांकि कुछ नेताओं का कहना है कि झारखंड की राजनीति से कल्पना सोरेन के दूर होने से राज्य में पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी होगी।

वैभव सूर्यवंशी बनेंगे स्वास्थ्य विभाग के ब्रांड एंबेसडर

रांची: क्रिकेट जगत में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, अद्भुत प्रतिभा और कम उम्र में ही पूरे देश को प्रभावित करने वाले युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी को झारखंड में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्हें झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की भले ही टीम मैच हार गई हो, लेकिन वो करोड़ों भारतीयों का दिल जीत चुके हो। वे स्वयं क्रिकेट का खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन इतनी कम उम्र में बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का जिस आत्मविश्वास और आक्रामकता से सामना करते हुए लगातार धुनाई करना, यह असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। वैभव ने केवल अपना नाम ही नहीं, बल्कि अपने माता-पिता, बिहार और पूरे हिंदुस्तान का नाम रोशन किया है। इसके लिए तुम्हें दिल से बधाई देता हूं। जल्द ही वो वैभव सूर्यवंशी को झारखंड में सम्मानित करेंगे।

वैभव सूर्यवंशी ने करोड़ों युवाओं को प्रेरित किया

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मात्र 15 वर्ष की आयु में वैभव सूर्यवंशी ने जिस साहस, आत्मविश्वास और प्रतिभा का परिचय दिया है, वह भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहा है। वैभव केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि युवा ऊर्जा, मेहनत, अनुशासन और संघर्ष की जीवंत मिसाल हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और करोड़ों युवाओं को प्रेरित किया है।

स्वास्थ्य, अनुशासन का संदेश देंगे वैभव

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा और सकारात्मक सोच ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से काफी प्रभावित किया है। स्वास्थ्य विभाग उनके साथ मिलकर युवाओं के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश पहुंचाने का कार्य करेगा।

एमएस धोनी भी रह चुके हैं ब्रांड एंबेसडर

इससे पहले रांची के युवराज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी झारखंड के विभिन्न विभागों के ब्रांड एंबेसडर रह चुके हैं। उन्हें राज्य सरकार की ओर से इनाम के अलावा आवासीय भूखंड समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

राज्यसभा चुनाव को लेकर तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

रांची। झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के लिए 18 जून को वोटिंग होनी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कांग्रेस के साथ मिलकर अपना उम्मीदवार उतारेगा। झामुमो के साथ समझौते के लिए कांग्रेस हाईकमान ने तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को विशेष ऑब्जर्वर बनाकर रांची भेजा है। तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता और उपनेता के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके घर पर मिले। लगातार दूसरे दिन तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मुलाकात की और राज्यसभा चुनाव पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के साथ शनिवार को हुई बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री से मुलाकात की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ कहा कि वे इस बात पर विचार कर रहे हैं कि गठबंधन दोनों राज्यसभा सीटें कैसे जीत सकता है।

वहीं के राजू ने कहा कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी वादा किया कि वह एक-दो दिन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से राज्यसभा चुनाव के बारे में बात करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अभी यह नहीं बताया है कि क्या झामुमो अपनी सहयोगी कांग्रेस के लिए कोई सीट छोड़ेगा या नहीं। यही वजह है कि राजनीतिक गलियारों में पहले से ही राज्यसभा चुनाव को लेकर अटकलें तेज हैं।

वहीं शनिवार को मुख्यमंत्री से दोबारा मिलने के बाद तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री तेलंगाना लौट गए, वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने मोरहाबादी के स्टेट गेस्ट हाउस में झारखंड कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की पहली बैठक की। ैठक में उन्होंने राज्य में आने वाले तीन-लेवल के पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान के राजू ने कहा कि पिछले निकाय चुनावों में हुई गलतियों को सुधारना होगा और पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू करनी होगी। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के कैंडिडेड का फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं बल्कि कांग्रेस का हाईकमान करेगा।

म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग नई दिल्ली पहुंचे, एक जून को मोदी से वार्ता

नई दिल्ली। म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग शनिवार को बोधगया से नई दिल्ली पहुंचे। राजधानी पहुंचने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री किर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति की भारत यात्रा 30 मई से 3 जून तक चलेगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है।

किर्ति वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग का दिल्ली आगमन पर स्वागत करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच लंबे समय से चले आ रहे सभ्यतागत, सांस्कृतिक और जन-से-जन संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही यह विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने तथा क्षेत्रीय शांति, समृद्धि और संपर्क के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी एक्स पर राष्ट्रपति के आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने का अवसर उपलब्ध कराएगी।

इससे पहले शनिवार को राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने महाबोधि मंदिर में दर्शन और प्रार्थना की। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत और म्यांमार के बीच साझा बौद्ध विरासत पर आधारित गहरे आध्यात्मिक और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है, जिसने दोनों देशों के लोगों को पीढ़ियों से जोड़ रखा है।

राष्ट्रपति के साथ कई कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख उद्योगपतियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग 1 जून को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता भारत और म्यांमार के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति इस दौरान एक व्यापार एवं उद्योग मंच में भी भाग लेंगे। यात्रा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति 2 जून को मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वह उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें करेंगे तथा विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेंगे।

झारखंड में आज भी आंधी-बारिश, आफत ने ली 5 की जान

24 घंटे में 9 डिग्री तक गिरा तापमान

रांची: झारखंड के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। राज्यभर में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी और झमाझम बारिश के साथ हुए भीषण वज्रपात ने भारी तबाही मचाई। इस आपदा में अलग-अलग जिलों में कुल पांच लोगों की जान चली गई। वहीं, आठ लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। वहीं, पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे लोगों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में 5 से 9 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है।

आज भी आंधी-बारिश

मौसम केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की ओर से मौसम की तकनीकी स्थिति और चेतावनी जारी की गई है। देश के राजस्थान से लेकर ओडिशा तक राज्य के ऊपर से एक निम्न दबाव की ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसी मौसमी सिस्टम के प्रभाव के कारण रांची और इसके आसपास के इलाकों समेत राज्य के अधिकांश जिलों में शनिवार की तरह रविवार को भी मौसम खराब रहेगा। विभाग ने अगले दो दिनों (आज और कल) के लिए तेज आंधी के साथ गरज-चमक, बारिश और कुछ स्थानों पर वज्रपात (ठनका) होने का पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

वज्रपात से पांच की मौत

झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में आसमानी बिजली (वज्रपात) काल बनकर गिरी। रांची के इटकी में एक 12 वर्षीया बालिका, गढ़वा के कांडी (गाड़ाखुर्द) में 45 वर्षीया सोनमनिया देवी, मेराल के बानाजंघा में 32 वर्षीय उदय सिंह, धनबाद के राजगंज (चुंगी गांव) में एक महिला और बोकारो के पिंड्राजोरा (वाबडोह) में 21 वर्षीय अमित कुमार महतो की मौत हो गई। वहीं, मृत बच्ची के माता-पिता, पलामू के नौडीहा में तीन लोग और कोडरमा की पूनम देवी समेत कुल 8 लोग घायल हुए हैं। जबकि, गिरिडीह के बेंगाबाद में एक बच्ची बेहोश हो गई।

बोकारो में चली सबसे तेज आंधी

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को राज्य में सबसे तेज हवा बोकारो जिले में रिकॉर्ड की गई। बोकारो में ही सबसे अधिक 24.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। राजधानी रांची में 14 मिमी बारिश हुई। हजारीबाग में दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और तेज आंधी के कारण कई पेड़ उखड़ गए। गुमला जिले में खराब मौसम के चलते घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही।

पारे में 9 डिग्री तक की गिरावट

भीषण गर्मी से जूझ रहे पलामू, उत्तरी-दक्षिणी छोटानागपुर, कोयलांचल, संताल और कोल्हान समेत पूरे राज्य को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है। तापमान गिरने से मौसम काफी ठंडा हो गया है। हजारीबाग में अधिकतम तापमान सबसे कम 28.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम पारा पिछले दिन की तुलना में करीब 9 डिग्री गिरकर 27.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जबकि, न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, ये बेमौसम बारिश आगामी खरीफ फसल के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है।

सिलेंडर नहीं मिलने से थाने में दो हफ्ते से चूड़ा-गुड़ खाकर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी

मेदिनीनगर। एक भूखे और भटके हुए मासूम के मुंह से निकला सवाल-ह्यभात नहीं है क्या-यह सिर्फ एक बच्चे की भूख की कहानी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की हकीकत भी बयां कर गया, जहां आम जनता की सुरक्षा में दिन-रात तैनात पुलिसकर्मी खुद मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। मामला पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र का है। ग्राम बरडंडा में भटकते हुए एक 13 वर्षीय बालक जावेद आलम को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शनिवार को अपने संरक्षण में लिया। बताया गया कि बच्चा मंदबुद्धि है और बिना बताए घर से निकल गया था। थाने लाए जाने के बाद जब सुबह भूख से व्याकुल बच्चे ने खाने की मांग की, तो पुलिसकर्मियों ने उसे नाश्ते में चूड़ा और गुड़ दिया। लेकिन बच्चे ने मासूमियत से पूछ लिया-भात नहीं है क्या। इस सवाल का जवाब सुनकर शायद किसी का भी दिल भर आए। पुलिसकर्मियों ने बच्चे को बताया कि थाने में गैस नहीं होने के कारण लगभग दो सप्ताह से मेस बंद है। यहां तक कि थाना के जवान भी चूड़ा-गुड़ या बाहर होटल में जैसे-तैसे भोजन कर ड्यूटी निभा रहे हैं। बाद में पुलिस ने बच्चे के परिजनों को बुलाकर उसे सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। लेकिन इस घटना ने मोहम्मदगंज थाना की उस पीड़ा को सामने ला दिया, जो अब तक सरकारी फाइलों के बीच दबकर रह गई थी।



थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि थाना में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण मेस बंद पड़ा है। गैस एजेंसी संचालकों ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना वैध कनेक्शन और ओटीपी के सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा सकता। पहले आवश्यकता के अनुसार थाना को सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन वर्तमान नियमों के कारण अब यह संभव नहीं हो पा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार, गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए विभाग को पत्राचार भी किया गया है, लेकिन अब तक न तो कनेक्शन स्वीकृत हुआ है और न ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया है।

झारखंड के 11 जिलों में रविवार को भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट

नवप्रदेश/रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य के 11 जिलों में रविवार को गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में रविवार को गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं तथा कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी है। विभाग ने राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में पांच जून तक मौसम के सक्रिय बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इस अवधि के दौरान कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले तीन से चार दिनों में राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में आई इस कमी से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम में बदलाव के कारण वातावरण सुहावना बना हुआ है। शनिवार सुबह रांची और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

झारखंड में मतदाता मैपिंग अभियान को मिली रफ्तार 75.19 फीसदी कार्य पूरा

15 जून तक चलेगा अभियान

नवप्रदेश/रांची। झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारी के तहत मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया तेजी से जारी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 23 मई से अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मतदान केंद्रों तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में प्रकाशित किए जाने के बाद इस अभियान को और गति मिली है।

शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कुल 75.19 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में 1 करोड़ 99 लाख 15 हजार 463 मतदाताओं का सफलतापूर्वक मैपिंग कार्य किया गया है। 15 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से यह अभियान जारी रहेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम अभी तक मैप नहीं हो पाया है, वे अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर पिछली गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची के आधार पर अपनी मैपिंग करवा सकते हैं। अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची के प्रकाशन के बाद पिछले एक सप्ताह में ही 5 लाख 14 हजार 546 मतदाताओं की मैपिंग की गई है, जो अभियान की प्रगति को दशार्ता है।

के. रवि कुमार ने कहा कि अन-मैप्ड मतदाताओं की संख्या को तेजी से कम करने और उन क्षेत्रों में कार्य में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जहां मैपिंग की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इसी उद्देश्य से आगामी मंगलवार को सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।

उन्होंने बताया कि बैठक में उन बीएलओ की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी, जिनके क्षेत्रों में मैपिंग का प्रतिशत कम है। साथ ही, बीएलओ को कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी। इन समस्याओं के समाधान और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्णय भी लिए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उम्मीद जताई कि प्रशासनिक सहयोग और बीएलओ के प्रयासों से निर्धारित समयसीमा के भीतर अधिकाधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि यदि उनका नाम अन-मैप्ड सूची में है तो वे शीघ्र अपने बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि आगामी मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अद्यतन बनाई जा सके।

एक नजर

क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी बनेंगे स्वास्थ्य विभाग के ब्रांड एंबेसडर : इरफान

नवप्रदेश/रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भारतीय युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सम्मानित करने और झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। अंसारी की ओर से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि डॉ. अंसारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग वैभव सूर्यवंशी के साथ मिलकर युवाओं के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का काम करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वैभव भविष्य में भारतीय क्रिकेट के साथ स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और देश को उन पर लंबे समय तक गर्व रहेगा। मंत्री ने कहा कि कम उम्र में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और असाधारण प्रतिभा से वैभव ने पूरे देश को प्रभावित किया है। अब स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड अंबेसडर बनना राज्यवासियों के लिए अति गर्व कि बात होगी। डॉ. अंसारी ने कहा कि भले ही उनकी टीम मैच नहीं जीत सकी, लेकिन वैभव ने करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया है।

भाजपा रांची महानगर में कार्यशाला का आयोजन

रांची। भाजपा रांची महानगर जिला कार्यालय में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक-जैसे गरीब, किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सभी तक प्रभावी रूप से पहुंचा है। उन्होंने आगे कहा कि यह 12 वर्ष केवल सरकारी उपलब्धियों का नहीं, बल्कि देशवासियों के विश्वास, विकास और जनकल्याण की एक सतत यात्रा का प्रतीक हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा समाज के सभी वर्गों को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ें।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बिरसा कॉलेज में जागरूकता रैली

खूंटी। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को बिरसा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत तंबाकू सेवन के विरुद्ध शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली और व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीके भगत ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. कॉर्नेलियस मिंज ने तंबाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। वहीं डॉ. अश्मृता महतो, डॉ. काली मुंडू और डॉ. सिजरेन सुरीन ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जया कच्छप ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को तंबाकू का सेवन नहीं करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। इसके बाद महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने तंबाकू निषेध संबंधी नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा सुरिन, जया भारती कुजूर, राज कुमार गुप्ता और सुनीता टोप्पो सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का उपायुक्त ने दिया निर्देश

खूंटी। उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना, पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की स्थिति का जायजा लेते हुए निमार्णाधीन भवनों और सरकारी भवनों में संचालित नहीं हो रहे केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका पदों की चयन प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित चयन प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण कर केंद्रों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर के विभिन्न संकेतकों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी केंद्रों का शत-प्रतिशत फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) लागू करने पर जोर दिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों का समय पर ई-केवाईसी कराने एवं लंबित मामलों की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने पोषण ट्रैकर में सभी सूचनाओं को नियमित रूप से अद्यतन रखने को भी कहा। बैठक में टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण, वीएचएसएनडी और सीबीई की स्थिति, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अपार आईडी निर्माण और एबीएचए सत्यापित लाभुकों की संख्या की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एबीएचए वेरिफाइड लाभुकों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिया। एमटीसी केंद्र में कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने और गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ने पर बल दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं वृद्धाश्रम के संचालन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं एवं संस्थानों के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार और लूट खसोट बनी झारखंड सरकार की पहचान : भाजपा

नवप्रदेश/रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य में भ्रष्टाचार व्यापक स्तर पर फैल चुका है और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में यह व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार और लूट-खसोट की वजह से झारखंड की प्रशासनिक छवि लगातार खराब हो रही है। शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण राज्य की स्थिति बिगड़ गई है। उनके अनुसार, लगभग सभी सरकारी विभागों में अनियमितताएं व्याप्त हैं और भ्रष्टाचार अब सामान्य प्रक्रिया जैसा प्रतीत होने लगा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन कार्य में भी अवैध वसूली की शिकायतें सामने आई हैं। इसके अलावा मनरेगा और भूमि म्यूटेशन जैसी योजनाओं में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोप लगातार लगते रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि मंत्रियों के जनता दरबार तक में भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें पहुंच रही हैं, लेकिन सरकार उन पर ठोस कार्रवाई करने के बजाय केवल औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के एक पूर्व मंत्री (योगेंद्र साव) द्वारा भी ट्रांसफर और पोस्टिंग में पैकेज के आधार पर लेनदेन की बात सार्वजनिक रूप से कही जा चुकी है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने हाल ही में सामने आए ट्रेजरी घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक इसकी जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं है और बड़े अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही ऊर्जा विभाग में लगभग 100 करोड़ रुपये की गड़बड़ी और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों को भी गंभीर बताया। अविनेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि जब विपक्ष इन मुद्दों को उठाता है, तो सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश करती है। इससे निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा कानूनी मामलों और प्रशासनिक गतिविधियों पर भारी खर्च किया जा रहा है,

उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण सुरक्षा और रख-रखाव व्यवस्था की समीक्षा

नवप्रदेश/रांची। रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को नगड़ी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव और तकनीकी प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्वाचन

आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बनी रहे। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, नगड़ी के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी नगड़ी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपायुक्त को वेयरहाउस की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा इंतजामों और रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्धारित अंतराल पर ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी, तकनीकी उपकरणों की कार्यशीलता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन किया जाता है। इसके बाद तैयार की गई रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को भेजी जाती है।

इसी प्रक्रिया के तहत शनिवार को उपायुक्त ने वेयरहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रशासन का कहना है कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम वेयरहाउस की नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

समर कैंप में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

नवप्रदेश/रांची। अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से अग्रसेन भवन में आयोजित 23 वें समर कैंप के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने आत्मरक्षा करने के गुर और व्यक्तित्व विकास निर्माण के बारे जानकारी ली।

कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने पूजा-अर्चना के साथ की।

समर कैंप में बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जूडो-कराटे, स्वास्थ्य जागरूकता के लिए योग, रचनात्मकता बढ़ाने के लिए चित्रकला और हस्तकला एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की ओर से दिया गया। इसके अलावा संगीत और नृत्य के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

मौके पर महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि अनुसार समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में विभिन्न कलाओं और कौशलों के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल सभा के समर कैंप से जुड़े कई प्रशिक्षक पिछले 25 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। योग प्रशिक्षक नंददुलाल दत्ता ने बच्चों को विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। चित्रकला और हस्तकला विशेषज्ञ मो साबिर हुसैन, नृत्य प्रशिक्षक दीपक सिन्हा, जूडो-कराटे विशेषज्ञ सुनील किस्पोट्टा, परफॉर्मिंग आर्ट प्रशिक्षक सुबोध कुमार और संगीत प्रशिक्षक अजय कुमार गोस्वामी ने भी प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, रीना सुरेका, मंजू केडिया, पद्मा बंका, सुनैना लोयलका, बबीता नारसरिया, प्रीति बंका, बीना मोदी, सीमा टांटिया, पुष्पा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे और अन्य लोग मौजूद थे।

रांची : रिम्स के पीजी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच जारी

नवप्रदेश/रांची। झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के एक पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) डॉक्टर की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान रिम्स के सर्जरी विभाग के 32 वर्षीय पीजी छात्र डॉ. सानू सनल बरवार के रूप में हुई है। उनका शव शहर के कटहल मोड़ स्थित एक मकान से बरामद किया गया। डॉ. सानू की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए रिम्स में पोस्टमार्टम कराया गया है। वे रांची के नगड़ी के निवासी थे और सर्जरी विभाग में पीजी के छात्र थे। मृतक के मित्रों के अनुसार, शनिवार सुबह सूचना मिली कि डॉ. सानू सोकर नहीं उठे। इसके बाद उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि डॉ. सानू सनल बरवार सर्जरी पीजी 2014 बैच के छात्र थे। वे बेड़ो सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे और उच्च शिक्षा के लिए अवकाश पर थे। वे अपने आवास पर मृत पाए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्हें पहले रिंची अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद रिम्स लाया गया। रांची के सदर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) संजीव बेसरा ने बताया कि डॉक्टर अपने घर में मृत पाए गए थे। शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों की देखरेख में कराया गया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वार्षिकोत्सव — साहित्य संगम संस्थान का वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ संपन्न

देश-विदेश के दिग्गज साहित्यकार हुए सम्मानित

पुस्तकों का लोकार्पण और बहुभाषी कवि सम्मेलन बना आकर्षण

नवप्रदेश/रांची। साहित्य, संस्कृति और भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित राष्ट्रीय संस्था साहित्य संगम संस्थान का वार्षिकोत्सव रविवार को भव्यता और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से जुड़े साहित्यकारों, कवियों, विद्वानों और भाषा-प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में साहित्यिक ऊर्जा, सांस्कृतिक समृद्धि और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी वेदानंद सरस्वती एवं रामावतार बिंजराजका निश्छल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्वाति जैसलमेरिया और स्वाति मानधना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

वार्षिकोत्सव के दौरान साहित्यकारों की महत्वपूर्ण कृतियों का भी लोकार्पण किया गया। रूपमाला सिन्हा की पुस्तक ह्यबस दो कदम और तथा स्वाति मानधना की पुस्तक ह्यस्वाति के मंथन मोती का भव्य विमोचन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। साहित्य प्रेमियों ने दोनों पुस्तकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

साहित्य साधकों को मिला सम्मान

संस्थान द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को राजा रंतिदेव सम्मान, साहित्य साधक सम्मान एवं विभिन्न मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यिक गतिविधियों में निरंतर सक्रियता और उत्कृष्ट सृजन के लिए कई साहित्यकारों को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र से सम्मानित साहित्यकारों में दिनेश मिश्रा, सरोज शुक्ला, रूपमाला सिन्हा, तरुण कुमार सिंह, राजीव रंजन पांडेय, डॉ. प्रशांत करण एवं डॉ. भावना दीक्षित ज्ञानश्री शामिल रहे।

छह शीर्ष साहित्यकारों को मिली मानद उपाधि

संस्थान की चयन समिति द्वारा साहित्य जगत में दीर्घकालीन योगदान, विशिष्ट लेखन और भाषा सेवा के लिए छह प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सर्वोच्च मानद उपाधि से विभूषित किया गया। सम्मानित साहित्यकारों में रामावतार बिंजराजका निश्छल, रितेश कुमार शर्मा पथिक, स्वाति मानधना, स्वाति सरु जैसलमेरिया, गणेश चंद्र केष्टवाल प्रखर तथा नवीन कुमार भट्ट ह्यनीर शामिल रहे।

साहित्य समाज को दिशा देने वाली मशाल : राज वीर सिंह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं साहित्य संगम संस्थान के अध्यक्ष राज वीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य केवल समाज का दर्पण नहीं, बल्कि उसे सही दिशा दिखाने वाली मशाल भी है। सम्मानित किए गए सभी साहित्य साधकों ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को वैचारिक रूप से समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बहुभाषी कवि सम्मेलन ने बांधा समां

वार्षिकोत्सव के अंतिम चरण में आयोजित भव्य बहुभाषी कवि सम्मेलन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। कवियों ने देशभक्ति, श्रृंगार, मानवीय संवेदनाओं और समसामयिक विषयों पर अपनी प्रभावशाली रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुति देने वाले सभी रचनाकारों को काव्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य संयोजक डॉ. प्रशांत करण ने सभी अतिथियों, सम्मानित साहित्यकारों और ऑनलाइन माध्यम से जुड़े दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति पाठ के साथ इस ऐतिहासिक और यादगार साहित्यिक महोत्सव का सफल समापन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन

नवप्रदेश/पिस्का नगड़ी। प्रखंड के कुलगू स्थित वृद्धाश्रम परिसर में शनिवार को वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का उद्घाटन रांची की उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में संस्था के सचिव पंकज सिन्हा, नगड़ी सीओ राजेश कुमार, नगड़ी बीडीओ दीपाली भगत, सीडीपीओ लक्ष्मी भारती, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी, बीएलओ तथा आश्रम की पूनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं आश्रम के दादा-दादी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई। केंद्र के माध्यम से हिंसा, उत्पीड़न अथवा शोषण से प्रभावित महिलाओं को आपातकालीन सहायता, एम्बुलेंस सेवा, निकटतम अस्पताल में चिकित्सा सुविधा, पुलिस शिकायत (एफआईआर, एनसीआर, डीआईआर) दर्ज कराने में सहयोग, मनो-सामाजिक परामर्श, भावनात्मक सहायता, काउंसलिंग सेवाएं, निःशुल्क कानूनी सहायता, न्याय दिलाने में सहयोग, अस्थायी आश्रय(सेल्टर) तथा परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि वे शीघ्र न्याय एवं संरक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने महिलाओं से जरूरत पड़ने पर टोल-फ्री हेल्पलाइन 181 का उपयोग कर केंद्र की सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

अनगड़ा में भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान प्रारंभ

नवप्रदेश/अनगड़ा। सेवा भारती गुड़ीडीह जोन्हा में शनिवार को भाजपा रांची पूर्वी जिला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियाण का शुभारंभ पूर्व मंत्री अमर कुमार बाऊरी ने किया। अध्यक्षता भाजपा रांची पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने वहीं संचालन मनोज चौधरी एवं सत्यदेव मुंडा ने संयुक्त रूप से किया।

प्रदेश एवं संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, तृतीय सत्र में विजय भाषी, चतुर्थ सत्र में पूर्व मंत्री सह

प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पंचम सत्र में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह तथा छठे सत्र में प्रदेश नेता मृत्यंजय शर्मा ने संगठन, विचारधारा एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकताओं में वैचारिक स्पष्टता, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता एवं सांगठनिक कुशलता को और अधिक सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण में जिले में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद एवं पूर्व सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह-संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, आरती कुजुर, आरती सिंह, पूर्वी जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रणधीर चौधरी, सुरेंद महतो, अमरनाथ चौधरी, राजेंद्र शाही मानकी, अनुराधा मुंडा, प्रमोद सिंह, रोहित साहु, माधुरी देवी, रामसाय मुंडा, सत्यजीत सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिल्ली में बिजली विभाग की ओर से कैम्प लगा

नवप्रदेश/सिल्ली। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सिल्ली में शनिवार दिनांक 30 मई 2026 को बिजली विभाग की ओर से विधुत बिल सुधार एवं विधुत समस्या समाधान कैम्प लगा। बिजली की समस्याओं के समाधान को लेकर कैम्प का आयोजन दिन के करीब 10 बजे से किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों में जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी आदि शामिल हुए। कैम्प में पहुंचे उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन जमा किया गया।

छह माह से पति से अलग रह रही महिला से पति ने किया कार्य स्थल पर मारपीट

काम से नही हटाने पर मालिक को भी दी धमकी

नवप्रदेश/रातू। थाना क्षेत्र के छाताटुंगरी रोड नं तीन निवासी चंदा देवी ने अपने पति मुकेश सिंह पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने शुक्रवार को रातू थाना में आवेदन देकर पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। छह माह से अलग रह रही है पीड़िता - चंदा देवी ने बताया कि वह अपने पति मुकेश सिंह से पिछले छह महीने से अलग रह रही है। इसके बावजूद पति लगातार परेशान कर रहा है। शुक्रवार को कार्यस्थल पर जाकर मारपीट करते हुए मालिक को भी धमकी दी। पीड़िता के अनुसार पति उसके कार्यस्थल पर पहुंचा और वहां मारपीट व गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान उसने मालिक को धमकी दी कि मेरी पत्नी को काम से छुड़वा दो, नहीं तो ठीक नहीं होगा। चंदा देवी ने रातू पुलिस को आवेदन देते हुए पति के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वज्रपात की चपेट में आने से तीन भैस की मौत

नवप्रदेश/बुढ़मू: शनिवार की सुबह बुढ़मू थाना क्षेत्र के कटारी गांव के बंधा टोली में भारी बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से मनु उरांव के तीन भैस की मौत हो गई. सूचना पाकर मुखिया गंगोत्री देवी मनु उरांव के घर पहुंची और पशुपालन विभाग के चिकित्सा पदाधिकारीको इसकी सूचना दी. मुखिया ने बताया कि तीनों भैंस का पोस्टमार्टम के बाद प्राकृतिक आपदा विभाग से मुआवजा दिलाया जाएगा.

विकास कुमार पासवान का कांग्रेस जनों द्वारा स्वागत

नवप्रदेश/सिल्ली। शनिवार दिनांक 30 मई 2026 को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा नवनियुक्त मुरी ओपी थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान का स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस महासचिव मंजूर मोमिन, सैय्यद कमर आलम, भगीरथ महतो इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

समर्पण दीप बीएड कॉलेज रातू में तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

आकर्षण का पदार्फाश- निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला' थीम पर मना दिवस

युवाओं को नशे से बचाने पर जोर

नवप्रदेश/रातू। समर्पण दीप बीएड कॉलेज, रातू में शनिवार को आईक्यूएसी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम'आकर्षण का पदार्फाश- निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला' रहा।

सचिव व प्राचार्य ने किया जागरूक - कार्यक्रम की शुरूआत में कॉलेज के सचिव नवल किशोर गुप्ता ने कहा कि तंबाकू निषेध को सिर्फ दिवस के रूप में न मनाकर इसे अभ्यास में लाना जरूरी है। हमें खुद बचने के साथ दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व की युवा पीढ़ी तंबाकू और निकोटिन की गिरफ्त में है। यह भयानक जहर है जिससे युवाओं को हर हाल में बचाना है, क्योंकि यही युवा देश का भविष्य हैं। तंबाकू से कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, मुंह और मसूड़ों की बीमारी जैसी जानलेवा बीमारियां होती हैं।

प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह - इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता और एक्सटेम्पोर जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी विद्यार्थियों ने तंबाकू के दुष्प्रभावों पर अपने विचार रखे और नशामुक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सदस्य अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेन्द्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ दशरथ महतो, डॉ आनंद कुमार भगत, डॉ नमिता साहू, अंकित कुमार, अंकिता कुमारी, दिनेश , कमलेश महतो, शिवराज भगत, कन्हाई , रोहित , सत्यभामा शामिल हुए। वही विद्यार्थियों में मोती लाल, अक्षय, करण, रंजीत, शशि, नवीन, राहुल, वीरेंद्र, संदीप, प्रियंका,शांति, अर्चना, दीपिका, मुस्कान, सोनम, पुष्पा, सीमा, निशा, शाइस्ता, विभा, मनीषा, रुचिका, सुषमा, कंचन, निधि, दीक्षा, शिखा, रीना, स्नेहा, ज्योति, रेशमा, रीता समेत अन्य मौजूद रहे।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में एनसीसी का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं

ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप चयन शिविर का समापन



नवप्रदेश/अनगड़ा। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल खेलगांव में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप चयन शिविर का शनिवार को समापन हो गया। यह शिविर एनसीसी के तत्वावधान में 3-झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित किया गया था। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग,हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग,सैन्य इतिहास, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट, साइबर सुरक्षा, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण जागरूकता, सामाजिक सेवा तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या में रांची ग्रुप की विभिन्न बटालियनों से आए लगभग 340 कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल राजीव कुमार, कादंबरी सिंह,एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल परवीन बुधवानी,स्कूल के निर्देशक राम नरेश महतो,प्राचार्या अर्चना राठौर, आर्मी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अभय सिंह,कर्नल रोहित प्रसाद एवं उनकी पत्नी रिसालदार जुगल देबबर्मा,सेकंड ऑफिसर ह्यूमिलिटी रक्षा मिंज,सीटीओ सिंधु कुमारी तथा सीटीओ मौसमी आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कैम्प कमांडेंट कर्नल राजीव कुमार ने कहा कि शिविर के दौरान अर्जित कौशल,नेतृत्व क्षमता,टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उनके लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। स्कूल के निदेशक राम नरेश महतो,प्राचार्या अर्चना राठौर ने भी अपने संबोधन में कैडेट्स के अनुशासन, उत्साह एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस शिविर में 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, 3 झारखंड बटालियन एनसीसी, 44 झारखंड बटालियन एनसीसी, 46 झारखंड बटालियन एनसीसी, 19 झारखंड बटालियन एनसीसी तथा 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची, गुरु नानक स्कूल, गुरु गोबिंद पब्लिक स्कूल, एसएस प्लस टू स्कूल चिलदाग, रांची विमेंस कॉलेज, बिरसा कॉलेज एवं मारवाड़ी कॉलेज के कैडेट्स ने शिविर में भाग लिया।

उषा मार्टिन विवि में एसोसिएट कनेक्ट मीट का आयोजन

नवप्रदेश/अनगड़ा। उषा मार्टिन विवि अनगड़ा में एसोसिएट कनेक्ट मीट 2026 का आयोजन स्ट्रेटेजीक एडवाइजरी : फोस्टरिंग कॉलबोरटिव ग्रोथ- पार्टनरिंग फॉर इंस्टिट्यूशनल एक्सीलेंस विषय पर किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए शैक्षणिक सहयोगियों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग,नवाचार तथा उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। देशभर से आए 250 से अधिक सहयोगियों ने कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेकॉन लिमिटेड के वित्त निदेशक मुकेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य कार्यालय,कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के निदेशक एवं प्रमुख प्रभात कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव डॉ एसके वर्मा,डीन अकादमिक्स प्रो बीएन सिन्हा तथा वरिष्ठ निदेशक पंकज श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुकेश कुमार ने नेतृत्व, संस्थागत विकास तथा रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार ने उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग, कौशल विकास तथा बदलते व्यावसायिक परिवेश में विद्यार्थियों को नई चुनौतियों एवं अवसरों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलसचिव डॉ एसके वर्मा विवि और शैक्षणिक सहयोगियों के बीच समन्वय एवं सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा सफल करियर निर्माण के लिए विवि और शैक्षणिक साझेदारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पंकज श्रीवास्तव,डीन अकादमिक्स प्रो बीएन सिन्हा तथा डॉ प्रियंका पल्लवी ने अपने विचार साझा किया।

भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पूर्व छात्र मिलन समारोह- 2026 का भव्य आयोजन

नवप्रदेश/मांडरः कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एलुमनी एसोसिएशन के तत्वावधान में 'पूर्व छात्र मिलन समारोह-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर, डीएसडब्ल्यू उपेंद्र उपाध्याय, विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, एलुमनी एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक राज जायसवाल तथा पूर्व छात्रों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विभिन्न सत्रों के पूर्व छात्रों ने भाग लेकर पुराने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर वर्तमान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान ने पूर्व छात्र एवं शिक्षक सुधीर पांडे, प्रिंस कुमार, कृष्णा कुमारी यादव तथा नीतीश कुमार यादव को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर ने कहा कि पूर्व छात्र संस्थान के वास्तविक ब्रांड एंबेसडर हैं और उनकी सफलता ही किसी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी पहचान होती है। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को भारतीय मूल्यों और आदर्श शिक्षक की भूमिका निभाने का संदेश दिया।

वक्ताओं ने पूर्व छात्रों की सफलता को वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए संस्थान के विकास में उनकी सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। अंत में एलुमनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशुतोष नंद तिवारी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति कुमारी और सुनीता कुजूर ने किया।

एलआईसीकर्मी पर तीन लोगों द्वारा पत्थर-लोहे से हमला

ट्रैक्टर से टक्कर मारकर मर्डर की धमकी

रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज

नवप्रदेश/रातू। थाना क्षेत्र के झखराटांड निवासी मोहन मुरारी, पिता स्वः नारायण साहू पर शुक्रवार को मलमांडू चौक में तीन लोगों ने पत्थर और लोहे से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपियो ने मोहन मुरारी को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में मोहन मुरारी ने शुक्रवार को रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में पीड़ित मोहन मुरारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे के करीब मलमांडू चौक में बालमीकी कुमार पिता विजय साहू, विकास साहू पिता विजय साहू और विजय साहू पिता लोहन साव ने उसके साथ मारपीट की। हमले में मोहन मुरारी का सिर और नाक फट गया। छाती समेत पूरे शरीर में चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान बालमीकी कुमार ने ट्रैक्टर से टक्कर भी मारी जिससे गंभीर चोटें आईं। साथ ही धमकी दी कि अगली बार मर्डर कर देंगे। घटना के बाद पीड़ित मोहन मुरारी ने रातू थाना में आवेदन देते हुए कारवाई की मांग की है। मोहन मुरारी के अनुसार मारपीट एलआईसी का पेमेंट मांगने को लेकर किया गया है। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू
ग्रामः गम्हरिया प्रखंडः मुरहू जिलाः खूंटी

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या –01/2026–27

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू में अध्ययन करने वाले छात्र / छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में खाद्य– अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 09/06/2026 के अपराह्न 03.00 बजे तक मुहरबंद निविदा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूंटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते है। दिनांक 10/06/2026 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूंटी, (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूंटी, 'ए' ब्लॉक, कमरा न. 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में क्रय सलाहकार उप-समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं सम्बंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति सम्बंधित विवरणी एवं निविदा की शर्तें खूंटी जिला के आधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं विद्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मुरहू

PR 381136 (District)26-27*D

नगड़ी थाना, अंचल कार्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय नगड़ी, नगड़ी थाना और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की व्यवस्था, साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने प्रखण्ड कार्यालय भवन की साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिया कि आनेवाले सोमवार को कार्यालय खुलने से एक घंटे पहले सभी कर्मचारी भवन की विशेष सफाई सामूहिक रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थिति पंजी सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों एवं दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के बिचौलिया (मध्यस्थ) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि आदिवासी एवं सरकारी जमीनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

नगड़ी थाना का निरीक्षण किया गया उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका त्वरित निष्पादन किया जाए। किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से थाना न दौड़ाया जाए।

प्रखण्ड कार्यालय में उपायुक्त ने आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, ओपीडी कक्ष, वार्ड, दवा स्टोर एवं लेबोरेटरी की स्थिति देखी।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की स्वास्थ्य केंद्र परिसर को हमेशा स्वच्छ रखे। कूड़ा-कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही चिकित्सा कर्मियों (डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट) की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और उपस्थिति रजिस्टर का सही रखरखाव हो। इसके अलावा आवश्यक दवाओं का स्टॉक हमेशा पर्याप्त रखने। एक्सपायरी दवाओं की जांच नियमित रूप से करने, गंभीर मरीजों को तत्काल उच्च केंद्रों (सदर अस्पताल) में रेफर करने की व्यवस्था रखने, मरीजों से कोई अनुचित शुल्क नहीं लेने सहित अन्य निर्देश उपायुक्त ने दिए।

भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि आम नागरिकों को सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही का अनुभव हो। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को चेतावनी दी कि जनसेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, रांची

अल्पकालिन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–22/2026–27

1. [illegible] : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रांची।
2. [illegible] : [illegible]
3. [illegible] : [illegible]
4. [illegible] : [illegible]
5. [illegible] : [illegible]
6. [illegible] : [illegible]
7. [illegible] : [illegible]
8. [illegible] :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू.)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.)	अग्रधन की राशि (रू.)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Construction of PCC Road From Bituminous Road to Main Gate of LWE ITI at Hehal, Ranchi	20,79,200.00	5000.00	42000.00	Two Months
2	Construction of Boundary Wall with MS Angle with Concertina wire in the LWE ITI at Hehal, Ranchi	31,24,400.00	5000.00	63000.00	Three Months
3	Paver Road from Main Gate to Academic Building and Hostel of LWE ITI at Hehal, Ranchi	24,47,000.00	5000.00	49000.00	Two Months

नोट: निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in पर [illegible] कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-2, रांची

PR 381169 Building(26-27).D

सेल के नए अध्यक्ष अशोक पंडा से मिले पवन झा

बीएसएल मजदूरों की समस्या का करें समाधान, नहीं तो होगा आंदोलन : पवन

नवप्रदेश/बोकारो। सेल के नए अध्यक्ष अशोक पंडा ने बोकारो इस्पात संयंत्र में अपना पहला दौरा पर शनिवार को आए हुए थे। इस अवसर पर भारत सरकार के इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के प्रतिनिधि सह झारखंड जनता दल सेक्यूलर के प्रदेश अध्यक्ष पवन झा एक प्रतिनिधि मंडल के साथ सेल अध्यक्ष से मुलाकात कर बोकारो इस्पात संयंत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। झारखंड प्रदेश जनता दल सेक्यूलर के अध्यक्ष पवन झा ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जाना प्रबंधन के अड़ियल रवैये को दशार्ता है। यदि तत्काल इसका समाधान नहीं हुआ तो बहुत जल्द बोकारो इस्पात के लोगों के साथ जनता दल सेक्यूलर बोकारो इस्पात प्रबंधन के खिलाफ हजारों की संख्या में घेराव एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन करेगा, ताकि बोकारो की जनता को न्याय मिल सके।

प्रतिनिधि मंडल ने सेल अध्यक्ष के समक्ष इरछ कर्मियों, विस्थापितों, ठेका मजदूरों और स्थानीय लोगों से जुड़े मुद्दे रखे। साथ ही प्लांट के उत्पादन, विस्तार और उरफगतिविधियों पर भी चर्चा की। पवन झा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री बोकारो के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल की जाएगी।

सेल अध्यक्ष अशोक पंडा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि बोकारो इस्पात संयंत्र के विकास और यहां के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में बोकारो जिला जनता दल सेक्यूलर के प्रभारी अफरोज राणा, संजय झा, संजय शर्मा, जावेद अख्तर, संजय रजक, सिराज खान, नबी हुसैन, जितेन कुमार, रशीद अशरफी, टोनी, विनय कुमार, कंन्तु मुर्मूर, अनिल गोराई, अशोक कुमार, बबलू, गीता शाह, प्रेम कुमार, राजीव रंजन, आशीष झा, मुकुट तिर्की एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

गैर-जमानती वारंट के आरोपी को चंद्रपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवप्रदेश/बोकारो। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के जर्बा निवासी रामचंद्र महतो को न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर शनिवार को चंद्रपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिवत छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, न्यायालय से जारी वारंट के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का पालन कराने तथा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। इस गिरफ्तारी अभियान में चंद्रपुरा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रभुनाथ कुमार महतो एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल रहे। पुलिस टीम की सक्रियता से वारंटी की गिरफ्तारी संभव हो सकी। चंद्रपुरा पुलिस ने आम लोगों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

एक नजर

झारखंड आंदोलनकारियों ने 10 जून से मुख्यमंत्री आवास घेराव का किया ऐलान

नवप्रदेश/चास। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, बोकारो जिला के तत्वावधान में रविवार को पुरुलिया रोड स्थित दीपांजलि पैलेस सभागार में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में राज्य सरकार द्वारा आंदोलनकारियों से जुड़े संकल्पों एवं आश्वासनों को लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए 10 जून से रांची में मुख्यमंत्री आवास घेराव-प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन आमरण अनशन तथा अन्य लोकतांत्रिक आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अब तक अलग पहचान, रोजगार, सम्मानजनक पेंशन तथा अन्य अधिकार नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य निर्माण के लिए संघर्ष और बलिदान देने वाले आंदोलनकारी आज उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो 10 जून से आर-पार की लड़ाई शुरू होगी। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने आंदोलनकारियों से बड़ी संख्या में रांची पहुंचकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। वहीं आंदोलनकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि जिस संघर्ष से झारखंड राज्य का निर्माण हुआ, उसी संघर्ष की ताकत से आंदोलनकारी अपने अधिकार भी हासिल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजदेव माहथा ने कहा कि आंदोलनकारी अपने और अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर आंदोलन को सफल बनाएंगे। सम्मेलन में दुमका प्रमंडल अध्यक्ष जीतन कोल, केंद्रीय सचिव सूरज प्रसाद जायसवाल, सत्यदेव राय, हाबूलाल गोराई, जिला सचिव खगेन्द्र नाथ वर्मा, ज्योतिलाल महतो, रामपद महतो, कार्तिक माहथा, कामेश्वर महतो सहित विभिन्न जिलों और प्रखंडों से आए बड़ी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने 10 जून को रांची में प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

बीएसएल के 22 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

नवप्रदेश/बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में शनिवार को मई 2026 में सेवानिवृत्त हो रहे 22 कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता थे। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घकालिक योगदान और समर्पण की सराहना करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन का शुभकामना संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने कर्मियों की सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्य अतिथि अनीश सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव, परिश्रम और समर्पण ने संयंत्र को उत्कृष्टता के वर्तमान स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके सुखद, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की कामना की। मई 2026 में बीएसएल से कुल 22 कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिनमें पांच अधिशासी एवं 17 अनाधिशासी कर्मी शामिल हैं। समारोह के दौरान सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सेवाएं) डॉ. नंदा प्रियदर्शिनी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह ने बीएसएल द्वारा अपने अनुभवी मानव संसाधन के योगदान के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को एक बार फिर प्रदर्शित किया।

चैनपुर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

नवप्रदेश/चैनपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चैनपुर प्रखंड के प्रेमनगर के समीप एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब पीकर गाड़ी चलाना) और बिना नंबर प्लेट के चल रहे ट्रैक्टरों सहित कुल 16 मोटरसाइकिल, तीन ट्रैक्टर और एक पिकअप वैन का चालान काटा गया। समाचार लिखे जाने तक जांच अभियान और चालान काटने की प्रक्रिया जारी थी।मौके पर मौजूद मोटरयान निरीक्षक गुमला, प्रदीप कुमार तिर्की ने बताया कि वे चैनपुर में विशेष वाहन चेकिंग के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा ₹आजकल आए दिन क्षेत्र में कई दर्दनाक दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि लोग नशे में गाड़ी चला रहे हैं और हेलमेट नहीं पहनते हैं। जब भी टक्कर होती है, सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण लोगों की जान चली जाती है। हमारा मकसद इन मौतों को रोकना है, इसीलिए यह विशेष अभियान चलाया गया है।₹सड़क सुरक्षा मैनेजर प्रभाष कुमार ने युवाओं और बाइक चालकों से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए एक बेहद महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि यहाँ सड़क नई बनी है, जिससे वाहनों की रफ्तार तेज रहती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा ₹अगर दो गाड़ियों में टक्कर होती है, तो सबसे पहले सिर क्षतिग्रस्त होता है। सिर की गंभीर चोट का इलाज न तो चैनपुर में है और न ही गुमला में; इसके लिए मरीज को सीधे रांची रेफर करना पड़ता है।

घाघरा में 100 दिवसीय टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत शिविर का आयोजन

नवप्रदेश/घाघरा (गुमला)। भारत सरकार के सौ दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत घाघरा प्रखंड के जिलिंग सीरा गाँव में शनिवार को विशेष आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी की शीघ्र पहचान, रोकथाम और ग्रामीणों को आवश्यक जांच एवं उपचार से जोड़ना है। शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा संभावित लोगों के सीने का एक्स-रे किया गया एवं संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों को आवश्यक परीक्षण और इलाज के लिए नोडल स्वास्थ्य केन्द्र से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का रक्तचाप, रक्त शर्करा, ऊंचाई और वजन की जांच भी की गई, जिससे उनकी स्वास्थ्य की स्थिति का पता लगाया जा सके। जांच के बाद उन्हें परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बीमारीयो का समय पर पता लगाकर उसका उपचार सुनिश्चित कराना साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान बनाना है। शिविर के सफल संचालन में वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अमित कुमार प्रसाद, एक्स-रे टेक्निशियन संतोष कुमार ठाकुर, बीटीटी सीमा देवी, सहिया साथी अनिता देवी, पर्वत देवी, निपा देवी, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

प्रेम प्रसंग में किशोर-किशोरी ने खाया कीटनाशक, किशोरी की मौत, युवक का इलाज जारी

नवप्रदेश/घाघरा (गुमला)। घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक किशोर और किशोरी ने कथित रूप से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने किशोरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। हालांकि रांची पहुंचने से कुछ पहले पिस्का के समीप रास्ते में ही किशोरी की मौत हो गई। वहीं किशोर का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। मामले में मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि 25 मई को दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव का ही एक किशोर उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया था। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। 29 मई की शाम करीब सात बजे किशोरी सरनाटाड़ स्थित एक कमरे में बेहोशी की हालत में मिली। इसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया। पुलिस के अनुसार उपचाररत किशोर ने बताया है कि दोनों ने सब्जियों में इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवा का सेवन किया था। हालांकि दोनों ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है।

बेरमो में 3.55 टन अवैध कोयला जब्त,

नवप्रदेश/बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो थाना क्षेत्र में कोयला माफियाओं के खिलाफ सीआईएसएफ ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है।गोपनीय सूचना के आधार पर 30 मई शनिवार को सीआईएसएफ कमांडेंट राज प्रताप सिंह के निर्देश पर सीसीएल परियोजना के बी.एण्ड के. एरिया एवं ढोरी एरिया में कोयला चोरी और अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।सीआईएसएफ की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय कोयला चोरों एवं अवैध कारोबारियों में भारी दहशत है। इसी क्रम में खासमहल एरिया के प्रदीप होटल के पास चलाए गए विशेष अभियान में लगभग 2.04 टन अवैध कोयला बरामद कर सीसीएल प्रबंधन को सुपूर्द किया गया।वहीं ढोरी एरिया के कारीपानी के एनएसडी चेक पोस्ट के पास से 0.51 टन और अमलो चेक पोस्ट से दिन दयाल चौक के पास से लगभग 0.89 टन अवैध कोयला बरामद हुआ। इस तरह कुल 3.55 टन कोयला जब्त कर सीसीएल को सौंपा गया।उक्त छापेमारी दल में निरीक्षक शिला टोपो, सुनील कुमार,सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी,धर्मेंद्र प्रसाद, राहुल प्रधान, आरक्षक प्रताप शंकर,वी के सोनकर,आरक्षक महिपाल सिंह और उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

अंजुमन इदरीसिया पंचायत लोहरदगा ने कॉमर्स में स्कूल टॉपर अकलीमा हैदर को किया सम्मानित



नवप्रदेश/गुमला। इंटरमीडिएट वाणिज्य परीक्षा में +2 नदिया हिंदू हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा अकलीमा हैदर को अंजुमन इदरीसिया पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया।अकलीमा हैदर, पिता मो. गुलाम हैदर, निवासी थाना टोली, की इस शानदार उपलब्धि पर पंचायत के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें फूल-माला एवं देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अंजुमन इदरीसिया पंचायत के सेक्रेटरी मो. एकरामूल हक (राजा) ने कहा अकलीमा हैदर जैसी बेटियों की सफलता वाकई पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है। यह न केवल शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है, बल्कि दूसरी लड़कियों के लिए भी आगे बढ़ने और कुछ बड़ा हासिल करने के रास्ते खोलती है। लोहरदगा और पूरे समाज को अकलीमा हैदर जैसी होनहार बेटियों पर गर्व है। उम्मीद है कि उनकी यह यात्रा आगे भी इसी तरह शानदार रहेगी और वे सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेंगी। सदर मो. इस्तियाक ने कहा कि अकलीमा हैदर की सफलता किसी भी समाज के लिए शिक्षा और सफलता के क्षेत्र में आगे बढ़ना गर्व की बात होती है। अकलीमा हैदर जैसी होनहार प्रतिभाओं की सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं में एक नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा करती है। ऐसी सराहना विद्यार्थियों का मनोबल और बढ़ाती है।सम्मान समारोह में पंचायत के सदर मो. इस्तियाक साहब, सेक्रेटरी मो. एकरामूल हक, मो. गुलाम मुरतुजा खलीफा, मो. फिरोज अख्तर, मो. तबरेज आलम, मो. साहबाब खलीफा, मो. सरफुद्दीन खलीफा, मो. हसनैन खलीफा, मो. अशफाक खलीफा, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अकलीमा हैदर की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा लोगों ने उन्हें लगातार बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।

भरनो के कुसुम्बाहा मोड़ के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल,रिम्स रेफर

नवप्रदेश/भरनो (गुमला)। एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्बाहा बाजार के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार गुमला की ओर से रांची जा रहे एक पिकअप वाहन ने सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया।वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया,लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।घायल की पहचान भरनो प्रखंड के सिंगरौली गांव निवासी एतवा उरांव (40 वर्ष) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि एतवा उरांव अपने ससुराल मोरगांव से अकेले बाइक चलाकर अपने घर लौट रहे थे।

फुसरो : अवैध कोयला विवाद में महिला की मौत, दीनदयाल चौक पर शव रख सड़क जाम

नवप्रदेश/फुसरो (बोकारो)। फुसरो के 5 नंबर धौड़ा क्षेत्र में शनिवार को अवैध कोयला कारोबार से जुड़ा एक आपसी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस विवाद के दौरान एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने शव को फुसरो के मुख्य दीनदयाल चौक पर रखकर सड़क जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप था और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं।

क्या है पूरा मामला?

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फुसरो के 5 नंबर धौड़ा इलाके में पिछले कुछ समय से अवैध कोयले के वर्चस्व को लेकर दो गुटों में तनाव चल रहा था। शनिवार को यह विवाद अचानक उग्र हो गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी धक्का-मुक्की और मारपीट के बीच धौड़ा निवासी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दीनदयाल चौक को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

अवैध कोयला खेल में संलिप्त सफेदपोशों पर कानूनी कार्रवाई हो। पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा और सुरक्षा दी जाए। यात्रियों को भारी परेशानीः मुख्य चौक जाम होने के कारण बोकारो-रामगढ़ मार्ग पर गाड़ियों के पहिए थम गए हैं। बस, ऑटो और मालवाहक ट्रकों की लंबी लाइनें लग गई हैं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को तपती गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी दीनदयाल चौक पर पहुंच चुके हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा आक्रोशित लोगों को समझाने और जाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा और लिखित शिकायत के आधार पर दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खोरठा साहित्यकार सुकुमार पंचतत्व में विलीन

नवप्रदेश/नावाडीह। बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भेंडरा के जाने माने खोरठा साहित्यकार सुकुमार शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। भेंडरा के जमुनिया नदी स्थित मुक्तिधाम में सुकुमार का अंतिम संस्कार हुआ। उनके बेटे कुणाल कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। सुकुमार का निधन गुरुवार को रात्रि में ही हो गया था। वेल्लौर से बिना ईलाज कराए लौटते वक्त भुनेश्वर (उड़ीसा) में गुरुवार रात्रि को उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत से परिजनों और उनके चाहने वालों में शोक का माहौल है। शुक्रवार को रात्रि में उनका शव भेंडरा स्थित आवास पर पहुंचा। जहां एक झलक देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रातभर शव घर में रहने के बाद शनिवार को सुबह लगभग 10 बजे अंतिम यात्रा निकाली गयी। जिससे काफी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व भेंडरा मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा व गोपाल विश्वकर्मा ने की।'सुकुमार' के निधन पर साहित्य जगत में शोक की लहर है। इस दौरान पूर्व मंत्री बेबी देवी, विधायक मथुरा महतो, प्रमुख पूनम देवी, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद, फूलमती, बीडीओ प्रशांत, आजसू नेत्री यशोदा, पत्रकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों आदि ने दिवंगत सुकुमार के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए इसे साहित्यिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया है।

बीएसएल प्लांट के चर्चित डीजीएम कर्नल शेखावत के बेटी को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

नवप्रदेश/बोकारो। बोकारो जिले में दिवंगत दीया शेखावत की 23वीं जन्मतिथि को लेकर कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित फ्लावर गार्डन स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित लोगों ने 2 मिनट मौन धारण कर दीया शेखावत को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में दीया के पिता बीएसएल प्लांट के सुरक्षा विभाग के चर्चित डीजीएम कर्नल आर एस शेखावत उपस्थित रहे।इस अवसर पर फ्लावर गार्डन स्कूल की प्रिंसिपल ललिता कुमारी, जूम कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर अरशद अली, समाजसेवी शेर मोहम्मद अंसारी, इमदाद अंसारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्कूल के विद्यार्थियों ने कर्नल शेखावत को गुलाब देकर भव्य स्वागत किया।प्रिंसिपल ललिता कुमारी ने कर्नल शेखावत को आम का पौधा भेंट किया।कर्नल शेखावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी 16 वर्षीय पुत्री दीया शेखावत की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु का दर्द साझा किया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि ड्राइवर की लापरवाही और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण उनकी बेटी को जान गंवानी पड़ी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें, ताकि कोई और बच्चा अपनी जान न गंवाए। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संवाद किया, उनके सपनों के बारे में पूछा और मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्कूल की शिक्षा व्यवस्था के लिए 2100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। यहाँ यह स्पष्ट किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने के कारण बोकारो जिला में हर महीने सड़क हादसा हो रहा है और अपनी जान गंवा रहा है। अब इस मिशन के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। मिशन को जून माह तक और विस्तार देने की योजना है।

इस अवसर पर जागरूकता कैसे फैलाई जाए, इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श भी किया गया। आंदोलनकारी नेता सह चंदाहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जीतून अंसारी, समाजसेवी मुजफ्फर हुसैन अंसारी, उमेश कुमार महतो और अन्य स्थानीय लोगों ने इसमें सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है। चंदाहा मुखिया शबनम खातून और मजदूर नेता जीतून अंसारी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद सार्थक बताया।

रांगामाटी में जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन

नवप्रदेश/कसमार (बोकारो)। सहयोगिनी संस्था द्वारा दुगार्पुर पंचायत के रांगामाटी गांव में किशोरी समूह की पीयर लीडर्स, किशोरियों एवं युवा महिलाओं के लिए जीवन कौशल (लाइफ स्किल) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में गांव की किशोरियों एवं युवा महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा प्रभावी संवाद क्षमता का विकास करना था, ताकि वे जीवन की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकें और समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने किया। उन्होंने जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए टीमवर्क, प्रभावी संचार, नेतृत्व विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त साधन भी है।

इस अवसर पर सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर एवं टांगटोना पंचायतों के 19 गांवों में किशोरियों के नेतृत्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, लैंगिक समानता तथा बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से किशोरियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और समाज में सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने-अपने गांवों में बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक भेदभाव एवं हिंसा जैसी सामाजिक समस्याओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने में सक्षम बनती हैं।

डीईओ ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

नवप्रदेश/बोकारो। शनिवार को कैंप-दू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (अजय नाथ झा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति तथा विधिक मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के समय अधिकारियों ने ईवीएम की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं की जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य है और मशीनों की सुरक्षा व क्रियाशीलता संबंधी प्रतिवेदन नियमित रूप से मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को भेजा जाता है। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिया कि समुचित प्रतिवेदन तैयार कर समय पर विभाग को प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

तंबाकू मुक्त गिरिडीह की दिशा में प्रशासन सख्त जनजागरूकता और कार्रवाई पर उपायुक्त का जोर

नवप्रदेश/गिरिडीह। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला तंबाकू नियंत्रण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं और किशोरों को तंबाकू की लत से बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन और नगर निकाय सहित सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध कानून (कोटपा-2003) का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में गुटखा, पान मसाला, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है और इस नियम का कड़ाई से पालन कराया जाए। बैठक में तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष छापेमारी दल गठित करने का भी निर्देश दिया गया। इस दल में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फूड इंस्पेक्टर तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शामिल कर नियमित जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाने की बात कही गई। विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित जांच अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पंचायत स्तर तक तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से नशामुक्ति एवं तंबाकू त्याग संबंधी परामर्श सेवाओं को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित जागरूकता अभियानों, छापेमारी और प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू निषेध संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: पुराना जेल परिसर के पीछे बनी 45 दुकानों पर चला बुलडोजर



नवप्रदेश/गिरिडीह। शहर के टावर चौक से कल्याणडीह फोरलेन मार्ग स्थित पुराना जेल परिसर के पीछे नगर निगम द्वारा निर्मित 45 दुकानों को शनिवार को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। नगर निगम की टीम जेसीबी मशीनों की सहायता से दुकानों को हटाने में जुटी हुई है। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दंडाधिकारी, नगर निगम के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात हैं। जानकारी के अनुसार, इन दुकानों को लेकर पहले भी नगर निगम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी, जिसका प्रभावित दुकानदारों ने जोरदार विरोध किया था। दुकानदारों ने कार्रवाई के खिलाफ धरना, अनशन और भूख हड़ताल जैसे आंदोलन भी किए थे। इस मुद्दे को लेकर लंबे समय तक विवाद और गतिरोध की स्थिति बनी रही थी। शनिवार को नगर निगम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए दुकानों को पूरी तरह हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। जेसीबी मशीनों से एक-एक कर सभी दुकानों को तोड़ा गया। प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई को लेकर प्रभावित दुकानदारों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के तहत की जा रही है। नगर निगम की इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। मौके पर सहायक नगर आयुक्त अशोक हंसदा, दंडाधिकारी विनोद सिंह, अर्बन प्लानर मंजूर आलम सहित निगम कर्मी और पुलिस जवान मौजूद थे।

जरमुंडी में JSLPS द्वारा आयोजित तीन दिवसीय IELA प्रशिक्षण का सफल समापन

नवप्रदेश/दुमका। JSLPS द्वारा सामुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र, जरमुंडी में आयोजित तीन दिवसीय **Individual Enterprises Loan Application (IELA)** प्रशिक्षण का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 28 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंडों से आईं वित्त सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यक्तिगत उद्यम ऋण आवेदन की प्रक्रिया, लाभुकों की पहचान, दस्तावेजों के सत्यापन तथा बैंक ऋण से जोड़ने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण का संचालन NRP डॉ. अजीत कुमार एवं नवलकिशोर सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने वित्त सखियों को IELA से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षित किया। समापन अवसर पर खरछढर दुमका के कौशिक मंडल, बीपीएम रवि कुमार श्रीवास्तव, बीपीएम जामा मिन्नती सिंह, क्लस्टर कॉर्डिनेटर अमित झा, एमआईएस राकेश कुमार सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

सलैया रेलवे स्टेशन रोड चौड़ीकरण का रास्ता साफ, रेलवे से मिली एनओसी

नवप्रदेश/गिरिडीह। पचंबा क्षेत्र स्थित सलैया रेलवे स्टेशन पथ के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए रेलवे विभाग द्वारा आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एनओसी मिलने की खबर से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सलैया रेलवे स्टेशन रोड की जर्जर स्थिति के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को लंबे समय से आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पचंबा के युवाओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार सड़क निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश कुमार जालान ने जनवरी 2026 में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। पत्र में पथ निर्माण विभाग, गिरिडीह द्वारा भेजे गए प्रस्ताव और सड़क की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए रेलवे से शीघ्र एनओसी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने 7 मई 2026 को डीआरएम, धनबाद को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने और एनओसी जारी कराने का अनुरोध किया।

सरायकेला-खरसावां में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन की मजबूती का मंत्र

नवप्रदेश/सरायकेला। भारतीय जनता पार्टी की सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से शनिवार को खरसावां स्थित आकर्षणी गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत हुई।कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रशिक्षण वर्ग में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई।इसके बाद वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। उद्घाटन सत्र में उपस्थित नेताओं ने भाजपा की वैचारिक विरासत और संगठनात्मक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और वर्ष 2027 में प्रस्तावित पंचायत चुनावों में भाजपा कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है, लेकिन सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक चुनौतियां अभी भी देश के सामने मौजूद हैं। इन चुनौतियों का मुकाबला मजबूत राष्ट्रवाद, संगठनात्मक शक्ति और जनता के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से ही किया जा सकता है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन कुल आठ सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और कार्यकर्ता दायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

एसपी ने किया चौका थाना का निरीक्षण

नवप्रदेश/ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने शनिवार को चौका थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में दर्ज विभिन्न मामलों का जानकारी लिए, मामलों का निष्पादन, फाइलों का रख रखाव, दैनिक गस्ती,मामले का संधारण,लंबित मामलों आदि के संबंध में निरीक्षण किए। करीब तीन घंटे तक विभिन्न फाइलों का निरीक्षण किए। एसपी निधि द्विवेदी ने नये कानून के संबंध में भी थाना के पुलिस पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी दिए। उन्होंने माल खाना, महिला, पुरुष हाजत, कार्यालय कक्ष, स्वागत कक्ष आदि का भी अवलोकन किए। वहीं उन्होंने थाना प्रभारी सोनु कुमार को लंबित मामलों का अतिशीघ्र निष्पादन करने, वारंटियों के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने सहित कई निर्देश भी दिए। उन्होंने बच्चा चोर अफवाह,डायन विसाही,बाल विवाह आदि के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का भी निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि चौका थाना का निरीक्षण किया गया।

ट्रैक्टर सहित खाई में गिरने से चालक की हुई मौत

नवप्रदेश/दुमका। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशबोना रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के खाई में पलट जाने से उसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चालक ट्रैक्टर से खेतों की जुताई करने के बाद वापस भुक्तानडीह लौट रहा था। इसी दौरान कुशबोना रोड पर शिकारीपाड़ा कॉलेज मोड़ के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक और ट्रैक्टर मालिक दोनों ही भुक्तानडीह गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह दुर्घटना बीते दिन देर शाम की है। रात के अंधेरे और सुनसान जगह होने के कारण किसी को इस हादसे की भनक नहीं लग सकी। आज सुबह जब स्थानीय ग्रामीण मॉर्निंग वॉक के लिए घर से बाहर निकले, तब उन्होंने खाई में पलटे ट्रैक्टर और चालक के शव को देखा। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों को मिली, घटना की सूचना मिलते शिकारीपाड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक का माहौल है।

गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज के नाम सियासत

पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन का अल्टीमेटम

नवप्रदेश/दुमका। झारखंड के दुमका में गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज के नाम को लेकर विवाद शुरू हो गया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता चम्पाई सोरेन ने गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज के नाम पर एतराज जताया है। चम्पाई सोरेन ने गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर फूलो झानो मुर्मू मेडिकल कॉलेज रखने की मांग की है। श्री सोरेन ने कॉलेज प्रबंधन को 30 जून तक अल्टीमेटम दिया है और दो टूक में कहा कि अगर 30 जून तक गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज का नाम नहीं बदला गया है तो वो यहाँ के मांझी हड़ाम के साथ मिलकर गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज मिटाकर फूलो झानो मुर्मू मेडिकल कॉलेज नाम रखेंगे। चम्पाई सोरेन शुक्रवार को गवर्मेन्ट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज पहुंचे और वहां का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से जुड़ी एजेंसी के अधिकारियों से उन्होंने इस संदर्भ में बातचीत भी की है। हमारे महापुरुष के नाम का अतिक्रमण हुआ है। गौरतलब है कि फूलो झानो मुर्मू संथाल हूल के महानायक सिदो कान्हू मुर्मू की बहन थी। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सिदो कान्हू फूलो झानो मुर्मू की प्रमुख भूमिका रही थी। बता दे कि 30 जून को संथाल परगना सहित पूरे झारखंड में हूल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

एक नजर

उदय सिंह हत्याकांड का खुलासा: दोस्त ही निकला कातिल, 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार



नवप्रदेश/छतरपुर (पलामू)। छतरपुर थाना क्षेत्र के चिल्लो खुर्द निवासी 50 वर्षीय उदय सिंह हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की हत्या उसके ही परिचित ने पैसों के विवाद में धारदार हथियार से की थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 28 मई 2026 को उदय सिंह की हत्या की सूचना मिलने के बाद छतरपुर थाना कांड संख्या 83/2026, धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र यादव (40 वर्ष), निवासी छतरपुर थाना क्षेत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, घटना के समय पहने गए कपड़े तथा हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (नंबर JH03AW5683) बरामद की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपी के बीच घनिष्ठ मित्रता थी। दोनों के बीच पैसों का लेन-देन चलता था। कुछ माह पूर्व आरोपी ने मृतक से 25 हजार रुपये उधार लिए थे और बाद में 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि मृतक द्वारा गाली-गलौज किए जाने से आक्रोशित होकर सुरेंद्र यादव ने योजनाबद्ध तरीके से उदय सिंह की हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ छतरपुर, थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

JARL कंपनी पर सरकारी भूमि और नदी-नालों पर अतिक्रमण का आरोप

नवप्रदेश/चतरा। आम्रपाली से सीएचपी तक कोयला ढुलाई का टेंडर समाप्त होने के बाद JARL कंपनी पर कबरा पंचायत क्षेत्र में सरकारी गैरमजरूआ भूमि, नदी-नाला एवं सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर अतिक्रमण कर नियम विरूद्ध निजी कोयला ढुलाई सड़क निर्माण करने का आरोप लगा है। इसको लेकर पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी प्रशासनिक निदेशों की अनदेखी करते हुए क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में कथित अवैध सड़क निर्माण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद कंपनी और उसके गुर्गे चोरी-छिपे क्षेत्र में सक्रिय होकर नदी-नालों एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं रोका गया तो क्षेत्र की प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होगी तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचेगा।

ट्विटर पर विधायक उज्जवल दास ने लिया संज्ञान, चतरा डीसी को जांच व कार्रवाई का निर्देश

नवप्रदेश/चतरा। कबरा पंचायत क्षेत्र में कथित अवैध कोयला ढुलाई सड़क निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) पर संज्ञान लेते हुए चतरा उपायुक्त (डीसी) को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खअफछ कंपनी द्वारा कोयला ढुलाई सड़क निर्माण के लिए बाहरी बाउंसरों को बुलाया गया है। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी ने करीब दो दर्जन बाउंसरों को क्षेत्र में तैनात कर भय और तनाव का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों के अनुसार बाउंसरों की मौजूदगी से लोगों में दहशत व्याप्त है और प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकताओं का यह भी कहना है कि संबंधित सड़क निर्माण को लेकर किसी प्रकार की अधिसूचना या स्वीकृति की जानकारी स्थानीय कार्यालयों को विभागीय स्तर पर प्राप्त नहीं हुई है।

एनसीसी और उसके सहायकों के विरुद्ध 5 जून से आंदोलन की तैयारियों में जुटा दूसरा मोर्चा

नवप्रदेश/चतरा। आम्रपाली के शिवपुर रेलवे साइडिंग में विस्थापित -प्रभावित हाण्डु व अन्य गांवों के रैयत 5 जून से जोरदार धरना- प्रदर्शन करने की तैयारी में जुटे हैं। कोयले की ढुलाई कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसी, वेरिएंट और एवीएस के विरुद्ध ग्रामीण आक्रोशित हैं। दरअसल, कल आंदोलन करने वाले परशान के रैयतों से चंद घंटे में हीं प्रबंधन ने वार्ता करके मामले को शांत करा दिया जबकि हांडू के रैयतों के अल्टिमेटम पर फिलहाल कहीं से कोई भी सुगबुगाहट नहीं होने के कारण वे आक्रोशित हैं। रोजी रोजगार देने के मामले में अब कुनीतियों के कारण एनसीसी यहां चौतरफा घिरता हीं जा रहा है। दरअसल, नौकरी दिलाने वाले सिंडिकेट के सरगना द्वारा संबंधित लोगों से सांठगांठ कर बड़े पैमाने पर बाहरी लोगों को नियोजित कराने के सनसनीखेज आरोप लगाये जाते हैं। इसी सिंडिकेट के रहमो-करम पर काफी ऐसे भी लोग शामिल हो चुके हैं जो सिर्फ विस्थापित -प्रभावित होने का झूठा दावा करते हैं।

कुंद्रिलोंग गांव में सीतामनी नायक का आंगनवाड़ी सेविका पद पर हुआ चयन

नवप्रदेश/ईचागढ़। प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ पंचायत अंतर्गत कुंद्रिलोंग गांव में शनिवार को आंगनवाड़ी सेविका चयन हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में कुल तीन महिलाओं ने सेविका पद हेतु आवेदन जमा किया। वही महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी ने बताया कि कुंद्रिलोंग गांव अनुचित जाति बहुल क्षेत्र होने के कारण सेविका पद हेतु अनुसूचित जाति के ही अभ्यर्थी को चयन किया गया। उन्होंने बताया कि आम सभा में कुल तीन अभ्यर्थी द्वारा आवेदन जमा किया गया था। जिसमें चयन समिति के द्वारा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी सीतामनी नायक का सेविका पद हेतु चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कागजातों का जाँच कर अनुमोदन हेतु उप विकास आयुक्त के कार्यालय भेजा जाएगा उसके बाद ही चयन संबंधी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ एकता वर्मा, महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, ममता बिन्हा, मुखिया रागिनी उरांव,मध्य विद्यालय कुंद्रिलोंग के प्रधानाध्यापक लालमोहन महतो,एएनएम किरण कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

सराइकेला और चांडिल में मासिक लोक अदालत से त्वरित राहत, 1.08 लाख राजस्व अर्जित

नवप्रदेश/सरायकेला। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार तथा रामाशंकर सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरायकेला-खरसावां के मार्गदर्शन में और अनामिका किस्कू, सिविल जज (वरिष्ठ विभाग)-सह-न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-सह-सचिव, डीएलएसए, सेराइकेला (प्रभारी) के पर्यवेक्षण में मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन सेराइकेला सिविल कोर्ट और चांडिल अनुमंडलीय न्यायालय में किया गया। इस लोक अदालत में कुल 10 पीठों का गठन किया गया, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी और पैनल अधिवक्ता शामिल थे। इनके साथ-साथ न्यायालय के कर्मचारी भी सहयोग कर रहे थे। विभिन्न विभागों जैसे जेवीबीएनएल (विद्युत विभाग), अवकारी विभाग तथा माप उपकरण विभाग के अधिकृत अधिकारी भी मामलों के निपटारे हेतु उपस्थित रहे। ये लोक अदालतें प्रत्येक माह, सामान्यत: महीने के अंतिम शनिवार को आयोजित की जाती हैं और इसका वार्षिक कार्यक्रम वर्ष की शुरूआत में ही झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी कर दिया जाता है। इस मासिक लोक अदालत में कुल 18 मामलों का निपटारा किया गया, जिससे ?1,08,000/- का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें से 11 मामले विद्युत अधिनियम से संबंधित थे, जिनसे ?64,000/- का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि शेष 7 मामले आबकारी अधिनियम से संबंधित थे, जिनसे ?44,000/- का राजस्व प्राप्त हुआ। यह आयोजन एक बार फिर साबित करता है कि लोक अदालतें न केवल लंबित मामलों को कम करने में सहायक हैं, बल्कि त्वरित न्याय दिलाने और विभागीय राजस्व सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

जीडी बागेड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न

नवप्रदेश/गिरिडीह। जीडी बागेड़िया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट-1 के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल टूनामेंट सीरीज का फाइनल मुकाबला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। टूनामेंट के लीग मैच 25 मई 2026 को चार टीमों के बीच आयोजित किए गए थे, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम माउंट एवरेस्ट और टीम कंचनजंघा ने फाइनल में प्रवेश किया, जबकि टीम विवेकानंद तीसरे स्थान पर रही। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच तीन सेटों का रोमांचक संघर्ष देखने को मिला।

खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः टीम कंचन जंघा ने 3-0 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अजय बागेड़िया एवं नील रतन खेतान उपस्थित रहे। विजेता टीम को अध्यक्ष अजय बागेड़िया के हाथों 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में प्रशिक्षु प्रवीण भारती को 5 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को भी ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। अध्यक्ष अजय बागेड़िया ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से छात्र-छात्राओं को मोबाइल के दुष्प्रभावों से दूर रखने में मदद मिलती है। इससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा आपसी सद्भाव और टीम भावना का भी विकास होता है।

प्राचार्य डॉ. अनिल प्रसाद कुशवाहा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ सहगामी गतिविधियों के आयोजन से छात्रों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनएसएस प्रभारी वंदना चौरसिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिकता और सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का सफल आयोजन खेल समन्वयक अरनब सामंता के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में नरेश यादव ने रेफरी तथा प्रकाश वर्मा ने कमेंटेटर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रश्मि कुमारी, बीना झा, माधुरी कुमारी, रजनी कुमारी, अमित कुमार, अशोक पटेल, मृत्युंजय मिश्रा, पंकज गुछैत, अमित कुमार, सोनी कुमारी सहित सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के सभी छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

संपादकीय

ट्रंप की घबराहट

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में यह टकराव लगातार अधिक तीखा होता गया है। अमेरिकी नेतृत्व बार-बार ईरान को चेतावनी देता रहा है कि यदि परमाणु कार्यक्रम या क्षेत्रीय गतिविधियों को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ, तो सैन्य विकल्प अपनाए जा सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख भी ईरान के प्रति काफी आक्रामक रहा है। हालांकि अमेरिका और उसके सहयोगी कई बार हवाई हमले तथा सैन्य दबाव की रणनीति अपनाते रहे हैं, लेकिन अब तक ईरान के खिलाफ व्यापक जमीनी युद्ध शुरू करने से बचते रहे हैं। यह स्थिति एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करती है कि आखिर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकत ईरान पर सीधे जमीनी हमले से क्यों हिचक रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सबसे बड़ा कारण संभावित युद्ध की भारी कीमत है। ईरान केवल एक छोटा या कमजोर देश नहीं है, बल्कि उसके पास बड़ी सेना, प्रशिक्षित सुरक्षा बल और क्षेत्रीय सहयोगियों का मजबूत नेटवर्क है। यदि अमेरिका जमीनी हमला करता है, तो यह संघर्ष लंबे समय तक चल सकता है। ऐसी स्थिति में अमेरिकी सैनिकों की बड़ी संख्या में हताहत होने की आशंका रहेगी, जिससे घरेलू राजनीति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिकी जनता पहले ही लंबे विदेशी युद्धों से थक चुकी है और किसी नए युद्ध के प्रति उत्साह नहीं दिखाती। अमेरिका के रणनीतिकारों को यह भी चिंता है कि ईरान के खिलाफ युद्ध कहीं वैसा ही जटिल रूप न ले ले, जैसा रूस के लिए यूक्रेन संघर्ष साबित हुआ है। रूस ने अपनी सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद अपेक्षित तेजी से सफलता हासिल नहीं की और युद्ध लंबा खिंच गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आधुनिक युद्धों में केवल सैन्य शक्ति ही निर्णायक नहीं होती, बल्कि भूगोल, स्थानीय समर्थन और दीर्घकालिक संसाधन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईरान का विशाल भूभाग और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां किसी भी बाहरी सेना के लिए बड़ी चुनौती बन सकती हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय समीकरण हैं। ईरान के रूस तथा अन्य देशों के साथ संबंध अमेरिका की चिंताओं को बढ़ाते हैं। कैस्पियन सागर क्षेत्र और उससे जुड़े जमीनी मार्ग संकट के समय ईरान को बाहरी सहायता उपलब्ध कराने में सहायक हो सकते हैं। यदि संघर्ष लंबा चलता है, तो अमेरिका के लिए इन संपर्क मार्गों को पूरी तरह रोक पाना आसान नहीं होगा। इससे युद्ध और अधिक जटिल तथा महंगा बन सकता है। स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य शक्ति पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन केवल शक्ति होना युद्ध जीतने की गारंटी नहीं देता। ईरान के खिलाफ संभावित जमीनी युद्ध में राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य जोखिम इतने बड़े हैं कि वाशिंगटन फिलहाल दबाव और कूटनीति के मिश्रण को प्राथमिकता देता दिखाई देता है। यही कारण है कि धमकियों के बावजूद अमेरिका अब तक सीधे युद्ध के रास्ते पर आगे बढ़ने से बचता रहा है।

क्या हम अपने किशोरों को समझ पा रहे हैं, एक सवाल जो पूरे समाज से है

डॉ निवेदिता शर्मा

यदि कहीं भी लगता है, कुछ भी गलत हो रहा है, यदि कहीं अंदर अवसाद या नकारात्मकता स्वयं पर हावी हो रही है तो बाल आयोग से सीधे संपर्क किया जा सकता है। प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी ने अनेक योजनाएं मप्र के बच्चों के हित में चलायी हुई हैं, बच्चे और उनके अभिभावक दोनों ही अपने अनुरूप उन योजनाओं का लाभ उठाएं।

भोपाल में 17 वर्षीय बेटी ओजस्वी द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। एक होनहार बच्ची, एक संवेदनशील बेटी, जिसने अपने अंतिम शब्दों में सिर्फ इतना लिखा- सॉरी मम्मी-पापा, मैं अच्छी बेटी नहीं बन सकी। अब इसे हम क्या कहें? वास्तव में यह एक परिवार का दुख नहीं है, यह तो आधुनिक समाज की उस विफलता का प्रतीक है, जहां बच्चे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले ही भीतर टूटने लगते हैं। आज हर माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखता है, किंतु इस दौड़ में हम यह भूल जाते हैं कि बच्चों का मन भी होता है, उनकी भावनाएं भी होती हैं और उनकी सहन करने की क्षमता भी सीमित होती है। भोपाल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि यदि समय रहते बच्चों की मानसिक स्थिति को नहीं समझा गया, तो हम प्रतिभाशाली पीढ़ी को खोते रहेंगे।

भावनात्मक संघर्ष का कठिन दौर किशोरावस्था

जीवन का सबसे संवेदनशील समय 13 से 19 वर्ष की आयु माना जाता है। यही वह अवस्था है जब बच्चे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों से गुजरते हैं। वे स्वयं को पहचानने की कोशिश करते हैं, अपनी जगह तलाशते हैं और लगातार तुलना के दबाव में रहते हैं। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन के अध्ययन के अनुसार भारत में 13 से 17 वर्ष की आयु के हर चार में से एक बच्चा डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहा है। यह आंकड़ा देखा जाए तो उन लाखों

बच्चों की खामोश पीड़ा है जो अंदर ही अंदर टूट रहे हैं।

आज का बच्चा बचपन से ही प्रतियोगिता में धकेल दिया जाता है। स्कूल में अच्छे अंक, कोचिंग का दबाव, प्रतियोगी परीक्षाएं, करियर की चिंता और दूसरों से बेहतर बनने की होड़ बच्चों को मानसिक रूप से थका रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ठउफ्ब्) के आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में छात्र आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 में जहां 8423 छात्रों ने आत्महत्या की थी, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 13,892 हो गई। यह आंकड़ा बताता है कि शिक्षा का दबाव अब प्रेरणा न होकर भय का कारण बनता जा रहा है।

Sapien Labs की ग्लोबल माइंड हेल्थ रिपोर्ट 22025 के अनुसार भारत के युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य लगातार कमजोर हो रहा है। 18 से 34 वर्ष के युवाओं का Mind Health Quotient काफी कम पाया गया। इसका अर्थ है कि नई पीढ़ी तनाव, भावनाओं और रिश्तों को संभालने में संघर्ष कर रही है।

डांट से अधिक संवाद है जरूरी

बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है उनके मन को समझना। कई बार माता-पिता अनजाने में बच्चों पर अत्यधिक अपेक्षाओं का बोझ डाल देते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चा हर क्षेत्र में श्रेष्ठ हो, लेकिन यह नहीं समझते कि बच्चे भी थकते हैं, डरते हैं और टूटते हैं।उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि असफल होने पर भी परिवार उनका साथ देगा। यदि बच्चा उदास है, चुप रहने लगा है, गुस्सा करने लगा है या अकेले रहना पसंद करने लगा है, तो यह सिर्फ जिद नहीं हो सकती, बल्कि मानसिक तनाव का संकेत भी हो सकता है। दूसरी ओर दुर्भाग्य से अधिकांश स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को अभी भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। स्कूलों में नियमित काउंसलिंग, भावनात्मक शिक्षा, तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वे बच्चों में अवसाद, चिंता और आत्मघाती संकेतों को पहचान सकें। कई बच्चे घर की बजाय स्कूल में अपने मन की बात कहना अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं, इसलिए शिक्षक विषय पढ़ाने के साथ ही संवेदनशील मार्गदर्शक भी होने चाहिए।

समाज की संवेदनहीनता भी जिम्मेदार

आज समाज बच्चों की उपलब्धियों की चर्चा तो करता है, लेकिन उनकी परेशानियों को अक्सर नजरअंदाज कर देता है। यदि कोई बच्चा मानसिक तनाव की बात करे, तो उसे कमजोर, नालायक या ओवरसेंसिटिव कह दिया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर फैला कलंक बच्चों को मदद मांगने से रोकता है। उन्हें डर होता है कि लोग उनका मजाक उड़ाएंगे या उन्हें असफल समझेंगे। यही चुप्पी कई बार घातक बन जाती है। वास्तव में हमें यह समझना होगा कि मानसिक बीमारी भी उतनी ही वास्तविक है जितनी शारीरिक बीमारी। जैसे बुखार होने पर इलाज जरूरी होता है, वैसे ही अवसाद और चिंता की स्थिति में भावनात्मक सहायता और विशेषज्ञ परामर्श जरूरी है।

बच्चों को क्या चाहिए?

बच्चों को महंगे मोबाइल, बड़े स्कूल या केवल सुविधाएं नहीं चाहिएं। उन्हें चाहिए- समय, विश्वास, अपनापन और बिना शर्त प्यार। उन्हें यह भरोसा चाहिए कि वे अपनी गलतियां, डर और कमजोरियां अपने माता-पिता से साझा कर सकते हैं। हर परिवार को दिन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जब सभी सदस्य बिना मोबाइल के एक-दूसरे से बात करें। बच्चों की बातों को बीच में टोकने या जज करने के बजाय धैर्य से सुनना चाहिए। यदि बच्चा लगातार उदास रहता है, आत्महत्या जैसी बातें करता है, पढ़ाई में अचानक गिरावट आती है या व्यवहार बदलने लगता है, तो तुरंत विशेषज्ञ की सहायता लेनी चाहिए। समय पर मदद कई जिंदगियां बचा सकती है। फिर भी यदि कभी किसी बच्चे या युवा के मन में आत्महत्या का विचार आए, तो तुरंत सहायता लें। मप्र में बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु निरंतर बच्चों के हित, सर्वोच्च देखभाल और चिंता के लिए ही कार्यरत है। यदि कहीं भी लगता है, कुछ भी गलत हो रहा है, यदि कहीं अंदर अवसाद या नकारात्मकता स्वयं पर हावी हो रही है तो बाल आयोग से सीधे संपर्क किया जा सकता है। प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी ने अनेक योजनाएं मप्र के बच्चों के हित में चलायी हुई हैं, बच्चे और उनके अभिभावक दोनों ही अपने अनुरूप उन योजनाओं का लाभ उठाएं। यदि कहीं कोई कठिनाई आ रही है तो मप्र बाल संरक्षण आयोग से सीधे https://www.cpcr.mp.gov.in/ पर संपर्क करें। हमारी वेबसाइट पर अनेक बातें एवं सुविधाओं के बारे में जानकारियां दी गई हैं। आप आयोग के ई-मेल mpcpcr@gmÔil.com पर दोस्त निवेदिता के नाम पत्र लिख सकते हैं। दूरभाष 0755-2559900/03/04/05/06 पर संपर्क कर सकते हैं। वेबसाइट पर दिए गए अध्यक्ष एवं सदस्यों के नंबरों पर सीधे फोन लगा सकते हैं। याद रखिए, हर बच्चा अनमोल है और हर जीवन बचाया जा सकता है। फिर कभी कोईझ्र ह्यओजस्वीह्व गले में फंदा न डाले, हम सभी के प्रयास यही होने चाहिए।

मुद्दा

'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर

हर्षवर्धन पान्डे

भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के लिए दुनिया में जाना जाता है। यहाँ अनेक ऐसे योद्धा, शासक, शासिकाओं और वीरांगनाओं ने जन्म लिया है जिनका नाम लोककल्याण जैसे अनेक कार्यों में आज भी गर्व के साथ लिया जाता है। इनमें से अहिल्याबाई होल्कर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। देश में जब भी किसी महिला का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग , राष्ट्रभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर अग्रणी हैं। वे 18वीं शताब्दी की एक ऐसी प्रेरणादायक महिला थी जिनका पूरा जीवन आज समाज के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। होल्कर राजवंश का इतिहास जितना समृद्ध रहा है, उतनी ही अहिल्याबाई होल्कर की विरासत लोककल्याण के कार्यों के लिए जानी जाती है। कुशल प्रशासन एवं कर्तव्यपरायणता जैसे अपने अनेक मानवीय गुणों के कारण अहिल्याबाई होल्कर द्वारा कराये गए अनेक कार्य देश में आज भी बड़े गर्व और आदर के साथ याद किये जाते हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी कहीं कोई समझौता नहीं किया। पूरी कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोककल्याण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध होकर हर पल का सदुपयोग ही किया। शायद यही वजह थी कि समाज के बीच उनकी एक अलग ही विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा थी। भारतीय संस्कृति एवं लोककल्याण के कार्यों के प्रति उन उनका सम्मान का भाव उनके द्वारा किए गए अनेकानेक कार्यों में देखा जा सकता था। हमारी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन हेतु जन -जन को प्रेरित व प्रोत्साहित करना उनका स्वाभाविक गुण था। सचमुच उनका जीवन आज समाज के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन का अविरल स्रोत है। ऐसी महान धर्म प्रेमी, संस्कृति प्रेमी व मानवता प्रेमी कर्मयोगी शासिका के जीवन से आज हर किसी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई, 1725 को अहमदनगर, महाराष्ट्र के गाँव छौंदी में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। एक साधारण से किसान परिवार में जन्मी अहिल्याबाई होलकर छोटी उम्र से ही अपनी संस्कृति पर गर्व करती थी, साथ ही प्रजा में रह रहे आमजनों की पीड़ा की अनुभूति भी करती थी। इनके पिता मनकोजी राव शिन्दे शिवभक्त थे। पिता के संस्कार बालिका अहिल्या पर भी पड़े। उनके पिता मानकोजी शिंदे खुद धनगर समाज से थे, जो गांव के पाटिल की भूमिका निभाते थे। अहिल्याबाई का जीवन भी बहुत साधारण तरीके से गुजर रहा था लेकिन एकाएक किस्मत ने पलटी खाई और वह 18वीं सदी में मालवा प्रांत की रानी बन गई। अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा प्रांत की महारानी बनकर राजमाता के रूप में बड़ी लकीर खींची। युवा अहिल्यादेवी का चरित्र और सरलता ने मल्हार राव होल्कर को भी प्रभावित किया। वे पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर के तौर पर काम करते थे। उन्हें अहिल्या इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने उनकी शादी अपने बेटे खांडे राव से करवा दी। इस तरह अहिल्या बाई एक दुल्हन के तौर पर मराठा समुदाय के होल्कर राजघराने में पहुंची। उनके पति की मौत 1754 में कुंभेर की लड़ाई में हो गई थी। ऐसे में अहिल्यादेवी पर जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने अपने ससुर के कहने पर न केवल सैन्य मामलों में बल्कि प्रशासनिक मामलों में भी रुचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया। शादी के बाद उनका एक पुत्र और एक पुत्री हुई। वहीं कुछ सालों बाद ही अहिल्याबाई के पति का देहांत हो गया। इसके कुछ समय बाद ही 1766 में उनके ससुर मल्हारराव होल्कर की भी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उन्होंने सत्ता को संभालने का भार अपने ऊपर ले लिया। शासन संभालने के कुछ दिनों बाद ही साल 1767 में उनके जवान पुत्र मालेराव की भी मृत्यु हो गई। पति, पुत्र , पुत्री , पुत्रवधू और पिता समान ससुर को खोने के बाद भी उन्होंने जिस तरह साहस और धैर्य से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, वो सराहनीय है।

रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता का एआई के जरिये मुकाबला

चार्वी अरोड़ा

डॉ. स्टिचिन्स्की कहती हैं, निदान के क्षेत्र में एआई, विशेष रूप से मशीन लर्निंग का उपयोग व्यक्तिगत बैक्टीरियल कोशिकाओं को देखने और एंटीबायोटिक्स के संपर्क में आने पर उनके व्यवहार को बहुत प्रारंभिक चरण में समझने के लिए किया जा रहा है, ताकि प्रतिरोध का अनुमान लगाया जा सके।

रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा खतरा अक्सर वही होता है, जो तुरंत दिखाई नहीं देता। एक मरीज संक्रमण के साथ आता है और डॉक्टर सबसे संभावित कारण के आधार पर इलाज शुरू कर देता है लेकिन बैक्टीरिया पहले से ही उन मानक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो सकते हैं, जो मरीज को दी जा रही हैं। इस प्रतिरोध की पुष्टि करने में कई दिन लग सकते हैं और जब तक डॉक्टर प्रयोगशाला की रिपोर्ट का इंतजार करते हैं, संक्रमण उसे रोकने के लिए बनाई गई व्यवस्था की तुलना में तेजी से फैलता रह सकता है। यही खामोश अनिश्चितता रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता या एएमआर को इतना खतरनाक बनाती है। यह केवल एक और बीमारी नहीं है। यह आधुनिक चिकित्सा की बुनियाद को ही कमजोर कर देता है, जिससे सामान्य संक्रमणों का इलाज करना कठिन हो जाता है। यह ऐसी चुनौती भी है, जिसके लिए बेहतर उपकरण, तेजी से जवाब और मजबूत साझेदारियों की आवश्यकता होती है। यहीं पर डॉ. एशले स्टिचिन्स्की की भूमिका आती है। संक्रामक रोग विशेषज्ञ और यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) में मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्टिचिन्स्की, एम्बेसी साइंस फेलोज प्रोग्राम के तहत भारत में हैं, ताकि यह समझा जा सके कि अमेरिका रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता (एएमआर) का आकलन करने और उससे निपटने के क्षेत्रीय प्रयासों में किस प्रकार सहयोग कर सकता है। उनका कार्य वैश्विक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सुरक्षा और नई खोजों के मिलन स्थल पर है, विशेष

रूप से तब, जब अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों का अधिक प्रभावी ढंग से पता लगाने, निगरानी करने और उनसे निपटने के औजार के रूप में आगे बढ़ा रहा है। भारत में डॉ. स्टिचिन्स्की की भूमिका यह पहचानना है कि स्थानीय प्राथमिकताएं क्या हैं और कहां कमियां हैं तथा कहां अमेरिका के साथ सहयोग सार्थक बदलाव ला सकता है। राष्ट्रीय कार्य योजनाएं पहले से मौजूद हैं, लेकिन तेज निदान, मजबूत निगरानी और बड़े पैमाने पर लागू किए जा सकने वाले तकनीकी समाधानों की आवश्यकता अभी भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है।

रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता के बढ़ते स्तर ने इसे वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। वर्षों तक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एचआईवी, मलेरिया और तपेदिक को बिग थ्री कहते रहे, क्योंकि हर वर्ष इनसे बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु होती थी। अब रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता यानी एएमआर भी उसी श्रेणी में आ गया है। डॉ. स्टिचिन्स्की बताती हैं, पिछले कुछ वर्षों में जब हम अधिक ठोस आंकड़े एकत्र करने में सक्षम हुए हैं, तब हमें यह समझ में आया है कि रोगाणुओं की प्रतिरोध क्षमता भी उसी स्तर पर है, जिससे हर वर्ष 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो रही है। एएमआर केवल इसलिए खतरा नहीं है कि यह सीधे तौर पर बड़ी संख्या में मौतों का कारण बनता है। यह इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि यह उन चिकित्सीय उपकरणों और उपचार प्रणालियों को कमजोर कर देता है, जिन पर स्वास्थ्य सेवाओं के अनेक अन्य रूप निर्भर करते हैं।

वह कहती हैं, चिकित्सा में हम जो कुछ भी करते हैं, उसका बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करता है कि एंटीबायोटिक्स संक्रमणों का प्रभावी ढंग से रोकथाम और इलाज कर सकें। इसमें नियमित सर्जरी, कीमोथेरेपी देना और एचआईवी का प्रबंधन जैसी चीजें शामिल हैं। ये सभी प्रभावी एंटीबायोटिक्स पर निर्भर हैं। यदि यह क्षमता समाप्त हो जाती है, तो यह उस स्वास्थ्य सेवा के बड़े हिस्से को कमजोर कर देगा, जिसे हम आवश्यक मानते हैं। यही कारण है कि एएमआर भारत और अमेरिका दोनों के लिए इतना महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह केवल स्वास्थ्य संबंधी चुनौती नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत चुनौती भी है–जो तैयारी, आर्थिक स्थिरता और स्वास्थ्य सेवाओं में जनता के विश्वास को प्रभावित करती है। एएमआर की सबसे कठिन बातों में से एक यह है कि यह खुद को स्पष्ट रूप से प्रकट नहीं करता। एक प्रतिरोधी संक्रमण शुरूआत में किसी सामान्य संक्रमण जैसा ही दिख सकता है। अंतर अक्सर प्रयोगशाला परीक्षण के बाद ही स्पष्ट होता है, और इस प्रक्रिया में समय लगता है। जब किसी को बैक्टीरियल संक्रमण होता है, तो यह पुष्टि करने के लिए कि बैक्टीरिया प्रतिरोधी है या नहीं, प्रयोगशालाओं को सामान्यतः उस जीवाणु को विकसित करना पड़ता है और विभिन्न एंटीबायोटिक्स के खिलाफ उसका परीक्षण करना पड़ता है। डॉ. स्टिचिन्स्की कहती हैं, इसमें आमतौर पर कई दिन लगते हैं और इस बीच आपके पास एक ऐसा मरीज होता है, जिसे प्रभावी इलाज नहीं मिल रहा होता है। एएमआर से निपटने में यह एक निरंतर चुनौती बनी हुई है- ऐसे तेज निदान उपकरणों तक पहुंच, जो आपको बता सकें कि आप किससे जूझ रहे हैं और वह किन दवाओं के प्रति संवेदनशील है। निदान संबंधी यही कमी उन प्रमुख कारणों में से एक है, जिनकी वजह से अमेरिका एआई-संचालित तरीकों में इतना अधिक निवेश कर रहा है। एआई वैज्ञानिकों और चिकित्सकों को विलंबित पुष्टि से आगे बढ़कर प्रारंभिक पूवार्नुमान तक पहुंचने में मदद कर रहा है। डॉ. स्टिचिन्स्की कहती हैं, निदान के क्षेत्र में एआई, विशेष रूप से मशीन लर्निंग का उपयोग व्यक्तिगत बैक्टीरियल कोशिकाओं को देखने और एंटीबायोटिक्स के संपर्क में आने पर उनके व्यवहार को बहुत प्रारंभिक चरण में समझने के लिए किया जा रहा है, ताकि प्रतिरोध का अनुमान लगाया जा सके। यानी दिनों तक इंतजार करने के बजाय, आपको मिनटों या घंटों में परिणाम मिल सकता है। वह एआई के एक अन्य व्यावहारिक उपयोग की ओर भी संकेत करती हैं- चिकित्सकों को यह निर्णय लेने में मदद करना कि एंटीबायोटिक्स की आवश्यकता है भी या नहीं। उदाहरण के लिए एआई बैक्टीरिया की उन समान्य विशेषताओं की पहचान करने में मदद कर सकता है, जिससे बीमारी की पहचान हो सके, ताकि आप शुरूआत में ही इस प्रश्न का उत्तर दे सकें: क्या यह वायरल है या बैक्टीरियल, और क्या मुझे एंटीबायोटिक देनी चाहिए या नहीं?ह्व भारत जैसे देश के लिए, जहाँ पैमाना और गति दोनों महत्वपूर्ण हैं, ऐसी प्रगति सार्थक बदलाव ला सकती है।

हर बोतल के पीछे छिपी है एक परिवार की त्रासदी



पीयूष कुमार कश्यप

शराब इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को खत्म कर देती है और क्षणिक उत्तेजना में वह ऐसा अपराध कर बैठता है जिसका पछतावा जिंदगी भर रहता है। यदि सरकार सच में महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर है

भारत एक ऐसा देश है जहाँ प्रधानमंत्री की एक अपील करोड़ों लोगों के व्यवहार को बदलने की ताकत रखती है। जब देश के प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की बात कही, तब लोगों ने इसे केवल एक सरकारी बयान नहीं माना, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा संदेश समझा। लोगों ने अनावश्यक यात्रा कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और ईंधन बचाने की चर्चा शुरू कर दी। क्योंकि लोगों को लगा कि पेट्रोल बचाना देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है। लेकिन इसी देश में एक प्रश्न लगातार खड़ा रहता है और व्यवस्था से जवाब मांगता है कि यदि सरकार पेट्रोल कम खर्च करने की अपील कर सकती है तो शराब न पीने या शराब छोड़ने की राष्ट्रीय अपील क्यों नहीं कर सकती? आखिर शराब भी तो केवल व्यक्ति का निजी मामला नहीं है। शराब भी समाज, परिवार, स्वास्थ्य व्यवस्था और अर्थव्यवस्था पर उतना ही गहरा असर डालती है, जितना कोई आर्थिक संकट डाल सकता है।

सच तो यह है कि शराब केवल एक बोतल में बंद नशा नहीं है, बल्कि यह धीरे-धीरे लाखों परिवारों के जीवन को निगल जाने वाली सामाजिक त्रासदी बन चुकी है। पेट्रोल महंगा होता है तो जेब पर असर पड़ता है, लेकिन शराब घर में प्रवेश करती है तो पूरा परिवार टूटने लगता है। शराब केवल शरीर को नहीं जलाती, यह रिश्तों को भी राख कर देती है। देश के गाँवों से लेकर महानगरों तक हजारों महिलाएँ ऐसी हैं जो हर रात शराबी पति की गालियाँ सुनती हैं, मारपीट सहती हैं, अपमान झेलती हैं और फिर भी सुबह अपने बच्चों के लिए जीने को मजबूर होती हैं। कितनी महिलाएँ ऐसी हैं जिनके पति शराब की लत में अपनी पूरी कमाई ठेके पर छोड़ आते हैं और घर में बच्चों के लिए दूध तक नहीं बचता। कितनी लड़कियाँ ऐसी हैं जिनकी पढ़ाई इसलिए छूट जाती है क्योंकि पिता की कमाई शराब में खत्म हो जाती है। कितने बच्चे ऐसे हैं जो अपने पिता को पिता नहीं बल्कि डर के रूप में देखते हैं। लेकिन इन आँसुओं का कोई सरकारी डेटा नहीं होता।

सरकारें शराब से मिलने वाले राजस्व का हिसाब तो हर साल बड़े गर्व से पेश करती हैं, लेकिन शराब से बर्बाद हुए परिवारों का हिसाब कोई नहीं रखता। राज्य सरकारों की आय का बड़ा हिस्सा शराब बिक्री से आता है, इसलिए शराब को अक्सर आर्थिक मजबूरी की तरह प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन क्या कोई सरकार यह बता सकती है कि शराब से जो राजस्व आता है, उससे कहीं

ज्यादा पैसा अस्पतालों, अपराध नियंत्रण, सड़क दुर्घटनाओं और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च नहीं होता? क्या सरकार यह बता सकती है कि शराब की वजह से टूटे परिवारों की आर्थिक कीमत कितनी है? क्या कोई विभाग यह बता सकता है कि शराब के कारण कितनी महिलाओं ने आत्महत्या की, कितने बच्चे मानसिक तनाव के शिकार हुए और कितने लोग समय से पहले मौत के मुँह में चले गए? शायद नहीं। क्योंकि व्यवस्था ने कभी इन सवालों को गंभीरता से पूछने की कोशिश ही नहीं की।

उत्तर प्रदेश में सूचना के अधिकार के तहत जो तथ्य सामने आए, वे केवल चौंकाने वाले नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करने वाले हैं। मद्य निषेध विभाग, जिसका उद्देश्य शराब के दुष्प्रभावों को रोकना और जनजागरूकता फैलाना है, उसके पास यह आंकड़ा ही नहीं है कि शराब के कारण प्रदेश में कितनी मौतें हुईं या कितने लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हुए। सोचिए, एक विभाग करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, रैलियाँ निकाल रहा है, होर्डिंग्स लगवा रहा है, दीवारों पर नारे लिखवा रहा है, लेकिन उसे यह तक नहीं पता कि समस्या कितनी बड़ी है। यह ठीक वैसा ही है जैसे कोई डॉक्टर बिना जांच किए इलाज करता रहे और फिर यह भी न जाने कि मरीज जिंदा है या नहीं। जब विभाग के पास शराब से होने वाली मौतों और बीमारियों का कोई वैज्ञानिक डेटा ही नहीं है, तब करोड़ों रुपये के जागरूकता अभियानों का आधार क्या है? आखिर जनता का पैसा किस परिणाम के लिए खर्च किया जा रहा है?

सबसे अधिक पीड़ा की बात यह है कि इस पूरे विमर्श में महिलाओं का दर्द हमेशा हाशिये पर छोड़ दिया जाता है। शायद ही कभी किसी विधानसभा या संसद में उन महिलाओं की जिंदगी पर गंभीर चर्चा होती हो जिनकी पूरी जवानी शराबी पति की हिंसा झेलते हुए गुजर जाती है। कितनी महिलाएँ ऐसी हैं जो पति की शराब की आदत के कारण हर दिन मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करती हैं। कई महिलाएँ कम उम्र में विधवा हो जाती हैं क्योंकि शराब धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खत्म कर देती है। यदि सरकार ईमानदारी से अध्ययन कराए तो संभव है कि विधवा पेंशन पाने वाली बड़ी संख्या में महिलाओं के पति की मृत्यु कहीं न कहीं शराब से जुड़ी बीमारी, दुर्घटना या हिंसा के कारण हुई हो। लेकिन क्या कभी किसी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री ने उन महिलाओं के बीच बैठकर उनका दर्द समझने की कोशिश की? क्या कभी किसी राष्ट्रीय मंच से यह कहा गया कि शराब केवल राजस्व नहीं, बल्कि लाखों महिलाओं के जीवन का अभिशाप बन चुकी है? अस्पतालों की वास्तविकता भी किसी से छिपी नहीं है। सरकारी अस्पतालों में लीवर खराब होने, ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज, मानसिक रोग और सड़क दुर्घटनाओं के अनगिनत मामलों के पीछे शराब एक बड़ा कारण बनती है। डॉक्टर अनौपचारिक बातचीत में यह स्वीकार करते हैं कि शराब से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक व्यक्ति शराब पीकर बीमार पड़ता है, लेकिन उसकी कीमत पूरा परिवार चुकाता है। घर की जमा पूंजी इलाज में खत्म हो जाती है। बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। परिवार कर्ज में डूब जाता है। फिर भी शराब को ह्वव्यक्तिगत स्वतंत्रताह्व का मामला कहकर चर्चा खत्म कर दी जाती है। जबकि सच्चाई यह है कि शराब का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज पर पड़ता है। शराब और अपराध का संबंध भी किसी से छिपा नहीं है। घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएँ, हत्या, छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे अनेक अपराधों में शराब की भूमिका सामने आती है। शराब इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को खत्म कर देती है और क्षणिक उत्तेजना में वह ऐसा अपराध कर बैठता है जिसका पछतावा जिंदगी भर रहता है। यदि सरकार सच में महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर है, तो शराब नीति पर कठोर और ईमानदार चर्चा क्यों नहीं होती? आखिर क्यों शराब को केवल राजस्व के चश्मे से देखा जाता है?

दहेज मुक्त झारखंड का संगठन विस्तार, मोहम्मद अशफाक आलम बने गुमला जिला अध्यक्ष

रफत जहां व रामदयाल यादव को मिली प्रखंड की जिम्मेदारी

बब्लू खान

नवप्रदेश/लातेहार। सामाजिक कुरीति दहेज प्रथा के खिलाफ राज्यभर में जनजागरण अभियान चला रहे सामाजिक संगठन दहेज मुक्त झारखंड ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधु मिश्रा ने गुमला जिले के सक्रिय समाजसेवी मोहम्मद अशफाक आलम को गुमला जिला अध्यक्ष, लातेहार जिले के महुआडांड़ की समाजसेवी रफत जहां को महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष तथा रामदयाल यादव को गारू प्रखंड अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन द्वारा की गई इन नियुक्तियों को सामाजिक जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नियुक्तियों की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोगों में खुशी का माहौल है। नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि इन नई नियुक्तियों से संगठन की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों तक और मजबूत होगी तथा दहेज जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ चल रहे अभियान को नई गति मिलेगी।

दहेज मुक्त झारखंड पिछले कई वर्षों से समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के खिलाफ जनजागरण अभियान चला रहा है। संगठन का उद्देश्य युवाओं, अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक कर दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देना है। संगठन द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियां, जनसंवाद, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और सामाजिक अभियान आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से लोगों को दहेज प्रथा के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाता है।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देने, युवाओं को जागरूक करने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से संगोष्ठी, बैठक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे। संगठन का मानना है कि समाज की सहभागिता और जागरूकता के बल पर ही दहेज जैसी कुरीति को समाप्त कर एक बेहतर और समानता आधारित समाज का निर्माण किया जा सकता है।

समाज में जागरूकता फैलाकर ही इस बुराई को समाप्त किया जा सकता है : रफत जहां

महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष बनीं रफत जहां ने अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दहेज जैसी कुरीति महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता के रास्ते में बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि कई परिवार दहेज की वजह से आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करते हैं। समाज में जागरूकता फैलाकर ही इस बुराई को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं, युवतियों और अभिभावकों के बीच लगातार संपर्क अभियान चलाकर दहेज के खिलाफ जागरूकता पैदा करेंगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगी।

संगठन के माध्यम से लोगों को दहेज मुक्त विवाह के लिए प्रेरित किया जाएगा : रामदयाल यादव

वहीं गारू प्रखंड अध्यक्ष बने रामदयाल यादव ने कहा कि दहेज प्रथा ने समाज में अनेक समस्याओं को जन्म दिया है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से लोगों को दहेज मुक्त विवाह के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा गांव-गांव जाकर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर इस कुरीति के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त कर एक समानतापूर्ण और सम्मानजनक समाज का निर्माण करना ही संगठन का उद्देश्य है : सिंधु मिश्रा

राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधु मिश्रा ने नियुक्तियों की घोषणा करते हुए कहा कि दहेज प्रथा आज भी समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। यह केवल आर्थिक बोझ ही नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों पर भी सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त कर एक समानतापूर्ण और सम्मानजनक समाज का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जिलों और प्रखंडों में सक्रिय एवं समाजसेवी लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।उन्होंने कहा कि मोहम्मद अशफाक आलम, रफत जहां और रामदयाल यादव लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे लोगों को संगठन में जिम्मेदारी मिलने से जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों को बल मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवमनोनीत पदाधिकारी संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होंगे।

जिले के सभी प्रखंडों में संगठन को मजबूत बनाया जाएगा : गुमला जिला अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक आलम

नवनियुक्त गुमला जिला अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक आलम ने संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गुमला जिले के सभी प्रखंडों में संगठन को मजबूत बनाया जाएगा तथा युवाओं और अभिभावकों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा के खिलाफ सामाजिक चेतना पैदा करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिए हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है।

सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए व्यापक जनभागीदारी की आवश्यकता है : प्रदेश अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष बब्लू खान

दहेज मुक्त झारखंड के प्रदेश अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष बब्लू खान ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन लगातार सामाजिक सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए व्यापक जनभागीदारी की आवश्यकता है। नई टीम संगठन के उद्देश्यों को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और समाज में जागरूकता का नया माहौल तैयार करेगी।

समाज के लोग मिलकर संकल्प लें तो दहेज जैसी कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। लातेहार जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अस्मिता एक्का

संगठन की लातेहार जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अस्मिता एक्का ने भी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दहेज उन्मूलन केवल किसी एक संगठन का नहीं बल्कि पूरे समाज का अभियान है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोग मिलकर संकल्प लें तो दहेज जैसी कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत बनाएंगे और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएंगे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के निविदा में गड़बड़ी का आरोप, ऑनलाइन टेंडर की मांग

नवप्रदेश/बालूमाथ (लातेहार)। जले के कई प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झारखंड आवासीय विद्यालय एवं सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा निकाली गई निविदा में भारी गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया गया है। कई प्रखंडों के सवेदको ने लातेहार उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर कहा है, कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई को रखी गई थी. लेकिन 27 में को कार्यालय द्वारा यह सूचना दिया गया कि बकरीद की छुट्टी के कारण 27 मई तक ही टेंडर डाला जाएगा. इसके बाद जिला के अधिकांश संवेदकों ने टेंडर डाल दिया और सील होने का इंतजार करते रहे. इसी बीच शाम 5:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी के एक चहेते संवेदक 32 निविदा प्रपत्र विभिन्न प्रखंड के खरीद कर निविदा डलवाया गया. सवेदको का आरोप है कि कई वित्तीय बिड गुप्त तरीके से उसी संवेदक को दे दिया गया और वह संवेदक जिले के सभी प्रखंडों में एक ही न्यूनतम मूल्य डालकर पैकेज एक के सभी टेंडर अपने सिंडिकेट को आवंटित करवा लिया. लोगो ने कहा है कि अभी पैकेज दो-तीन एवं चार में निविदा खोलनी बाकी है. आशंका है, कि हम लोगों का जो वित्तीय बिड है वह भी चहेते संवेदकों को लाभ पहुंचाने को उद्देश्य से दिखा दिया गया है और आने वाला सभी पैकेज सिर्फ उसी सिंडिकेट को मिलने की संभावना है।

थैलेसीमिया पीड़ित मासूम के लिए उफ्ढऋजवान बना देवदूत, समय पर रक्तदान कर बचाई जान

नवप्रदेश/लातेहार। सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन ने एक बार फिर मानवता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए थैलेसीमिया से पीड़ित एक मासूम बच्चे की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शनिवार को ग्राम गणेशपुर निवासी विकास उरांव के छह वर्षीय पुत्र विपिन उरांव के लिए तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ गई। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के शरीर में रक्त की अत्यधिक कमी हो गई थी, जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। सदर अस्पताल, लातेहार से इसकी सूचना सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट रवीन्द्र चरण मिश्र को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए बटालियन के सहायक उप निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता को रक्तदान के लिए भेजा। पंकज कुमार गुप्ता ने बिना देर किए सदर अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया, जिससे मासूम विपिन को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका और उसकी जान बचाई जा सकी। इस मानवीय पहल से बच्चे के परिजनों ने राहत की सांस ली और सीआरपीएफ जवान के प्रति आभार व्यक्त किया। कमांडेंट रवीन्द्र चरण मिश्र ने बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि सीआरपीएफ केवल सुरक्षा की जिम्मेदारी ही नहीं निभाती, बल्कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की बैठक संपन्न

विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निष्पादन पर दिया गया विशेष जोर

नवप्रदेश/लातेहार। माननीय सांसद,चतरा लोकसभा क्षेत्र, श्री कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, वन, दूरसंचार, बैंकिंग, आवास, मनरेगा, जल संसाधन एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति, उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।माननीय सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन एवं विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने, लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। इस दौरान माननीय सांसद महोदय ने कहा कि स्थानीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें तथा जनहित में योजना विलंब न हो और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, योजनाओं का कियान्वयन ससमय हो इसे विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।उपायुक्त संदीप कुमार ने माननीय सांसद को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सुझावों एवं निदेशों के अनुरूप सभी विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित अनुश्रवण किया जाएगा।

बैठक में माननीय विधायक, लातेहार, प्रकाश राम, माननीय विधायक, मनिका रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त संदीप कुमार , पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव , जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी कुमार आशीष, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआदांड , जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह ,लातेहार विधायक प्रतिनिधि पवन गुप्ता, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव , जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

लातेहार में प्रेस क्लब भवन की मांग को मिली रफ्तार

सांसद-विधायकों ने दिया जल्द पहल का भरोसा

नवप्रदेश/लातेहार। जिले के पत्रकारों के लिए स्थायी और सुसज्जित प्रेस क्लब भवन की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में प्रेस क्लब, लातेहार का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम एवं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर प्रेस क्लब भवन उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि जिले के पत्रकार लंबे समय से एक स्थायी प्रेस क्लब भवन की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में पत्रकारों के पास बैठकों, प्रेस वाताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रेस क्लब भवन का निर्माण पत्रकारों की कार्यक्षमता और संगठनात्मक मजबूती के लिए बेहद जरूरी है। पत्रकारों ने कहा कि प्रेस क्लब भवन बनने से जिले के पत्रकारों को एक साझा मंच मिलेगा, जहां नियमित बैठकें, संवाद कार्यक्रम, कार्यशालाएं और जनहित से जुड़े आयोजन बेहतर तरीके से संचालित किए जा सकेंगे। साथ ही पत्रकारों के बीच समन्वय और आपसी सहयोग को भी नई मजबूती मिलेगी।

पत्रकारों की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सांसद कालीचरण सिंह तथा दोनों विधायकों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रेस क्लब भवन उपलब्ध कराने की दिशा में जल्द आवश्यक पहल की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनकी सुविधाओं के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

दिशा की बैठक में गूंजी बरवाडीह की आवाज, दीपक राज की पहल पर उठे कई जनहित के मुद्दे

नवप्रदेश/लातेहार। शनिवार को लातेहार जिला सभागार में सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की बैठक में बरवाडीह की कई महत्वपूर्ण जनसमस्याएं प्रमुखता से उठीं। बरवाडीह व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि दीपक राज द्वारा बैठक से पूर्व सांसद को सौंपे गए मांगपत्र का असर देखने को मिला। जिला सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह ने सदन के समक्ष बरवाडीह बाजार, बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्रों में करीब 45 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा मस्जिद मोहल्ला में घरों की छतों के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन विद्युत तार को हटाने की मांग को प्रमुखता से रखा। जनसुरक्षा और जनसुविधा से जुड़े इन मुद्दों की गंभीरता को देखते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने संबंधित विभागों को दोनों मामलों को कार्यवाही विवरण (प्रोसिडिंग) में शामिल कर अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि दिशा बैठक से पूर्व व्यावसायिक संघ अध्यक्ष दीपक राज ने सांसद को मांगपत्र सौंपकर इन समस्याओं के समाधान हेतु पहल करने का आग्रह किया था।

एक नजर

डोडा तस्करी के आरोपी को 20 वर्षों की सश्रम कारावास एवं एक लाख रु जुर्माना

नवप्रदेश/लातेहार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा की अदालत ने डोडा तस्करी के आरोपी राधेश्याम बिश्नोई को 20 वर्षों का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। अभियोजन पदाधिकारी शिव शंकर राम के अनुसार आरोपी राधेश्याम बिश्नोई पिछले 8 अप्रैल 2023 को एक 12 चक्का ट्रक से डोडा का परिवहन कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा थाना पुलिस द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की उपस्थिति में ट्रक को पीछा करके चंदवा प्रखंड कार्यालय के पास रोका गया था। पुलिस को देखते ही ट्रक चालक राधेश्याम बिश्नोई ट्रक को भगाने का प्रयास किया था जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ा था। जांच करने पर ट्रक से साढ़े चार टन अवैध डोडा जप्त किया गया था।ट्रक चालक राधेश्याम बिश्नोई जो राजस्थान का रहने वाला है। उसे 9 अप्रैल 2023 को चंदवा थाना पुलिस ने जेल भेजा गया था। अभियोजन पदाधिकारी श्री राम के अनुसार अदालत में कुल 14 गवाहों को पेश किया गया और एफएसएल सहित कई प्रतिवेदन को सत्यापित किया गया। मामले की सुनवाई के उपरांत श्री मिश्रा की अदालत ने आरोपी राधेश्याम बिश्नोई को एनडीपीएस की धारा 15 सी में दोषी पाते हुए उसे 20 वर्षों का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए का जुमार्ना की सजा सुनाया है।अदालत ने जुमार्ना नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। मालूम हो इस निर्णय के बाद अफीम तस्करों में हड़कंप मच गया है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी



नवप्रदेश/लातेहार। 31 मई ह्यविश्व तम्बाकू निषेध दिवस के मद्देनजर जिले में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त श्री संदीप कुमार द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा यह कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित अनेक असाध्य रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने लोगों से तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है।जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को तंबाकू छोड़ने एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित यह विशेष जागरूकता अभियान दिनांक 26 मई 2026 से 26 जून 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार गतिविधियां एवं तंबाकू नियंत्रण संबंधी संदेशों का व्यापक प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो , निदेशक डीआरडीबी प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

बंदोबस्त जमीन का मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश/लातेहार। एनएच-75 फोर लेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित की जाने वाली बंदोबस्त जमीन की मुआवजा को लेकर होटवाग एव डुडंगीकला के ग्रामीणों ने चतरा सासंद कालीचरण सिंह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह लातेहार विधायक प्रकाश राम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि भूमि सुधार विभाग झारखंड के निदेशक ए मुथु कुमार ने पूर्वी सिंहभूम सहित सभी उपायुक्त को प्रेषित पत्र में स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है कि 30 वर्षों से काबिज बंदोबस्त जमीन का भू अर्जन के मामले मे अधिग्रहण किया जाता है तो बन्दोबस्त जमीन का मुआवजा सामान्य रैयतो के भांति किया जाना है माननीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में भी अंकित है कि 30 वर्षों से काबिज बंदोबस्त जमीन का मुआवजा सामान्य रैयतो की तरह दिया दिया जाना है पलामू गढ़वा जमशेदपुर सहित विभिन्न जिलों में मुआवजा भुगतान दिया गया है लातेहार में भी उक्त आदेश का पालन करने की बात कही गई है ग्रामीणों का कहना है कि लातेहार में अभी तक बंदोबस्त जमीन का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है ग्रामीणों ने सांसद विधायक से गुहार लगाई है कि हम सभी रैयतों को मुआवजा भुगतान करवाने की कृपा करें ज्ञापन सपना वालों में विजय यादव हरिशंकर यादव हीरा प्रसाद यादव मिथिलेश यादव प्रमोद यादव अमित कुमार यादव बचनदेव यादव वीरेंद्र यादव नागेश्वर यादव देवराज यादव राम बिहारी यादव आदि शामिल थे।

एनएसयूआई को मिला नया नेतृत्व, रोशन कुमार साहू बने लातेहार जिला अध्यक्ष

नवप्रदेश/लातेहार। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने संगठन विस्तार के तहत लातेहार जिले की कमान रोशन कुमार साहू को सौंप दी है। उन्हें एनएसयूआई का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र उरांव द्वारा आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार, रोशन कुमार साहू के साथ झारखंड के अन्य 13 जिलों में भी जिला एवं कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। संगठन द्वारा यह नियुक्ति छात्र हितों को मजबूत करने और संगठन को जमीनी स्तर तक विस्तार देने के उद्देश्य से की गई है। जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर रोशन कुमार साहू ने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा तथा उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

संजय कुमार दुबे वर्ष 2002 में झारखंड न्यायिक सेवा में सिविल जज के पद पर दिया था योगदान

नवप्रदेश/लातेहार। व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे सेवा निवृत्त हो गए।

उनकी सेवा निवृत्ति के पूर्व अंतिम कार्य दिवस शनिवार को न्यायिक पदाधिकारियो एवं कर्मचारियों के द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मालूम हो श्री दुबे 11सितंबर 2002 को झारखंड न्यायिक सेवा में अपना योगदान दिए थे। इसके पूर्व 1990 से 2002 तक के वे सर्वोच्च न्यायालय में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहे थे। श्री दुबे त्वरित फैसला देने के लिए विख्यात रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी भी मामले को लंबित नहीं रखा। श्री दुबे रिवीजन के कई मामलों को सी आई एस काउंटर से आते ही पहले ही दिन में दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुनाया है। श्री दुबे स्टेनोग्राफर का भी इंतजार नहीं करते थे। कई मामले हैं जिसमें उन्होंने स्वयं से फैसला लिखा है ताकि विलंब नहीं हो। श्री दुबे वर्ष 2002 में सिमडेगा 2003 में जमशेदपुर 2007 में हजारीबाग वर्ष 2010 में धनबाद वर्ष 2013 में बोकारो वर्ष 2017 में दुमका वर्ष 2019 में साहिबगंज में अपनी सेवा देने के उपरांत 26 4.2024 को लातेहार जजशिप में बतौर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपना योगदान दिया था। श्री दुबे को पॉक्सो एक्ट का विशेष न्यायाधीश भी प्रतिनियुक्त किया गया था।

आउटसोर्सिंग कंपनी में हादसा: आग में झुलसने से मजदूर की मौत

36 घंटे बाद परिजनों का फूटा गुस्सा

शव रखकर कंपनी गेट पर प्रदर्शन, सीआईएसएफ-पुलिस ने संभाला मोर्चा

बाघमारा। बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र के बेनीडीह में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग के फेस में शुक्रवार को हॉल रोड पर डोजर स्लाइड होने से आग की चपेट में आए मजदूर सोनू कुमार सिंह की मौत के बाद शनिवार देर शाम परिजनों का सब्र टूट गया।पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को कंपनी के मुख्य द्वार पर रखकर काम ठप करा दिया और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। परिजनों का आरोप है कि घटना के 36 घंटे बीत जाने के बाद भी शव लावारिस हाल में पड़ा रहा,जबकि कंपनी प्रबंधन ने माइंस चालू कर उत्पादन जारी रखा। परिजनों का कहना है कि प्रबंधन की मनमानी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस और सीआईएसएफ के जवान बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर रविकांत राय ने परिजनों से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर उचित मुआवजा व नियोजन की प्रक्रिया की जा रही हैं।घटना के बाद बीसीसिएल ब्लॉक दो क्षेत्र और अंबे माइनिंग में उत्पादन व ट्रांसपोटिंग का काम पूरी तरह बाधित हो गया।कार्य बाधित की सूचना मिलते हैं मौके पर ब्लॉक दो के प्रबंधक पीके झा अम्बे कंपनी पहुंचे। प्रबंधक पीके झा से परिजनो ने तत्काल अंबे कंपनी से मुआवजा के तौर पर 25 लाख रुपया की लिखित तथा 50हजार रुपया दाहसंस्कार के लिए देने की मांग किया हैं। परिजनों का कहना हैं जो कंपनी 36 घंटो से एक शव को लावारिस की तरह छोड़ दिया हैं वैसे कंपनी पर भरोसा करना उचित नहीं होगा कंपनी अगर मुआवजा दिए बैगर भाग जाएगी तो इसका गरंटी कौन लेगा।प्रबंधक पीके झा ने परिजनों आश्वासन दिया हैं की अम्बे कंपनी मृतक के आश्रित को तत्काल 25 लाख रूपए माइंस एक्ट के तहत एवं अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपए मुआवजा देगी एवं अन्य मद के 70 लाख रुपए 70 दिनों के अंदर मृतक के आश्रित को नियमानुसार दिया जाएगा। हालांकि कंपनी गेट पर परिजन एवं ग्रामीण जमे हुए थे। परिजनों ने चेतावनी दी है कि जब तक तत्काल मुआवजा 25 लाख रुपए नहीं देती और प्रबंधन लिखित तौर अन्य मुआवजा का आश्वासन नहीं देता तब तक शव नहीं उठाएंगे।समाचार लिखें जाने तक प्रबंधन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।चक्का जाम आंदोलन जारी हैं, पुलिस-प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

मालूम हो की मृतक सोनू गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के अंगिया गांव निवासी जलेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र थे। वे अंबे कंपनी में डोजर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे से तेज बारिश के कारण फायर फेस में धुआं भर गया था और हॉल रोड पर जगह-जगह पानी जमा हो गया था। धुएं से बचने के लिए ऑपरेटर सोनू डोजर लेकर ग्रीन जोन की ओर बढ़ रहे थे। हॉल रोड के किनारे पहुंचते ही डोजर स्लाइड हो गई और अनियंत्रित होकर धसने लगी।धुआं से जान बचाने के लिए सोनू केबिन से बाहर निकलने का प्रयास किया,लेकिन बाहर निकलते हुए बुरी तरह झुलस गए जिससे उनकी मौत हो गई।

बरमसिया शनि मंदिर सेवा समिति का प्रथम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न, गणमान्य हुए शामिल

नवप्रदेश/धनबाद। बरमसिया स्थित शनि मंदिर सेवा समिति के एक वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर शनिवार को मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम एवं उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शनिदेव की पूजा-अर्चना व आरती से हुई। इस अवसर पर धनबाद के मेयर संजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिलीप सिंह ने मेयर संजीव सिंह को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश सचिव श्वेता किन्नर, सामाजिक संस्था मुस्कान एक प्रयास की ललिता चौहान, भाजपा नेत्री बॉबी पांडे एवं मानवाधिकार के प्रदेश प्रभारी सुधिष्ट विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।कार्यक्रम में संजीत सिंह, सोनी सिंह सरदार, रितेश सिंह, विकास सिंह, मनीष सिंह, गुड्डा तथा पतंजलि परिवार के जिला संयोजक मनजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मेयर संजीव सिंह ने मंदिर समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने समिति के आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते एक वर्ष में मंदिर की ओर से नियमित पूजा, भंडारा, गरीबों में वस्त्र वितरण व अन्य सेवा कार्य किए गए। वार्षिकोत्सव पर दिनभर भजन- कीर्तन का दौर चला। देर शाम महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

पलानी में ज्ञान केन्द्र का विधायक चंद्रदेव ने किया शुभारंभ, मैट्रिक टॉपर अमित प्रमाणिक सम्मानित

नवप्रदेश/बलियापुर। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को डिजिटल शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं से जोड़ने के उद्देश्य से बलियापुर प्रखंड की पलानी पंचायत में नवनिर्मित 'ज्ञान केन्द्र' का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो ने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक महतो ने कहा, ₹यह ज्ञान केन्द्र ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। गांव के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें सिर्फ सही मार्गदर्शन और संसाधनों की आवश्यकता है। इस केन्द्र से स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का भरपूर अवसर मिलेगा।₹ उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कटिबद्ध है। **जिला सेकेंड टॉपर का सम्मान....** समारोह के दौरान मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर पलानी का नाम रोशन करने वाले छात्र अमित प्रमाणिक को विधायक ने शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य मेधावी छात्र- छात्राओं को भी मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विधायक ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। **ये रहे मौजूद....** कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण महतो एवं निर्मला देवी, उप मुखिया कल्पना कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, बीपीआरओ मोहम्मद आलम, पंचायत सचिव चंचला कुमारी समेत शरण सिंह, अमूल्य गोस्वामी, धर्मेन्द्र तूरी, कमल प्रमाणिक, दुलाल गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन और ग्रामीण उपस्थित थे।

अंगारपथरा में भू-धंसान से दहशत, महिलाओं ने विद्युत सब स्टेशन घेरा

भराई कार्य शुरू होने पर आंदोलन स्थगित, स्थायी समाधान की मांग

नवप्रदेश/बाघमारा। अंगारपथरा के कांटा पहाड़ी क्षेत्र में लगातार हो रहे भू-धंसान और जमीन में पड़ रही दरारों से त्रस्त स्थानीय महिलाओं का आक्रोश शनिवार को फूट पड़ा। भू- धंसान स्थल की भराई व प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर दर्जनों महिलाओं ने स्थानीय विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर बिजली आपूर्ति बाधित की जाएगी। सूचना मिलते ही सहायक अभियंता विशाल कुमार गुप्ता, सीआईएसएफ बल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने वार्ता कर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर एचएस प्रसाद ने प्रबंधन से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।महिलाओं ने बताया कि हल्की बारिश में ही घरों के आसपास की जमीन धंसने-फटने लगती है।मकानों की दीवारों और आंगनों में दरारें आ गई हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उनका आरोप है कि भू-धंसान स्थल की भराई और सुरक्षित पुनर्वास के लिए प्रबंधन से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

बीसीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले नियोजन नहीं मिलने पर विधायक ने जीएम को घेरा

नवप्रदेश/झरिया। बीसीसीएल एरिया-5 अंतर्गत नगरीकला मौजा के भू-विस्थापित परिवारों को तीन दशक बाद भी नियोजन एवं नियमीकरण का लाभ नहीं मिलने का मामला तूल पकड़ गया है। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने एरिया-5 के महाप्रबंधक नीरजल चक्रवर्ती के साथ बैठक कर प्रबंधन को जमकर आड़े हाथों लिया। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भू-विस्थापितों के साथ किसी भी सूरत में अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रबंधन से लंबित मामलों की शीघ्र समीक्षा कर पात्र परिवारों को तत्काल न्याय देने की मांग की।

33 साल से लंबित है मामला......

भू-विस्थापितों ने विधायक को बताया कि वर्ष 1991 में नगरीकला मौजा की 33.71 एकड़ जमीन बीसीसीएल को हस्तांतरित की गई थी। इसके एवज में 34 लोगों को नियोजन देने की स्वीकृति मिली थी। इनमें से कुछ परिवारों को नियोजन व नियमीकरण का लाभ मिला, जबकि दर्जनों पात्र परिवार आज भी रोजगार से वंचित हैं। प्रभावितों का आरोप है कि वर्ष 2015 एवं 2018 में भी नियोजन की प्रक्रिया चलाई गई, लेकिन शेष बचे परिवारों को अब तक न्याय नहीं मिल सका। गौरतलब है कि बीसीसीएल उक्त भूमि पर न्यू एरिया ऑफिस,आवासीय क्वार्टर व अन्य भवनों का निर्माण करा चुका है, बावजूद इसके कई परिवार अपने अधिकार से वंचित हैं।

जीएम ने दिया जांच का आश्वासन....

बैठक में जीएम नीरजल चक्रवर्ती ने भू-विस्थापितों की मांगों और उपलब्ध दस्तावेजों का अध्ययन कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी तथ्यों की समीक्षा के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने कहा - उच्च स्तर तक ले जाऊंगी मामला...

विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जिन परिवारों ने अपनी जमीन कंपनी को दी है, उन्हें नियोजन एवं नियमीकरण का लाभ मिलना उनका अधिकार है। जब तक सभी पात्र परिवारों को न्याय नहीं मिल जाता, वह इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेंगी और जरूरत पड़ने पर मामले को उच्च स्तर तक ले जाएंगी। बैठक में भू-विस्थापित परिवारों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

धनबाद में खेल-पर्यटन को मिलेगी रफ्तार डीसी ने दिए विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत 5 स्टेडियमों के जीर्णोद्धार का बनेगा डीपीआर, मैथन डैम के लिए बनेगी टूरिज्म अथॉरिटी

नवप्रदेश/धनबाद। जिले में खेल और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार को लेकर शनिवार को गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में अहम बैठक हुई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में हुई इस संयुक्त समीक्षा बैठक में दोनों विभागों की योजनाओं की प्रगति परखी गई और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

स्टेडियम और प्रशिक्षण केंद्रों पर फोकस.......

उपायुक्त ने निरसा,बाघमारा और मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार के लिए जल्द विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने को कहा। टुंडी,पूर्वी टुंडी,बलियापुर, कलियासोल और एगारकुंड में प्रस्तावित स्टेडियमों का काम तेज करने के साथ तोपचांची व गोविंदपुर स्टेडियम निर्माण में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।कला भवन धनबाद स्थित बैडमिंटन हॉल और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फुटबॉल का जीर्णोद्धार पूरा कर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, खेलो इंडिया सेंटर और फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू करने को कहा गया।

नए प्रशिक्षण केंद्र खोलने की तैयारी......

बैठक में नए खेल प्रशिक्षण केंद्रों पर भी चर्चा हुई।मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग व गतका, तोपचांची में फुटबॉल, गोविंदपुर में डे-बोर्डिंग और पार्क मार्केट मैदान में वॉलीबॉल डे-ट्रेनिंग सेंटर शुरू करने की योजना है। उपायुक्त ने इन पर तुरंत कार्रवाई कर प्रशिक्षण शुरू करने के निर्देश दिए।खेल विभाग में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पे-एंड-प्ले योजना लागू करने और स्टेडियमों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए वेबसाइट बनाने को भी कहा गया।

पर्यटन स्थलों का होगा विकास.....

पर्यटन विभाग की समीक्षा में सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों का मूल्यांकन कर मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मैथन डैम के समग्र विकास के लिए मैथन टूरिज्म डेवलपमेंट अथॉरिटी के गठन का प्रस्ताव विभाग को भेजने को कहा गया। झारखंड टूरिस्ट ट्रेड पंजीकरण पोर्टल पर पर्यटन इकाइयों के पंजीकरण की प्रगति देखी गई। अखाड़ा निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग और सांस्कृतिक भवन के लिए जमीन चिह्नित करने का काम तेज करने को कहा गया।

उपायुक्त ने सभी विभागों को समयबद्ध काम और नियमित समीक्षा के निर्देश दिए ताकि जिले में खेल और पर्यटन को नई गति मिले।

बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, बीडीओ जाहिर आलम, सीओ धर्मेंद्र दुबे समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

धनबाद में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ, रैली व सिग्नेचर कैंपेन का आयोजन

नवप्रदेश/धनबाद। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण समारोह, सिग्नेचर कैंपेन और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कार्यालय सभागार में की। उन्होंने पदाधिकारियों, कर्मचारियों और एएनएमटीसी की छात्राओं को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। डॉ विश्वकर्मा ने कहा कि तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग समेत कई गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्यालय परिसर में तंबाकू सेवन न करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस वर्ष अभियान की थीम ₹तंबाकू और निकोटीन की लत से लड़ने की अपील को सामने लाएं₹ रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य कोटपा अधिनियम 2003 और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना भी रहा। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रेखा कुमारी, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम,डीपीएम प्रतिमा कुमारी जिला सलाहकार राहुल कुमार,जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के उमा शंकर मंडल, शुभांकर मैत्रा सहित कार्यालय के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

डीसी की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय गोविंदपुर में की गई कार्यों की विस्तृत समीक्षा

दाखिल-खारिज,भूमि मापी व प्रमाण पत्रों के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश

पंजियों के संधारण में लापरवाही पर डीसी ने कर्मियों के कार्यशैली में सुधार न होने तक कर्मियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

नवप्रदेश/धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को अंचल कार्यालय गोविंदपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अंचल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण राजस्व कार्यों, आम जनता से जुड़े मामलों तथा जिला स्तर से भेजे गए महत्वपूर्ण पत्रों के निष्पादन व संधारण की गहन समीक्षा की।

पंजी संधारण में चूक पर कड़ा रुख और वेतन रोकने का आदेश......

उपायुक्त द्वारा जिला कार्यालय से भेजे जाने वाले महत्वपूर्ण पत्रों के संधारण एवं अंचल की विभिन्न आवश्यक पंजियों की जांच की गई। पंजियों का सही ढंग से संधारण नहीं होने तथा अभिलेखों में त्रुटियां पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई। उन्होंने आदेश दिया कि जब तक कार्यालय की सभी पंजियों का शत-प्रतिशत संधारण सुनिश्चित नहीं हो जाता, तब तक संबंधित कर्मियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए।

अतिक्रमण हटाने एवं सरकारी भूमि का चिन्हांकन.......

सरकारी जमीनों, तालाबों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को तत्काल चिह्नित कर विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बिना अनुमति के लगाए गए मोबाइल टावरों को चिह्नित कर नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास (अर्बन) योजना, प्रखंड स्तरीय खेल मैदान के निर्माण तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए शीघ्र भूमि आवंटन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

राजस्व मामलों एवं हल्का कचहरी का सुदृढ़ीकरण.......

उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय के सभी हल्का तहसील कचहरियों को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। साथ ही दाखिल-खारिज के सबसे ज्यादा लंबित मामलों, अस्वीकृत हुए मामलों की समीक्षा तथा भूमि मापी के लंबित प्रकरणों की समय सीमा के भीतर निष्पादन का आदेश दिया गया। झारसेवा पोर्टल के माध्यम से जारी होने वाले जाति, आवासीय, आय आदि प्रमाण पत्रों के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए इसे शून्य पर लाने का निर्देश दिया। आरसीएमएस (राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली) के तहत सभी कोर्ट केसों की ऑनलाइन एंट्री ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर.......

समीक्षा बैठक के अंत में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें तथा कार्यालयों को अधिक जनोन्मुखी एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करें। जिला प्रशासन आमजनों को बेहतर, सुगम एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, ओएसडी राजीव रंजन, अंचल अधिकारी गोविंदपुर धर्मेंद्र दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी जाहिर आलम, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय झा, सीआई नेहा,समेत हल्का कर्मचारी मौजूद रहें।

एक नजर

दशकों से लंबित 1250 केसों का निपटारा धनबाद पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

नवप्रदेश/धनबाद। जिले के थानों में वर्षों से लंबित पड़े आपराधिक मामलों के निष्पादन में धनबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कई मामलों में अनुसंधान पूर्ण होने के बावजूद चार्जशीट या अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में दाखिल नहीं होने से ट्रायल शुरू नहीं हो पा रहा था। इससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में देरी हो रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी लंबित कांडों की विशेष समीक्षा कराई। उनके निर्देश पर अभियोजन शाखा प्रभारी मुकेश चौधरी व एसआई रजनीकांत समेत अन्य पदाधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की गई। अभियान की निगरानी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-2 नाजिर अख्तर कर रहे हैं।टीम को थानों में वर्षों से अटकी फाइलों की समीक्षा कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शीघ्र चार्जशीट या अंतिम प्रतिवेदन कोर्ट में दाखिल कराने की जिम्मेदारी दी गई। जांच में सामने आया कि कई मामलों में तकनीकी, प्रशासनिक व प्रक्रियागत कारणों से चार्जशीट वर्षों तक लंबित थी। कहीं दस्तावेज सत्यापन तो कहीं केस डायरी के संकलन में देरी हुई थी। टीम ने इन कमियों को दूर कर त्वरित कार्रवाई की।

छाताबाद कैलूडीह गोलीकांड में दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

नवप्रदेश/बाघमारा। कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद कैलूडीह में हुए चर्चित गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कतरास पुलिस ने फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 38 वर्षीय विक्रम यादव, पिता बालेश्वर यादव, और 31 वर्षीय कन्हैया यादव, पिता नुनूलाल यादव के रूप में हुई है। दोनों आरोपी आकाश किनारी बस्ती, थाना कतरास, जिला धनबाद के रहने वाले हैं। **इस मामले में हुई गिरफ्तारी......** यह कार्रवाई कतरास थाना कांड संख्या 152/26 दिनांक 28/05/26 के तहत की गई है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 190, 117(2), 118(1), 109(1) के साथ शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-इ), 26, 27 और 35 के तहत मामला दर्ज है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में मंडल कारा धनबाद भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस गोलीकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही शेष फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छाताबाद कैलूडीह में हुई फायरिंग की घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल था। इन गिरफ्तारियों के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर संतोष जताया है।

बांसजोरा में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

नवप्रदेश/बाघमारा। 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत शनिवार को बांसजोरा क्षेत्र में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), धनबाद के सचिव मयंक तुषार टोपनो के निर्देश पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।शिविर में ग्रामीणों, अभिभावकों व किशोर- किशोरियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि देश में विवाह की वैध आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष व लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में विवाह कराना दंडनीय अपराध है।आयोजकों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह में शामिल माता-पिता, रिश्तेदार, पंडित, काजी, टेंट संचालक व कार्ड छापने वाले प्रेस संचालक भी कानून के दायरे में आते हैं। दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक कारावास और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।शिविर में कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि इससे बालिकाओं के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। साथ ही कुपोषण, मातृत्व संबंधी जटिलताएं बढ़ती हैं और शिक्षा का अधिकार भी प्रभावित होता है। डालसा ने ग्रामीणों को नि:शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी और अपील की कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल प्राधिकार को सूचित करें। पीड़ित बच्चों के पुनर्वास व शिक्षा के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने बाल विवाह रोकने और बच्चों को उच्च शिक्षा देने का संकल्प लिया। मौके पर पीएलवी राजू कुमार साव, अजय साव, विवेकानंद मिश्रा, दीपक तिवारी व संजय साव मौजूद थे।

धनबाद में बीमा कर्मचारी संघ का संयुक्त वार्षिक सम्मेलन संपन्न, सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

नवप्रदेश/धनबाद। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल की धनबाद इकाई 1, 2, 3, 4, वेतन बचत योजना प्रकोष्ठ तथा गोविन्दपुर इकाई का संयुक्त वार्षिक सम्मेलन शनिवार को जोराफाटक रोड स्थित आईसीए हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने की।आमसभा में केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की गई। वक्ताओं ने सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण,श्रम कानूनों में संशोधन को नियोक्तापरक बताते हुए इसे मजदूर विरोधी करार दिया। सभा में आरोप लगाया गया कि सार्वजनिक संपदाओं को पूंजीपतियों के हाथों सौंपा जा रहा है।बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि ट्रेड यूनियन आंदोलन के समक्ष गंभीर चुनौतियां हैं। उन्होंने अमेरिकी विस्तारवादी नीतियों को वैश्विक संकट का कारण बताया और कहा कि अमेरिका चुनी हुई सरकारों को अपदस्थ कर रहा है। वेनेजुएला इसका उदाहरण है।अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार अमेरिकी नीतियों के समक्ष झुक गई है। संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने चुनाव आयोग पर केंद्र के दबाव का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की आलोचना को अब देशद्रोह माना जाने लगा है।संगठन सचिव अमित कुमार ने कहा कि ट्रेड यूनियन ही मजदूरों- कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने वाला एकमात्र मंच है। सहायक सचिव सुबीर राम ने कहा कि नौकरियों में बढ़ते अस्थायित्व ने अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। सम्मेलन में एलआईसी में क्लास थ्री एवं फोर के पदों पर शीघ्र बहाली की मांग प्रमुखता से उठाई गई। मंडल संगठन सचिव मदन पाठक, संयुक्त सचिव सुशील सिंह, सहायक सचिव दुर्गा सिंह, संगठन सचिव राकेश कुमार ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, राकेश कुमार, जनता राम, राजबंशी, बासु बहादुर, निशेष कुमार, स्वपन दास, संजय पाठक, मुकेश कुमार, जोगेश्वर राम, आभा सिन्हा, रुमा मजूमदार समेत कई कर्मचारियों का योगदान रहा।

सरकारी लापरवाही से सूखे कंठ: जमुनिया योजना सालों से बंद, आजसू नेता ने प्रशासन को लिखा पत्र



नवप्रदेश/गोमो। तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी और तोपचांची पंचायत के गांवों में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। आजसू नेता सदानंद महतो ने इस मुद्दे पर सांसद, विधायक एवं जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर तीखा विरोध जताया है। पत्र में महतो ने बताया कि दोनों पंचायतों के गांवों में पहले 12 किलोमीटर दूर स्थित जमुनिया जलापूर्ति योजना से पानी आता था। लेकिन सरकारी लापरवाही के चलते यह योजना सालों से बंद पड़ी है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि तोपचांची झील आधारित जलापूर्ति योजना महज 2 किलोमीटर के दायरे में संचालित है। इसके बावजूद प्रभावित गांवों को इससे नहीं जोड़ा गया है। महतो ने मांग की कि दुमदुमी और तोपचांची पंचायत के सभी गांवों को तत्काल तोपचांची झील योजना से जोड़ा जाए, ताकि नियमित पेयजल मिल सके। सदानंद महतो ने आरोप लगाया कि कम दूरी होने के बाद भी योजना से न जोड़ना प्रशासन की उदासीनता दिखाता है। इससे न केवल ग्रामीण परेशान हैं बल्कि सरकारी संसाधनों की बबार्दी भी हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने आजसू नेता की पहल का समर्थन किया है और चेतावनी दी है कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

इलाज के दौरान कोल कर्मी की मौत, पत्नी को मिला प्रोविजनल नियोजन

तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, आंदोलन के बाद प्रबंधन ने सौंपा नियुक्ति पत्र



नवप्रदेश/बाघमारा। बीसीसीएल के ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत एबीओसीपी माइंस, केसरगढ़ में कार्यरत एसडीएल/एलएचडी ऑपरेटर विजय तुरी (43) का शनिवार को दुर्गापुर स्थित विवेकानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी मौत की खबर से परिजनों और सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। विजय तुरी बोकारो जिले के दुग्धा बूढ़ीडीह तुरी टोला के निवासी थे। अपने पीछे वे पत्नी और तीन पुत्रों को छोड़ गए हैं। परिजनों के अनुसार 21 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तत्काल केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर कर दिया, जहां करीब एक महीने तक उपचार चलने के बाद 30 मई को उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार सुबह मृतक का पार्थिव शरीर लेकर परिजन और श्रमिक नेता एबीओसीपी कार्यालय पहुंचे। मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियोजन देने की मांग करने लगें । प्रबंधन की ओर से त्वरित पहल नहीं होने पर श्रमिक संगठनों ने कोलियरी का कामकाज ठप करा दिया। आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन और परिवहन कई घंटों तक प्रभावित रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परियोजना पदाधिकारी पीएसके सिन्हा, एपीएम अनील कुमार तथा यूनियन प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। लंबी बातचीत के बाद सहमति बनी और प्रबंधन ने मृतक की पत्नी राबड़ी देवी को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र सौंप दिया। साथ ही अन्य सभी देय भुगतान नियमानुसार करने का आश्वासन दिया। वहीं विजय तुरी की असामयिक मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

संक्षिप्त खबरें

आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी भारतीय टीम

नई दिल्ली ,एजेंसी।

भारतीय पुरुष और महिला टीमें अगले साल होने वाले आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीमों को इसमें डिविजन 4 में रखा गया है। आइस हॉकी वर्ल्ड चैंपियनशिप अगले साल 14 से 30 मई के बीच जर्मनी के डसेलडोर्फ और मैनहेम में होगी। इसके लिए पुरुष, महिला टीमें राष्ट्रीय शिविरों, खिलाड़ियों के मूल्यांकन, कोचिंग कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धी अनुभव को सहारा लेंगी। भारत साल 1989 से ही अंतरराष्ट्रय आइस हॉकी फेडरेशन का पूर्ण सदस्य रहा है। भले ही भारतीय टीमों का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय टूनार्मेंट्स में कुछ खास नहीं रहा हो पर वह लगातार बेहतर करती आई है। देहरादून स्थित हिमाद्री आइस रिंक (भारत का एकमात्र ओलंपिक-आकार का इनडोर आइस रिंक है) इसमें आयोजित 2025 नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप ने पुरुष, महिला और युवा श्रेणियों की टीमों को बेहतर अनुभव हासिल करने का अवसर दिया है। यूएई में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को कांस्य पदक मिला था। इससे भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा था। अब विश्व वर्ल्ड चैंपियनशिप 2027 में महिला और पुरुष दोनो ही वर्ग में अंडर-20 टीमों को भी शामिल करना एक और अहम सफलता है। इससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। आईआईएचएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2027 सिर्फ एक और अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट नहीं है। आईआईएचएफ प्रतियोगिता प्रणाली के तहत देश विश्व आइस हॉकी में अपनी स्थिति बनाने के लिए अलग-अलग डिवीजन में मुकाबला करते हैं। वहीं भारत का एक ही समय में तीन राष्ट्रीय टीमों के साथ इसमें प्रवेश करना, 2027 संस्करण को भारतीय आइस हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा।

वैभव सूर्यवंशी के कायल हुए लेंगर

नई दिल्ली ,एजेंसी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी शानदार बल्लेबाजी से छाये हुए वैभव सूर्यवंशी के मुरीद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और लखनऊ सुपर जॉइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लेंगर भी हैं। लैंगर ने कहा है कि वह वैभव से प्रभावित हैं। साथ ही कहा कि उनके साथ एक सेल्फी चाहते हैं। जिसे उन्होंने अपनी जिंदगी का सिर्फ दूसरा ऐसा अवसर बताया है। लेंगर ने एक पोस्ट के जरिए इसका खुलासा किया है। लेंगर ने बताया कि राजस्तथान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स के बीच हुए एक मैच के बाद उन्होंने वैभव से सेल्फी खिंचाने को भी कहा था। लेंगर का मानना है कि आने वाले समय में वैभव क्रिकेट जगत पर छाया रहेगा। इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इससे पहले केवल एक बार किसी खिलाड़ी से सेल्फी खिंचवाने को कहा था। दो साल पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के दिग्गज स्टीफन माइकल से सेल्फी खिंचाने को कहा था। लेंगर ने लिखा, पिछले हफ्ते मैंने कुछ ऐसा किया, जो अपनी जिंदगी में सिर्फ दूसरी बार ही किया है। मैंने किसी अन्य खिलाड़ी से सेल्फी देने को कहा। वहीं दूसरी बार यही बात 15 साल के वैभव से कही। वैभव सूर्यवंशी ने मेरी टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ कई चौके और छक्के लगाये। उसने इस आईपीएल सीजन में 65 छक्के लगाये हैं - ये किसी भी टी20 टूनार्मेंट में किसी बल्लेबाज के दूसरे सबसे ज्यादा छक्के हैं। वह पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाला खिलाड़ी है। वैभव सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में 12 छक्के जड़कर क्रिस गेल का आईपीएल 2012 में बनाया 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा है। वैभव ने 29 गेंदों में तूफानी 97 रन बनाए थे और क्रिस गेल के आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने से वह एक गेंद से रह गये। वैभव की इस असाधारण प्रतिभा पर लेंगर ने आगे लिखा, इस खेल में 35 साल तक रहने के बाद, मैं ये विश्वास ही नहीं कर सकता कि ये लड़का ऐसे खेलता है। मैंने उसके जैसा इससे पहले कुछ भी नहीं देखा है।

फ्रेंच ओपन में बड़ा उलटफेरः 19 वर्षीय जोआओ फोन्सेका ने नोवाक जोकोविच को किया बाहर

पेरिस, एजेंसी।

फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेरों का सिलसिला जारी है। विश्व टेनिस के दिग्गज और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना शुक्रवार को टूट गया, जब उन्हें तीसरे दौर में ब्राजील के 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले इस मुकाबले में जीत दर्ज कर फोन्सेका ने इतिहास रच दिया। वह ग्रैंड स्लैम मुकाबले में जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बन गए। इस जीत के साथ उन्होंने खुद को भविष्य के बड़े दावेदारों में शामिल कर लिया है। जोकोविच की हार का मतलब है कि 39 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को अब भी मार्गरेट कोर्ट के 25 ग्रैंड स्लैम खिताबों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का इंतजार करना पड़ेगा। एक दिन पहले ही विश्व नंबर एक यानिक सिनर के बाहर होने के बाद यह परिणाम पेरिस में खिताब की दौड़ को और खुला बना गया है। मैच के बाद भावुक फोन्सेका ने कहा,मुझे सच कहूं तो विश्वास नहीं था कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं। मैं सिर्फ कोर्ट पर जाकर खेल का आनंद लेना चाहता था।

हार्दिक पांड्या सहित कई बड़े खिलाड़ियों को बाहर कर सकती है मुम्बई इंडियंस : रिपोर्ट

मुम्बई ,एजेंसी।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक पांड्या की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टीम की हार के बाद उनका अपना प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। ऐसे में एक रिपोर्ट के अनुसार आने वाले सत्र में मुम्बई टीम उन्हें शायद ही रिटेन करे। इस सत्र में मुम्बई केवल चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल करने में सफल रही है। इससे टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर रहे। पिछले सत्र में भी उनकी कप्तानी में टीम असफल रही थी। ऐसे में मुंबई इंडियंस अब अगले सत्र के लिए बड़े बदलाव कर सकती है। इसके तहत कप्तान सहित कई स्टार खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, मुंबई इंडियंस के करीबी सूत्रों का भी मानना है कि हार्दिक से कप्तानी छीनी जा सकती है। टीम में उनकी केवल एक खिलाड़ी के रूप में भूमिका पर भी चर्चा हो सकती है। टीम प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ इस असफलता के बाद गहन विचार विमर्श के दौर से गुजर रहा है। मुंबई इंडियंस के आखिरी लीग मैच के बाद हुई कोचिंग स्टाफ की बैठक में भी सीनियर खिलाड़ियों से साफ कह दिया गया कि उन्हें मैदान पर दिए

गए कोचिंग निदेर्शों और डेटा-आधारित रणनीतियों का पालन करना चाहिए। कई बार खिलाड़ियों ने कोचिंग स्टाफ के सुझावों को नजरअंदाज किया, जिससे टीम को नुकसान हुआ है। टीम की परेशानी केवल कप्तानी तक सीमित नहीं है। टीम इस आईपीएल में पावरप्ले का भी टीम सही इस्तेमाल नहीं कर पाई, जैसा कि प्लेऑफ में पहुंची कई सफल टीमों ने किया। राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद जैसी टीमों ने अपने टॉप ऑर्डर से लगातार 10 रन प्रति ओवर से अधिक बनाकर टी20 बल्लेबाजी को एक नई परिभाषा दी, लेकिन मुंबई इंडियंस ऐसा नहीं कर पायी। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस ने भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज जैसे अनुभवी गेंदबाजों को वरीयत दी, जबकि मुंबई के स्टार खिलाड़ी नाकाम रहे। टीम का प्रदर्शन कितन कमजोर रहा उसका अंदाजा इसी से होता है कि इस सत्र में मुम्बई का कोई भी खिलाड़ी ऑरेंज या पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर जगह नहीं बना पाया। टीम के सफल बल्लेबाज, रयान रिकेल्टन, रन बनाने वालों की सूची में 17वें स्थान पर रहे, जबकि लेग स्पिनर गजनफर विकेट लेने वालों में 14वें स्थान पर रहे। इसी कारण टीम कई मैच विजेता खिलाड़ियों के होने के बाद भी असफल रही जिसके बाद टीम के पास बदलाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

रॉयल्स के बाहर होने से वैभव के लिए दुखी हुए अश्विन

कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन पर भड़के

चेन्नई ,एजेंसी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्वालीफायर-2 में गुजरात टाइटंस से हार के साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम बाहर हो गयी। रॉयल्स के बाहर होने से पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन निराश हैं। उनका कहना है कि इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी ने असाधारण प्रदर्शन कर टीम को खिताब मुकाबले का दावेदार बना दिया था। पर रियान पराग की गलती से उसके हाथों से ये अवसर निकल गया। अश्विन ने कहा कि वह वैभव के लिए दुखी हैं क्योंकि उसकी मेहनत बेकार हो गयी। वहीं अश्विन ने टीम के सीनियर खिलाड़ियों और कप्तान रियान पराग की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इन लोगों की गलती से टीम बाहर हुई है। वैभव ने अपने बल पर रॉयल्स को यहां तक पहुंचाया। नॉकआउट चरण में उनकी बल्लेबाजी बेहद प्रभावशाली रही। एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 97 रनों की धुआंधार पारी खेली, जबकि क्वालीफायर-2 में गुजरात टाइटन्स के सामने भी उन्होंने 96 रन

बनाए। पूरे टूनार्मेंट में वैभव ने लगभग 800 रन बनाकर अपने को साबित किया पर अन्य बल्लेबाजों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। अश्विन ने कहा, मैं मायूस हूं, क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में बहुत शानदार खेल दिखाया। लेकिन मेरे लिए सबसे खास बात वह पारी थी जो उन्होंने क्वालीफायर-2 में खेली। बेशक, किस्मत ने उनका थोड़ा साथ दिया, लेकिन पिच गेंदबाजों की मदद कर रही थी। उन्होंने मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा और जेसन होल्डर जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना किया। उन्हें थोड़ी किस्मत का साथ मिला और एक कैच भी गिरा पर जिस प्रकार उन्होंने बल्लेबाजी की उसकी जितनी सराहना की जाये कम है। अश्विन ने रॉयल्स के अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अच्छी बल्लेबाजी की थी पर रॉयल्स के अन्य बल्लेबाजों ने वैभव का साथ नहीं दिया। क्वालीफायर-2 में हार के बाद वैभव काफी भावुक हो गए थे। अश्विन ने कहा कि एक 15 साल का लड़का हमेशा टीम को मैच जिताने के बारे में सोचता है। उन्होंने राजस्थान के सीनियर बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और रियान पराग के रन नहीं बनाने पर नाराजगी जताई, जिससे टीम शुरूआत में ही मुकाबले से बाहर हो गई।

अंडर-18 महिला एशिया कपः नूशीन नाज के दम पर भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

काकामिगहारा,एजेंसी ।

भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में शानदार शुरूआत करते हुए अपने पहले पूल-ए मुकाबले में शनिवार को मलेशिया को 2-1 से पराजित किया। 15 वर्षीय फॉरवर्ड नूशीन नाज ने दोनों गोल दागकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और उन्हें ह्यप्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया और 19वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को नूशीन नाज ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अच्छी लय में दिख रही नूशीन यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने 28वें मिनट में एक तेज और सटीक शॉट लगाकर मलेशियाई गोलकीपर को छकाया और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इसके साथ ही भारत ने हाफ टाइम तक मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे हाफ में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर अंतर को 2-1 कर दिया। इसके बाद मलेशिया ने बराबरी हासिल करने के लिए लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को कोई और मौका नहीं दिया। पूरे मुकाबले में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और कुल 16 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। हालांकि टीम इनमें से केवल दो मौकों को गोल में बदल सकी, लेकिन नूशीन नाज के दोनों गोल अंततः जीत का अंतर साबित हुए। इस जीत के साथ भारत ने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और फिलहाल पूल-ए में दूसरे स्थान पर है।

शुभमन आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

मोहाली ,एजेंसी।

गुजरात टाइटंस के कपतान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्य के खिलाफ दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने के दौरान एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। शुभमन ने अपनी पारी में 47 गेंदों पर ही 100 रन बना दिये। इससे वह आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस मैच में 215 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने यह मैच विजेता पारी खेली, जिसने गुजरात फाइनल में पहुंची। इस मुकाबले में शुभमन ने 53 गेंदों में 104 रन बनाये। इसमें 15 शानदार चौके और तीन छक्के शामिल थे। यह आईपीएल में शुभमन का कुल पांचवां शतक है, जबकि कप्तान के तौर पर इस लीग में यह उनका दूसरा शतक है। इस दौरान उनकी और साई सुदर्शन के बीच हुई पहले विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी हुई। इस शतक के साथ ही शुभमन आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। इस प्राकर उन्होंने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 129 रन की पारी के दौरान 49 गेंदों में बनाया था। शुभमन से पहले, रिद्धिमान साहा ने साल 2014 और रजत पाटीदार ने साल 2022 में प्लेऑफ में 49 गेंदों में शतक लगाये थे पर शुभमन ने इस शतक से सबको पीछे छोड़ दिया। शुभमन अब प्लेऑफ मुकाबलों में दो शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनका पहला प्लेऑफ शतक भी 2023 के

दूसरे क्वालिफायर में ही आया था। यह गुजरात टाइटंस के लिए भी सबसे तेज आईपीएल शतक है, जिसमें उन्होंने अपने ही 2023 के रिकॉर्ड (49 गेंदों में शतक) को बेहतर किया। एक कप्तान के तौर पर आईपीएल प्लेऑफ में शतक लगाने वाले शुभमन गिल पहले खिलाड़ी हैं। उनकी और साई सुदर्शन की पहले विकेट के लिए 160 रन की रिकॉर्ड-तोड़ साझेदारी ने गुजरात की जीत की राह बनी। इस जोड़ी ने 2011 के फाइनल में माइकल हसी और मुरली विजय द्वारा बनाए गए 159 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। इसके अलावा, यह टी20 क्रिकेट में दोनों के बीच 11वीं शतकीय साझेदारी थी, जो क्रिस गेल और विराट कोहली के 10 शतकीय साझेदारियों के रिकॉर्ड से आगे निकल गई।

अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे

नागपुर, एजेंसी।

उभरते हुए स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में जगह पाने से उत्साहित है और इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। हर्ष को पहली बार बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हर्ष के अनुसार वह अपने अनुसार खेलना चाहते हैं। किसी का विकल्प बनने का उनका प्रयास नहीं है। माना जा रहा है कि इस स्पिनर को अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को आराम दिये जाने के कारण शामिल किया गया है। इस युवा ने कहा है कि वही कड़ी मेहनत के बल पर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहते हैं। दुबे ने कहा, ह्यअभी मैं इस टेस्ट मैच को किसी भी अन्य मैच की तरह ही ले रहा हूं। मैं खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। मैं बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखना चाहता हूं और वही करते रहना

चाहता हूं जो मेरे लिए हमेशा कारगर रहा है। हर्ष ने कहा कि वह इस अवसर को एक खिलाड़ी के तौर पर आगे बढ़ने में मददगार मानते हैं और उनका पूरा ध्यान मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है, न कि भविष्य के बारे में बहुत अधिक सोचने पर। बाएं हाथ के स्पिनर के अलावा हर्ष बल्लेबाजी में भी पीछे नहीं हैं। इस क्रिकेटर ने अब तक 95 मुकाबलों में 198 विकेट लिए हैं और 27 प्रथम श्रेणी मैचों में 1000 से अधिक रन बनाए हैं। वह अपने को एक ऑलराउंडर के रूप में देखते हैं। उन्होंने अपने पहले पूर्ण आईपीएल सत्र के अनुभव को भी साझा किया, जहां उन्होंने आठ मैचों में आठ विकेट लिए। दुबे ने आठ मैच में आठ विकेट लिए जिसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 रन पर तीन विकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। दुबे ने अपनी इस यात्रा का श्रेय अपने माता-पिता को दिया और युवाओं को हमेशा टीम के लिए खेलने और अपना शत प्रतिशत देने की सलाह दी।

आईपीएल २०२६ : आरसीबी और टाइटंस के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

अहमदाबाद ,एजेंसी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है, जिसके चलते करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस महामुकाबले पर टिकी हुई हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार का फाइनल हाल के वर्षों के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हो सकता है। आरसीबी लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में पहुंची है और उसके पास लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का अच्छा अवसर है। कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने पूरे सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने पहले क्वालिफायर में गुजरात टाइटंस को 92 रन के बड़े अंतर से हराकर सीधे फाइनल का टिकट हासिल किया था। उस मुकाबले में रजत पाटीदार की आक्रामक बल्लेबाजी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से टीम का मनोबल काफी बढ़ा है। आरसीबी के पास विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा और टिम डेविड जैसे बल्लेबाज हैं किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं। वहीं ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या और रोमारियो शेफर्ड टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड का अनुभव आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है, जबकि युवा स्पिनर सुयश शर्मा मध्य ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता रखते हैं। जिससे टीम खिताब जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटंस भी किसी मायने में कम नहीं है। कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं और दूसरे क्वालिफायर में उनके शतक ने टीम आसानी से फाइनल में पहुंच गीय। उनके साथ

साई सुदर्शन ने भी बेहतरीन बल्लेबाी की है। उसे पास जोस बटलर, ग्लेन फिलिप्स जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम को मजबूती देते हैं, जबकि राहुल तेवतिया मैच फिनिशर के तौर पर सफल रहे हैं। स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और राशिद खान टीम को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करते हैं। गुजरात की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी मानी जा रही है। मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम के लिए परेशान खड़ी कर सकती है। वहीं राशिद खान अपनी फिरकी से मैच का रुख पलटने में सक्षम हैं। अहमदाबाद का मैदान गुजरात का घरेलू मैदान है और यहां टीम का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है, जिससे भी उसे हालातों का लाभ मिलेगा। हालांकि आरसीबी की बल्लेबाजी अधिक अनुभवी और आक्रामक नजर आती है। विराट कोहली का अनुभव, फिल सॉल्ट की तेज शुरूआत और रजत पाटीदार की शानदार फॉर्म टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। दूसरी ओर गुजरात की उम्मीदें शुभमन गिल, जोस बटलर, राशिद खान और मोहम्मद सिराज पर टिकी होंगी। विशेषज्ञों के अनुसार मुकाबले का परिणाम पावरप्ले और डेथ ओवरों के प्रदर्शन पर काफी हद तक निर्भर करेगा। यदि आरसीबी के शीर्ष क्रम ने मजबूत शुरूआत दी तो टीम बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है, जबकि गुजरात के गेंदबाज शुरूआती झटके देकर मैच पर पकड़ बनाने की कोशिश करेंगे। वहीं अगर शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी लंबी साझेदारी करने में सफल रही तो गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी हो सकता है। कुल मिलाकर दोनों ही टीमें काफी संतुलित दिखाई दे रहा है ऐसे में प्रशंसकों को एक यादगार फाइनल देखने को मिलेगा । आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बची 8 मुकाबले हुए हैं। जिसमें दोनो ने ही 4-4 मेच खेले हैं।

दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह इस प्रकार है।

आरसीबी रजत पाटीदार (कप्तान), फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा इम्पैक्ट प्लेयर विकल्प - स्वप्निल सिंह, वेंकटेश अय्यर, रसिख सलाम डार, रिचर्ड ग्लीसन गुजरात टाइटंस शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा इम्पैक्ट प्लेयर विकल्प - साई किशोर, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, अरशद खान।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

बिना हेलमेट पहने दुपाहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने पूर्व बैठकों में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं हिट एंड रन मामलों से संबंधित आवेदनों के निष्पादन की स्थिति की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा से संबंधित ठोस एवं प्रभावी कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिए। सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने एवं अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश भी दिए गए। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा विजय कुमार सोनी, जिला खनन पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिरहोर परिवारों को मिला आत्मनिर्भरता का सहारा, 10 लाभुकों के बीच बांटे गए पशुधन

नवप्रदेश/कोडरमा। डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह पंचायत के जियोरायडीह गांव में पशुधन विकास योजना के तहत आयोजित शिविर में बिरहोर समुदाय के 10 लाभुकों के बीच पशुधन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को 8 बकरियां एवं 2 बकरे उपलब्ध कराए गए। पशुधन पाकर लाभुकों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि इससे बिरहोर समुदाय की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रोजगार का नया रास्ता खुलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनीता कुमारी, डॉ. अरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पाण्डेय, मुखिया पुष्पा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामदेव पासवान एवं समाजसेवी हरीशचंद्र मिश्रा मौजूद रहे। मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। वहीं रामदेव पासवान ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में सीजन विकास महिला मंच की अनिता कुमारी, प्रियंका कुमारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नव प्रदेश/कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2025. 27 की प्रशिक्षु श्रेया सिन्हा द्वारा सभी महाविद्यालय सदस्यों और प्रशिक्षुओं तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां होती हैं। इसलिए हम सभी को तम्बाकू सेवन से दूर रहना चाहिए। युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। देश के विकास में युवा वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान है। यदि हमारे युवा स्वस्थ और शिक्षित होंगे। तभी भारतवर्ष एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2024. 26 एवं 2025. 27 के सभी प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, आई क्यू ए सी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार,बिनीता कुमारी, डॉ रामकृष्ण प्रसाद, इंद्र कुमार जायसवाल एवं अन्य सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अनिल दास एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने किया।

बिखरते रिश्ते को मरकच्चो जीआईसी ने फिर जोड़ा, विवाद का हुआ समाधान

नव प्रदेश/मरकच्चो। प्रखंड के जीआईसी कार्यालय में पीएलभी ललिता देवी को लड़की पक्ष मुफीदा खातून पिता कुदरत अंसारी ग्राम भोजपुर, थाना मरकच्चो, जिला कोडरमा को मुफीदा खातून के पति महफूज अंसारी, ग्राम गलवाती, थाना राजधनवार, जिला गिरिडीह के खिलाफ पति और पत्नी की विशेष विवाद को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त होने के पश्चात जीआरसी कार्यालय के द्वारा उक्त दोनों पक्षों को लिखित नोटिस निर्गत कर दिनांक 30मई को जीआरसी कार्यालय मरकच्चो बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों के लोगों ने अपने अपने परिजनों और कुछ गणमान्य समाज सेवियों को लेकर उपस्थित हुवे जहां दोनों पक्षों का बयान सुनने के पश्चात दोनों का आपसी समझौता कराया गया। जहां दोनों पक्षों को लिखित निर्देश दिया गया की प्रथम पक्ष पीड़िता के द्वारा द्वितीय पक्ष पीड़िता के पति आरोपी को हिदायत किया गया. की आज के बाद शराब पीकर अपनी पत्नी को मारपीट नहीं किया करेंगे। तथा समय से अपना घर आयेंगे और अपनी पत्नी के साथ मान सम्मान के साथ व्यवहार करेंगे। वहीं द्वितीय पक्ष आरोपी के द्वारा प्रथम पक्ष पीड़िता को बताया गया की वे अपने पति का कहना मानेंगे और पति के परिवार वालों का भी मान सम्मान करेंगे। और मोबाइल पर जरूरत से ज्यादा बातचीत नहीं करेंगे। और सास ससुर का सेवा करेंगे। वहीं इस दौरान आरोपी द्वितीय पक्ष को यह भी निर्देश दिया गया की वे अपनी पत्नी को अपने ससूराल जाकर मान सम्मान के साथ लेनहारी कर एक दिन के बाद अपने घर लेकर जायेंगे। वहीं मौकेपर जीआरसी की पीएलभी ललिता देवी, पीएलभी महेश्वरी कुशवाहा और दोनों पक्षों से आयेहुवे गणमान्य समाज सेवियों के समक्ष समझौता पत्र को जारी किया गया। और उक्त दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद का समाधान किया गया।

डोमचांच: युवा राजद का युवा चौपाल कार्यक्रम संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

डोमचांच। युवा राजद का युवा चौपाल कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन, डोमचांच में हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने किया जबकि संचालन रघु कुमार ने किया। युवा चौपाल कार्यक्रम युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष क्षितिज मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हुए और प्रदेश में युवाओं के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राजद के मखदुमपुर के पूर्व विधायक सतीश दास ने कहा की आरएसएस. भाजपा की नीतियों ने देश के युवाओं को कुंठित किया है। उन्होंने कहा की मौजूदा वक्त में केंद्र की सरकार ने युवाओं के मुद्दों पर खामोश हो गयी है। युवाओं को देश के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग कॉक्रोज की संज्ञा दे रहें है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने गरीबों को शिक्षा से दूर कर दिया है, जिसके कारण देश भर के युवाओं में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है।कोडरमा में भी छात्र आंदोलनरत है, युवा राजद को मजबूती के साथ अन्याय शोषण के खिलाफ युवाओं को संगठित कर युवाओं व छात्राओं के मुद्दों पर सड़को पर उतरने की जरूरत है। मुख्य अतिथि कोडरम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा ने माइका/ ढिबरा को मिनिरल्स से मेजर में शामिल कर ढिबरा व्यवसाय और आमजनमानस के पेट पर लात मारी है। वहीं पत्थर व्यवसाय को लेकर भाजपा के लोग खदान व्यवसायियों के पीठ पर छुरा घोंप दी है।ऐसे परिस्थितियों में कोडरमा के युवाओं और आमजनमानस को गंभीरता से सोच विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की सामाजिक न्याय और लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर अटूट भरोशा है,संघर्ष के रास्ते से चलकर जनता के दिलों में जगह बनाकर राजद का झंडा बुलंद करनी है। उन्होंने कहा की जेजे कॉलेज के मुद्दे पर राजद छात्रों के साथ है, भाजपा के लोग सदन में खामोश रहते है और अब जब छात्र समुदाय में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है, तो घटिया राजनीति कर लोगों का ध्यान भटकाने में जुटी है।उन्होंने छात्र हित मे सामाजिक न्याय पसंद लोगों को आंदोलन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कोडरमा सांसद व विधायक ने स्थानीय मुद्दे पर जनता को सालों से गुमराह किया गया है। अपनी कमियों को छुपाने के लिए गैर बाजिब राजनीतिक बयानबाजी कर आम लोगों को गुमराह कर रहें है।कोडरमा के माइनिंग कॉलेज को गोहाल भेज दिया गया, वहीं अब जेजे कॉलेज के छात्रों के साथ साजिश रचकर जेसी बोस विश्वविद्यालय भेज दिया गया है। राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने युवाओं को आगे बढ़कर युवा राजद को गांव गांव तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवा राजद को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ जावेद अख्तर, रामबचन यादव, मो मुबारक, परवेज खान,बबन मेहता, नेपाली मेहता, नप उपाध्यक्ष मनोहर कुमार ₹बाबू राम₹विजय यादव, दीपक यादव, संतोष चंदवंशी, रघुनाथ दास मो इकबाल, यमुना यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



नवप्रदेश/कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने पूर्व बैठकों में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बालू एवं पत्थर के अवैध भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध रूप से बालू उठाव एवं भंडारण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध रूप से खनन की उत्खनन एवं परिवहन व भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त ने खदानों एवं क्रशर इकाइयों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर, अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा विजय कुमार सोनी, जिला खनन पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपकारा में जेल अदालत में 32 मामलों का निपटारा

रामगढ़। न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामगढ़ के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न श्रेणी के कुल 32 मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा किया गया। वहीं उपकारा रामगढ़ में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन कर बंदियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई। झालसा के निर्देश पर आयोजित इस लोक अदालत का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मो तौफिकुल हसन के मार्गदर्शन में किया गया। लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, विद्युत अधिनियम से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, बैंक एवं बीमा विवाद, राजस्व मामले, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा और अन्य दीवानी एवं आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मामलों का निपटारा आपसी सहमति और समझौते के आधार पर किया गया। इससे न केवल पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिला, बल्कि समय, धन और न्यायिक संसाधनों की भी बचत हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि लोक अदालतें न्यायिक व्यवस्था पर बढ़ते बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मामलों के निष्पादन के लिए चार अलग-अलग न्यायिक पीठों का गठन किया गया था। इन पीठों में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ पैनल अधिवक्ताओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने विभिन्न श्रेणी के मामलों का सुनवाई कर समाधान कराया।

झारखंड सरकार के गलत शिक्षा नीतियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं चुप्पी के कारण छात्रों का भविष्य खतरे में

15 जून तक चलेगा हस्ताक्षर अभियान

नवप्रदेश/कोडरमा। झारखंड सरकार के गलत शिक्षा नीतियों एवं स्थानीय कोडरमा जिला के सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं चुप्पी के कारण जिला के गरीब एवं मध्यम वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा से दूर करने की एक बड़ी साजिश के तहत कोडरमा जिला के उच्च स्तरीय शिक्षा से संबंधित कॉलेजों का विश्वविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हटा कर गिरिडीह में निर्मित नए विश्वविद्यालय सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह भेज देने के खिलाफ शनिवार को शिक्षा बचाओ ,कॉलेज बचाओ समिति के बैनर तलें पूर्व छात्र नेता धरतीपुत्र महेश भारती, देवेंद्र कुमार, मो अली शाद ने संयुक्त रूप से जे जे कॉलेज में सैकड़ों छात्र छात्राओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के गलत शिक्षा नीतियों एवं स्थानीय कोडरमा जिला के सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं चुप्पी के कारण जिला के गरीब एवं मध्यम वर्ग के छात्रों का भविष्य खतरे में है।जिसके खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। और पढ़ाई लड़ाई के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए लाडो पढ़ाई करने को पढ़ो समाज बदलने के नारों के साथ एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया। जिसके तहत 15 जून तक हस्ताक्षर अभियान चलाने, गर्मी छुट्टी के बाद कॉलेज खुलने के बाद आम बैठक कर आगे की रणनीति तय किया जायेगा।

छात्रहित में सड़क पर उतरी एबीवीपी, अतुल आनंद के नेतृत्व में रांची. पटना मुख्य मार्ग किया गया जाम

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), कोडरमा द्वारा कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर सर जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध किए जाने के निर्णय के विरोध में आज जोरदार आंदोलन किया गया। छात्रहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एबीवीपी के नेतृत्व में रांचीझपटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर एबीवीपी के जिला संयोजक अतुल आनंद ने कहा कि झारखंड सरकार का यह निर्णय कोडरमा जिले के हजारों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के साथ अन्याय है। विश्वविद्यालय परिवर्तन से छात्रों को पंजीकरण, परीक्षा, अंकपत्र, प्रमाण. पत्र तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद किसी भी परिस्थिति में छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। आंदोलन के दौरान छात्रों ने सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने तथा कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को पूर्ववत विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से संबद्ध रखने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छात्रों की मांगों को सरकार एवं संबंधित विभाग तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया, जिसके उपरांत सड़क जाम समाप्त कर दिया गया। जिला संयोजक अतुल आनंद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार एवं प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो एबीवीपी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। आगामी दिनों में समाहरणालय घेराव सहित विभिन्न लोकतांत्रिक आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एबीवीपी के नगर मंत्री सुधांशु यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित एवं समाजहित के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। जिला संगठन मंत्री नितेश तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार कोडरमा के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का एक. एक कार्यकर्ता छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और सरकार को छात्र विरोधी नीतियों का आईना दिखाने का काम कर रहा है। सरकार को कोडरमा जिले के छात्रों को बांटने और उनकी समस्याओं की अनदेखी करने की प्रवृत्ति बंद करनी चाहिए। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचला कुमारी ने कहा कि छात्रों की भावनाओं की अनदेखी कर लिया गया यह निर्णय पूरी तरह छात्र विरोधी है। सरकार को विद्यार्थियों की समस्याओं को समझते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। मौके पर विनीत कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार, ऋतिक कुमारी, रिंकू कुमारी, नंदनी कुमारी, पायल कुमारी, अनामिका मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर

चौपारण थाना दिवस में भूमि विवाद से जुड़े 16 आवेदन प्राप्त

नवप्रदेश/चौपारण। उपायुक्त हजारीबाग के निदेर्शानुसार शनिवार को चौपारण थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों और अन्य स्थानीय समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर आम लोगों को राहत पहुंचाना था। थाना दिवस के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद, जबरन कब्जा, दबंगतापूर्वक घर निर्माण, मारपीट तथा जमीन से जुड़े अन्य विवादों से संबंधित थे। प्राप्त आवेदनों में बनऊ गांव निवासी बालगोविंद सिंह, भगहर निवासी सुरेश कुमार साव, संदीप कुमार साव सहित अन्य लोगों की शिकायतें शामिल थीं। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रशासन का कहना है कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों का स्थानीय स्तर पर समाधान कर लोगों को अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया और परेशानी से बचाना है। इस पहल से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में सीओ संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी पंकज कुमार,अंचल निरीक्षक शशिकांत कुमार तथा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि भूमि एवं राजस्व संबंधी विवादों के समाधान के लिए थाना दिवस का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी शिकायत दर्ज कराएं।प्रशासन की इस पहल को क्षेत्र के लोगों द्वारा सराहा जा रहा है, क्योंकि इससे भूमि विवादों के त्वरित निपटारे की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

सुंदरीकरण एवं सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य का मुखिया ने किया उद्घाटन

नवप्रदेश/चौपारण। प्रखंड के ताजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर के बाहर मुखिया मद से निर्मित पेवर ब्लॉक तथा ताजपुर सामुदायिक भवन के मरम्मत कार्य का उद्घाटन पंचायत की मुखिया उषा देवी ने किया। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए मुखिया का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ताजपुर पंचायत की मुखिया उषा देवी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मंदिर परिसर के बाहर पेवर ब्लॉक निर्माण से श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं सामुदायिक भवन की मरम्मत होने से गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत ने कहा कि पंचायत में जनहित से जुड़े विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क, पेयजल, भवन मरम्मत एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पंचायत के समग्र विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पंचायत समिति अनिल उर्फ टुन्नू वर्णवाल, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए खुशी जताई।

जनहित से जुड़े मामलों को अधिकारी दें सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

रामगढ़। समाहरणालय के सभागार में शनिवार को डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, कल्याण, आपूर्ति एवं अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जन शिकायतों के निष्पादन, आधारभूत संरचना विकास, पेयजल आपूर्ति, विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यप्रणाली, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभुकों की स्थिति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने संबंधित विभागों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने, प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

रामगढ़ में 44 लाख के साइबर ठगी में शामिल एक और आरोपित गिरफ्तार

रामगढ़। साइबर अपराध थाना पुलिस ने 44 लाख रुपये के संदिग्ध साइबर लेन-देन से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चार मोबाइल फोन और चार फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। जिनका उपयोग कथित रूप से साइबर अपराध को अंजाम देने में किया जा रहा था। यह जानकारी शनिवार को साइबर थाना प्रभारी सह मुख्यालय डीएसपी अकरम रजा ने दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से जुडे पूर्व के मामले में गिरफ्तार अभियुक्त विकास कुमार उर्फ विकास यादव से पूछताछ के दौरान निखिल कुमार की संलिप्तता सामने आई थी। इसके बाद एसपी से प्राप्त मानवीय एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। डीएसपी अकरम रजा ने बताया कि गठित टीम ने सूर्यानगर निवासी निखिल कुमार (27) को उसके घर से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनमें दो मोबाइल में चार फर्जी सिम कार्ड सक्रिय पाए गए, जबकि दो सैमसंग मोबाइल इंटरनेट कॉलिंग के लिए उपयोग किए जा रहे थे। तकनीकी जांच में सभी सिम कार्ड फर्जी दस्तावेजों पर जारी पाए गए। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल में से एक मोबाइल का उपयोग मामले की वादिनी के बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को सक्रिय करने में किया गया था। डीएसपी ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया है कि वादिनी के खाते में बैंकिंग, यूपीआई और नेट बैंकिंग के माध्यम से लगभग 44 लाख रुपये की संदिग्ध राशि मंगवाई गई थी। पुलिस अब इस पूरे वित्तीय लेन-देन की कड़ियों को जोड़ते हुए राशि के स्रोत, लाभार्थियों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।

जिला के 50 अपराधियों को किया गया चिन्हित: एडीजे

नवप्रदेश/बेतिया। पुलिस मुख्यालय के एडीजे, सुधांशु कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि पश्चिम चंपारण जिला में 50 ऐसेअपराधियों को चिन्हित किया गया है, जिनकी संपत्ति जब्त होगी।उनअपराधियों में बालू माफिया,शराब माफिया जमीन माफियाशामिल है। इसकेअलावा हत्या, अपहरण लूट डकैती, सांप्रदायिक हिंसा एससी, एसटी एक्ट, पुलिस पर हमला,हर्ष फायरिंग, सीसीए एक्ट केअंतर्गत अपराधी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय को जिलों से प्राप्त सूचना केआधार पर, विभिन्नआपराधिक घटनाओं में शामिलअपराधियों की सूची निर्गत की गई है। विभिन्न जिलों में विभिन्न प्रकार केअपराधियों की सूची राज्य पुलिस मुख्यालय में प्राप्त हुई है, इनकेआधार पर कार्रवाई की जा रही है।

मंदिरों की जमीन की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : डॉ. दिलीप कुमार

- मठ-मंदिरों की जमीन की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता, अतिक्रमण
- धार्मिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने के लिए बनेगा स्पेशल सेल

नवप्रदेश/पटना। बिहार सरकार राज्यभर में स्थित मठ, मंदिर, देवालय और बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की लाखों एकड़ जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। इस संबंध में माननीय राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में एक अत्यंत महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में धार्मिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा, अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया को तेज करने तथा इसके लिए एक मजबूत और समन्वित तंत्र विकसित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर और बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन समेत राजस्व एवं विधि विभाग के कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि धार्मिक न्यासों की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों को सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। प्रभावी कार्रवाई के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, विधि विभाग तथा धार्मिक न्यास परिषद को मिलाकर एक 'स्पेशल सेल' का गठन किया जाएगा, जो संयुक्त रूप से विस्तृत एसओपी तैयार करेगा। मंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के ट्रिब्यूनल द्वारा जिन मामलों में पूर्व में ही अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए जा चुके हैं, उन्हें अब और लंबित न रखा जाए। उन सभी मामलों में त्वरित गति से विशेष अभियान चलाकर जमीन को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और जिला स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

जमीनी विवादों को हमेशा के लिए समाप्त करने और पारदर्शिता लाने के लिए सरकार इन जमीनों के आधुनिकीकरण पर भी काम करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी धार्मिक संस्थानों की संपत्तियों का अद्यतन अभिलेखीकरण किया जाएगा और उनका एक सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही, राज्यभर में विवादित भूमि की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि इन संपत्तियों को जनहित और धार्मिक गतिविधियों के लिए संरक्षित रखा जा सके।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने कड़े लहजे में कहा कि राज्य सरकार धार्मिक संस्थानों की परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पटना टेंडर घोटाले में दो आईएस सस्पेंड

नवप्रदेश/पटना। वर्तमान सरकार ने 2017 बेच के आईएएस अधिकारी योगेस सरकार और 2014 की बैच के आईएस अभिलाषा शर्मा को सस्पेंड कर दिया है। इस पुर्व में पटना के ठेकेदार रिशु श्री स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दोनों अधिकारियों पर रिशु श्री से निजी लाभ लेने का आरोप लगा है। रिशु ने दोनों अधिकारियों को टेंडर मैनेज करने के लिए विदेश की यात्रा का खर्च भी उठाया था। जहां अधिकारी योगेश कुमार सागर 2017 समाज कल्याण विभाग तैनात। ये यूपी के बरेली के रहने वाले हैं। जहां ठेकेदार रिशु श्री ने 22 जून 2024 से 30 जून 2024 तक उनके पुरे परिवार के आठ व्यक्तियों को यूरोप की यात्रा कराई थी। इस दौरान ऑस्ट्रिया, वियना, सलजबरग, और वॉल्भगैग शहर घूमे और महगे होटलो में रुके।इस पुरी यात्रा में 21. 92 लाख रुपए खर्च हुआ था। जो सारे पैसे रिशु श्री ने दिए थे। वहीं अभिलाष शर्मा सीतामढ़ी डीएम समेत कई पदों पर रही बाद में वित्त विभाग का संयुक्त सचिव बनी। वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग में अतिरिक्त सीईओ तथा डिप्टी सेक्रेटरी पद पर कार्यरत थी।रिशु ने इनके ऊपर भी 29 लख रुपए खर्च किए। विदेश यात्रा के अलावा अविनाश शर्मा के घर पर रुफ टाफ गार्डन तैयार करने में 9 लख रुपए खर्च किया। अधिकारियों की जांच में यह बात खुलकर सामने आई कि रिशु श्री बड़ी कंपनियों को बिहार में ठेकेदारी दिलाने के बाद उनसे टेंडर वैल्यू का 5 से 7% कमीशन लेता था। और इसमें से 2 से 3.5 प्रतिशत हिस्सा इन अधिकारियों को देता था। जो फायदे बढ़ाते थे।

कंडाडीह में विभाग ने दो लोगों को बिजली की चोरी करते पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। बिक्रमगंज प्रक्षेत्र के कंडाडीह गांव में बिजली विभाग ने छापेमारी कर दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इन उपभोक्ताओं पर कुल 62,744 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है, और उनके खिलाफ बिक्रमगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बिजली चोरी रोकने और बिलिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को विभागीय अधिकारियों और कनीय विद्युत अभियंताओं की टीम ने कंडाडीह गांव में छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों उपभोक्ता मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। पकड़े गए उपभोक्ताओं की पहचान कंडाडीह निवासी साहेब सिंह (पिता भिखारी सिंह) और रामबचन सिंह (पिता रामरुप सिंह) के रूप में हुई है। साहेब सिंह पर 27,675 रुपए और रामबचन सिंह पर 35,069 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज, राजकुमार ने बताया कि टीम ने मौके पर ही अवैध कनेक्शन हटा दिए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी लगातार छापेमारी अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस जांच अभियान में कनीय विद्युत अभियंता नवदीप गोयल, विद्युत कर्मी अविनाश कुमार, रंजन कुमार, सोनू कुमार सिंह, शिवनाथ सिंह सहित अन्य विभागीय कर्मी शामिल थे।

धरती पर जब बढ़ा अत्याचार भगवान ने लिया अवतार स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज

नवप्रदेश/आरा। आरा शहर के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी में माँ मनोकामना मन्दिर के तृतीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में भारत के सुप्रसिद्ध संत अनन्तश्री बिभूसित स्वामी रंगनाथाचार्यजी महाराज ने व्यास पीठ से कथा के माध्यम से हजारों भक्तों को आध्यात्म से सराबोर कर दिए। भागवत कथा को लेकर चारो तरफ माहौल भक्तिमय बना हुआ है वही कथा के माध्यम से उन्होंने भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा की भगवान राम और श्रीकृष्ण दोनों एक दुसरे के सीधे विपरीत थे जैसे श्रीराम का जन्म दिन के बारह बजे हुआ पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म वही रात्रि में बारह बजे हुआ इत्यादि।वही भगवान राम ने रावण का नाश किया वही जब कंस का अत्याचार बढा तो धरती माँ और गौ माता तथा भक्तों के निवेदन पर भगवान श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित होकर पुतनादि हजारों असुरों व दुष्टों का संहार और लाखों भक्तों का कल्याण करने का काम

एसपी के कुशल नेतृत्व में पुलिस की बड़ी कामयाबी

मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी आकाश सिंह गिरफ्तार

नवप्रदेश/गोपालगंज। बिहार में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों के खिलाफ जारी ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच आज सुबह गोपालगंज में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। गोपालगंज के अत्यंत कड़क और बेहद लोकप्रिय एसपी विनय तिवारी के सटीक और कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस ने अपराधियों को चारों खाने चित कर दिया है। एसपी विनय तिवारी के सख्त और दूरदर्शी इनपुट का ही नतीजा था कि नगर थाना और डीआईयू की संयुक्त पुलिस टीम ने समय रहते एक बड़े अपराध को होने से पहले ही नाकाम कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थावे थाना क्षेत्र के बरईपट्टी का रहने वाला और बरईहाता निवासी मनोज सिंह का पुत्र कुख्यात अपराधी आकाश सिंह अपने कुछ साथियों के साथ बंजारी बायपास रोड के पास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर तुरंत हरकत में आई पुलिस टीम ने जब मौके पर पहुंचकर अपराधियों को घेरने और गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो खुद को घिरता देख अपराधियों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस टीम ने भी बेहद बहादुरी और सूझबूझ से काम लेते हुए जवाबी फायरिंग की। इस एनकाउंटर में कुख्यात बदमाश आकाश सिंह के दोनों पैरों में गोली लगी और पुलिस ने उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया। घायल अपराधी आकाश सिंह पर हत्या, लूट और रंगदारी जैसे करीब 12 गंभीर मामले दर्ज हैं और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह साल 2021 में जेल से छूटने के बाद से लगातार दोबारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था, जिसके चलते उस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। गोली लगने के बाद पुलिस अभिरक्षा में आकाश सिंह को तुरंत सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

50 लीटर देसी शराब बरामद, बाइक जब्त

नवप्रदेश/कोईलवर (भोजपुर)। गीधा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में कार्रवाई करते हुए 50 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब ढुलाई में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई। हालांकि पुलिस को देखते ही तस्कर मौके से फरार हो गया। मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक तस्कर बाइक से ज्ञानपुर बांध के रास्ते बड़ी मात्रा में देसी शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा गया। पुलिस जब ज्ञानपुर बांध के समीप पहुंची तो एक संदिग्ध बाइक सवार पुलिस वाहन को देखकर बाइक छोड़कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान बाइक से 50 लीटर देसी शराब बरामद की गई। इसके बाद शराब और बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। जांच के दौरान फरार तस्कर की पहचान ज्ञानपुर गांव निवासी नंद किशोर राय के पुत्र सरजू कुमार के रूप में की गई।

भूमि सर्वेक्षण को लेकर आमसभा, ग्रामीणों को दी गई किस्तवार प्रक्रिया की जानकारी

अश्वनी कुमार पिंटू बड़हरा

नवप्रदेश(भोजपुर)। प्रखंड अंतर्गत पूर्वी गुंडी राजस्व ग्राम में शनिवार को बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अभियान को लेकर शनिवार को आमसभा आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों को भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया, अभिलेख सत्यापन और किस्तवार कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी बड़हरा सुप्रिया झा ने बताया कि विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा आयोजित कर गांव की जमीनों के सीमांकन, खाता-खेसरा मिलान तथा भूखंडों की वास्तविक स्थिति के सत्यापन की प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने कहा कि किस्तवार सर्वेक्षण के आधार पर गांव का विशेष मानचित्र तैयार किया जाएगा, जिससे भूमि विवादों के निपटारे और अभिलेखों के अद्यतन में सुविधा होगी। उन्होंने ग्रामीणों से सर्वेक्षण के दौरान सही दस्तावेज उपलब्ध कराने और अमीन व सर्वे कर्मियों का सहयोग करने की अपील की, ताकि भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने बताया कि विशेष सर्वेक्षण से जमीन की वास्तविक स्थिति का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में खरीद-बिक्री, दाखिल-खारिज सहित अन्य राजस्व कार्यों में सहूलियत मिलेगी। आमसभा में नक्शा सुधार, स्वामित्व सत्यापन, रैयतों के अधिकार और ऑनलाइन अभिलेख अद्यतन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। मौके पर कानूनगो उमलेश कुमार, सर्वे अमीन मिथिलेश कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कमला कान्त दूबे को मिला विशिष्ट सम्मान

नव प्रदेश/सासाराम। हिंदी पत्रकारिता दिवस-2026 के अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं जनपक्षीय लेखन के लिए चर्चित कमला कान्त दूबे को जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (पंजीकृत) द्वारा विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा पत्रकार हितों के प्रति निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दिया गया। सम्मान-पत्र उन्हें ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि कमला कान्त दूबे ने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्पक्षता, निर्भीकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए जनहित के विषयों को प्रमुखता से उठाया है। उनकी लेखनी समाज के वंचित, उपेक्षित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज को सशक्त मंच प्रदान करती रही है। पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय कमला कान्त दूबे ने अनेक सामाजिक, प्रशासनिक और जनकल्याणकारी मुद्दों पर प्रभावशाली लेखन किया है। उनके द्वारा प्रकाशित कई समाचार और आलेख जनचर्चा का विषय बने तथा विभिन्न मामलों में प्रशासनिक स्तर पर सकारात्मक पहल भी देखने को मिली। सम्मान प्राप्त होने पर कमला कान्त दूबे ने इसे अपने पाठकों, सहयोगी पत्रकारों और समाज के उन लोगों को समर्पित किया, जिनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को वे वर्षों से अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्ति देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता उनके लिए केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है।

माफियाओं से यारी, करोड़ों की संपत्ति पड़ी भारी!

नवप्रदेश/किशनगंज। आर्थिक अपराध इकाई की ताबड़तोड़ रेड में किशनगंज के तत्कालीन नगर थानेदार और वर्तमान में लाइन हाजिर अभिषेक कुमार रंजन की कथित अकूत दौलत का ऐसा जखीरा सामने आया कि जांच अधिकारी भी हैरान रह गए।

नवप्रदेश प्रतिनिधि किशनगंज बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच किशनगंज से ऐसा खुलासा हुआ है जिसने खाकी की साख पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन हाथों में कानून की हिफाजत की जिम्मेदारी थी, उन्हीं पर काली कमाई का साम्राज्य खड़ा करने का इल्जाम लगा है। आर्थिक अपराध इकाई की ताबड़तोड़ रेड में किशनगंज के तत्कालीन नगर थानेदार और वर्तमान में लाइन हाजिर अभिषेक कुमार रंजन की कथित अकूत दौलत मंगलवार की सुबह जब ईओयू की टीम ने पटना, किशनगंज और सारण में एक साथ दबिश दी तो किसी को अंदाजा नहीं था कि जांच का दायरा इतना बड़ा निकलकर सामने आएगा। रामकृष्णानगर स्थित आवास से लेकर किशनगंज के सरकारी आवास, सरकारी कार्यालय और सारण के पैतृक ठिकानों तक छापेमारी का जाल बिछाया गया। जैसे-जैसे दस्तावेज खंगाले गए, वैसे-वैसे कथित बेनामी संपत्तियों, निवेश और संदिग्ध लेन-देन की परतें खुलती चली गईं। 2009 बैच के दरोगा रहे अभिषेक कुमार रंजन पर आय से 115.66 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। ईओयू की जांच के मुताबिक उनकी वैध आय वेतन, लोन और अन्य स्त्रोतों को मिलाकर करीब 1.47 करोड़ रुपये है, जबकि कथित तौर पर उनके पास इससे कहीं अधिक संपत्ति और निवेश के सुराग मिले हैं। इसी आधार पर उनके खिलाफ करीब 1.70 करोड़ रुपये का डिस्प्रोपोर्शनट एसेट (डीए) केस दर्ज किया गया है।

का ऐसा जखीरा सामने आया कि जांच अधिकारी भी हैरान रह गए। मंगलवार की सुबह जब ईओयू की टीम ने पटना, किशनगंज और सारण में एक साथ दबिश दी तो किसी को अंदाजा नहीं था कि जांच का दायरा इतना बड़ा निकलकर सामने आएगा। रामकृष्णानगर स्थित आवास से लेकर किशनगंज के सरकारी आवास, सरकारी कार्यालय और सारण के पैतृक ठिकानों तक छापेमारी का जाल बिछाया गया।

सूर्यपुरा डिग्री कॉलेज के प्रथम प्रधानाचार्य ने पदभार किया ग्रहण

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य राजराजेश्वरी महाविद्यालय के प्रथम प्रधानाचार्य के रूप में सासाराम एसपी जैन कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग के मोहम्मद अलाउद्दीन अजीजी ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया .इस अवसर पर बीईओ मनोज कुमार एवं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन पांडे ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य के साथ पहुंचे बिक्रमगंज स्थित इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता एनमूल अहमद ,बिक्रमगंज के भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता बलराम मिश्रा एवं इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रविंद्र कुमार सिंह को भी विद्यालय परिवार ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्री पांडे की अध्यक्षता में सम्मान सभा का आयोजन किया गया .जिसका संचालन वीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मुकेश सिंह के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुदामा पांडे,शिक्षक विकास कुमार,संजीत कुमार, मंदून कुमार ,कुमार रंजीत, सोबान आलम अंसारी, नंदजी सिंह, मनोज सिंह, जयराम कुमार, नीरज राय के साथ ही कई अन्य लोग मौजूद शामिल थे।

एक नजर

घूसखोर पदाधिकारी,कर्मियों पर निगरानी विभाग का पैनी नजर,80लोकसेवक रडारपर

नवप्रदेश/बेतिया। राज्य में खुलेआम घूस लेने वाले पदाधिकारी,कर्मचारियों कीअब खैर नहीं,निगरानी विभाग ने इन पदाधिकारी, कर्मचारियों पर पैनी नजर से रख रही है। निगरानी विभाग में 80 सेअधिक लोकसेवकों कोअपने रडार पर रखे हुए हैं। राज्य में भ्रष्टाचार लोक सेवकों पर निगरानी बढ़ा दी गई है,अब भ्रष्टाचारियों का खैर नहीं,सभी सरकारी विभाग में कार्यरत सरकारी पदाधिकारी,कर्मचारी परअब गाज गिरना तय माना जा रहा है। किसी की सरकारी विभाग में बिना घूस या सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं हो रहा है,सरकारी कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी इसके बगैर सुनते तक भी नहीं है।किसी भी जायज काम को कराने के लिएआम जनता का कार्यालय आने-जाने में जूता घिस जा रहा है।जिला मुख्यालय से लेकरअनुमंडल, प्रखंड मुख्यालय तक की यही स्थिति है।इन कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी, पदाधिकारी सही,जायज, वाजिब काम करने के लिए भी घूस की मांग कर रहे है, नहीं देने पर काम नहीं हो रहा है।मुख्यमंत्री,सम्राट चौधरी नेतृत्व वाली बिहार सरकार के कार्यालय में इन दिनों कुछ ज्यादा हीअधिक घूसखोरी बढ़ गई है,इस पर कोई नियंत्रण नहीं है।सरकारी कार्यालय में कर्मचारी एवं पदाधिकारी के द्वारा प्रतिदिन खुल्लम-खुल्ला घुस मांगा जा रहा है।नित्यदिन घूसखोरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। चहुंऔर इस का बाजार गर्म है।

डेहरी में शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, स्कूल टाइम में चल रहे आधा दर्जन कोचिंग सेंटर बंद

नवप्रदेश/डेहरी-ऑन-सोन। रोहतास जिले के डेहरी शहर में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे कोचिंग संस्थानों पर शनिवार को शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने पाली मुहल्ले में छापेमारी कर स्कूल टाइमिंग में चल रहे आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थानों को तत्काल बंद करा दिया। कार्रवाई के बाद संचालकों में हड़कंप मच गया। विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि पाली मुहल्ले में दर्जनभर से ज्यादा कोचिंग सेंटर अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। जांच में सामने आया कि कई संस्थानों का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। भीषण गर्मी में एस्बेस्टस की छत के नीचे छात्र-छात्राओं को बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। साथ ही मनमानी फीस वसूली की शिकायतें भी मिली थीं। बीईओ डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी कोचिंग सेंटर सरकारी गाइडलाइन को दरकिनार कर स्कूल समय में ही संचालित किए जा रहे थे। इससे स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति प्रभावित हो रही थी। छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन, अव्यवस्थित भवन और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के मामले पकड़े गए। डॉ. सिंह ने कहा कि नियमों के खिलाफ चल रहे आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थानों को बंद करा दिया गया है। पूरी जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय निदेर्शों की अनदेखी करने वाले कोचिंग संचालकों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से अन्य कोचिंग संचालकों में भी खलबली है।

बरडीहा गांव में भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, गुड्डू चन्द्रवंशी ने काटा फीता



नवप्रदेश/डेहरी ओन सोन रोहतास। नोखा क्षेत्र अंतर्गत नासरीगंज प्रखंड के बरडीहा गांव में भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं डेहरी विधानसभा के राजद प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर गुड्डू चन्द्रवंशी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा बढ़ाने का कार्य करता है। उन्होंने नाइट टूनार्मेंट के आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। टूनार्मेंट आयोजन में राहुल, प्रिंस, भोला, अमन साकेत, प्रभात, छोटू, मोहन, गोल्डन, कृष्णा एवं समस्त बरडीहा ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति की ओर से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमोद पासवान, रिशु सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

महिला ने बेलदौर पुलिस पर मारपीट व अभद्र व्यवहार का लगाया आरोप

नवप्रदेश/खगड़िया। बेलदौर थाना क्षेत्र की एक महिला ने स्थानीय पुलिस पर मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सहित वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बोबील निवासी पिंकी देवी (42 वर्ष), पति दिनेश साह ने दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि 29 मई 2026 की रात करीब 9:30 बजे वह अपने घर के गेट पर खड़ी थीं। इसी दौरान बेलदौर थानाध्यक्ष अजित कुमार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ उनके घर पहुंचे। महिला का आरोप है कि बिना किसी पूछताछ के उनके साथ गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर थप्पड़ मारते हुए मारपीट की गई। पीड़िता ने बताया कि उनके पड़ोस में जमीन विवाद का मामला चल रहा था, जिसके संबंध में पुलिस पहुंची थी। लेकिन बिना तथ्य जाने और बिना किसी महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी के उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। वहीं, इस संबंध में बेलदौर थाना पुलिस का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका है। मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

सरकार के वादों को लेकर सड़क पर उतरेगी जन सुराज, प्रखंड कमिटी गठन की तैयारी

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय के समीप शिवपरी उत्सव परिसर में शनिवार को जन सुराज पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष रविरंजन सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविरंजन सिंह ने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किए जाने के खिलाफ जन सुराज सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। रविरंजन सिंह ने बताया कि आज की बैठक के बाद प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली अगली बैठकों में प्रखंड कमिटी के गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके तहत संगठनात्मक चुनाव कर प्रखंड कमिटी का चयन किया जाएगा, ताकि पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी की रणनीति, जनसरोकार के मुद्दों तथा क्षेत्र में संगठन की सक्रियता बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, सूचना पर पहुंचे विवाहिता का माता पिता को भी पीटा

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मैधरा गांव में विवाहिता और उसके माता पिता के साथ मारपीट किये जाने की एक प्राथमिकी शनिवार को बिक्रमगंज थाने में दर्ज कराई गई है। विवाहिता गोल्डी कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि पति से विवाद के कारण लगभग दो वर्ष से अपने पिता के घर काराकाट थाना क्षेत्र के करूप में रह रही थी। 24 मई को उसके पति सनीकांत सिंह उर्फ छोटू, ससुर राम प्रवेश सिंह पिता स्व. चंद्रमा सिंह उसके मायके से उसे अपने गांव यानि उसके ससुराल मैधरा लेकर आये। शुक्रवार की रात लगभग 08 बजे उसके पति, ससुर, चचेरी सास चिन्ता देवी पति सुनिल सिंह उर्फ गांधी और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए घर से बाहर कर दिये तथा उसका गहना जिसकी कीमत लगभग डेढ लाख रुपया है छीन लिए। उसने इस घटना की सूचना मोबाइल द्वारा अपने पिता को सुचना दी। लगभग एक घण्टा बाद उसके पिता तथा मम्मी, चाचा और भाई वहां पहुंचे और पूछताछ करने लगे तो इन सभी लोगों के साथ भी सभी अभियुक्त मिलकर मारपीट किये। सभी लोग किसी तरह से वहां से जान बचा कर भागे। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि इस मामले प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

भारत सेना को बना रहा आधुनिक, अमेरिका भी साथ मिलकर कर रहा काम: हेगसेथ

वाशिंगटन,एजेंसी।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि भारत तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ सेना को आधुनिक बना रहा है। अमेरिका भी भारत के साथ मिलकर रक्षा उत्पादन और नई तकनीकों पर काम कर रहा है। सिंगापुर में एक कार्यक्रम में हेगसेथ ने कहा कि भारत हाई-एंड सैन्य ऑपरेशन संभालने के लिए मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षमता तैयार कर रहा है। भारत खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे अहम इलाका बन चुका है और यहां सुरक्षा बनाए रखने में अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका है। उन्होंने देशों से अपनी रक्षा तैयारियों में ज्यादा निवेश करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर हुए हैं, लेकिन कोई भी देश क्षेत्र में दबदबा नहीं बना सकता।

अमेरिका का दावा: ईरान से जुड़े 1 अरब डॉलर के क्रिप्टो फंड जब्त

ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी के तहत कार्रवाई

वॉशिंगटन,एजेंसी।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिकी प्रशासन ने तेहरान को बड़ा आर्थिक झटका देने का दावा किया है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अमेरिका ने ईरान से जुड़े लगभग एक अरब डॉलर मूल्य के क्रिप्टोकरेंसी फंड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई अमेरिकी अभियान ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य ईरान के वित्तीय नेटवर्क और आर्थिक संसाधनों को कमजोर करना बताया गया है। एक साक्षात्कार के दौरान बेसेंट ने दावा किया कि अमेरिकी एजेंसियों ने सीधे ईरान से जुड़े डिजिटल वॉलेट्स पर नियंत्रण स्थापित कर लगभग एक अरब डॉलर के क्रिप्टो फंड जब्त किए हैं। उनके अनुसार, हाल के सप्ताहों में आर्थिक प्रतिबंधों और सैन्य दबाव ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाला है। ट्रेजरी सचिव ने कहा कि पिछले पांच से छह सप्ताह में हुए कदमों के कारण ईरान की आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने दावा किया कि देश में महंगाई बढ़ रही है, सरकारी वित्तीय संसाधनों पर दबाव है और कई क्षेत्रों में भुगतान संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। बेसेंट के अनुसार मार्च 2025 में शुरू किए गए ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी के तहत ईरान के बैंक खातों, विदेशी परिसंपत्तियों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क को निशाना बनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर ईरान से जुड़ी कथित विदेशी संपत्तियों और निवेशों पर भी कार्रवाई कर रहा है।

इजरायली जेलों में दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामले हुए उजागर

यूएन की रिपोर्ट से भड़का उठा तेलअवीव

तेल अवीव,एजेंसी।

संयुक्त राष्ट्र की एक नई और बेहद संवेदनशील रिपोर्ट ने इजरायल और वैश्विक संस्था के बीच एक अभूतपूर्व कूटनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। इस रिपोर्ट में गंभीर दावा किया गया है कि इजरायली सुरक्षा बलों ने हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनी कैदियों के खिलाफ यौन हिंसा, प्रताड़ना और अमानवीय व्यवहार के कई मामलों को अंजाम दिया है। इस खुलासे से भड़के इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के कार्यालय के साथ अपने सभी कामकाजी संबंध खत्म करने का बड़ा ऐलान कर दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव और गहरा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के खिलाफ यौन हिंसा के कम से कम 31 प्रामाणिक और सत्यापित मामलों की पहचान की गई है। इन घटनाओं में बलात्कार, बलात्कार के प्रयास, निजी अंगों पर गंभीर चोट पहुँचाने, कैदियों को जबरन पूरी तरह निर्वस्त्र करने, अत्यंत अपमानजनक तरीके से तलाशी लेने और मानसिक व शारीरिक रूप से यौन प्रताड़ना देने जैसे संगीन कृत्य शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि कई मामलों में पुरुषों और नाबालिग लड़कों को क्रूरता का निशाना बनाया गया, वहीं महिला कैदियों को बार-बार बलात्कार की धमकियां झेलनी पड़ीं और उन्हें जबरन कपड़े उतारने पर मजबूर किया गया। यह बेहद चौंकाने वाली घटनाएं इजरायल के विभिन्न हिरासत केंद्रों, सैन्य शिविरों और पूछताछ स्थलों पर दर्ज की गईं। रिपोर्ट में विशेष रूप से स्दे तेमान, एत्जियोन डिटेंशन सेंटर, मेगिडो, ओफर, रमला और नफ्हा जैसी जेलों का जिक्र किया गया है। पीड़ितों में आम नागरिकों के अलावा कई पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल थे, जिन्हें बिना किसी ठोस आधार के कैद किया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी आरोप लगाया कि इजरायली अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय जांचकताओं को इन स्थानों तक पर्याप्त पहुंच नहीं दी, जिससे कई अन्य संवेदनशील मामलों की स्वतंत्र जांच पूरी तरह प्रभावित हुई। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हिरासत में रखे गए इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार बेहद गंभीर और निंदनीय है।

इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होते ही इजरायल ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।

संस्थान का नाम बदलकर ट्रंप के नाम करने वाला प्रस्ताव कोर्ट ने खारिज किया

अपने ही न्यायालय पर भड़क उठे अमेरिकी राष्ट्रपति

वाशिंगटन,एजेंसी।

अमेरिकी राजनीति में डोनाल्ड ट्रंप और विवादों का रिश्ता बेहद पुराना रहा है, लेकिन इस बार का टकराव किसी चुनावी रैली या राजनीतिक विरोधी से नहीं, बल्कि देश की न्यायपालिका और एक बेहद प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थान से जुड़ा है। वाशिंगटन स्थित ऐतिहासिक जॉन एफ. केनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स से अपना नाम जोड़ने के फैसले को एक संघीय जज द्वारा रद्द किए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप बुरी तरह भड़क उठे हैं। अदालत ने न केवल नाम बदलने की योजना को खारिज किया, बल्कि इस सांस्कृतिक केंद्र के आधुनिकीकरण और मरम्मत के लिए इसे अस्थायी रूप से बंद करने के प्रस्ताव पर भी रोक लगा दी है। इस फैसले को ट्रंप ने अपने खिलाफ न्यायपालिका की एक और बड़ी साजिश करार दिया है। इस पूरे विवाद की शुरूआत तब हुई थी जब केनेडी सेंटर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने संस्थान के नाम के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नाम जोड़ने का एक बड़ा निर्णय लिया था। इसके साथ ही, जर्जर हो चुकी इमारत की व्यापक मरम्मत के लिए इसे दो साल तक पूरी तरह बंद रखने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था। हालांकि, अमेरिकी जिला जज क्रिस्टोफर कूपर ने इस योजना को पूरी तरह पलट दिया। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि संघीय कानून के तहत इस संस्थान का नामकरण पहले से तय है और



इसमें किसी भी तरह का बदलाव करने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस के पास सुरक्षित है। जज कूपर ने अपने आदेश में लिखा कि बोर्ड ने राष्ट्रपति ट्रंप के नाम पर केनेडी सेंटर का नाम बदलने का प्रयास कर-के अपने वैधानिक अधिकारों की सीमा का खुले तौर पर उल्लंघन किया है। इस अदालती फैसले के तुरंत बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक लंबी और तीखी पोस्ट लिखकर अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की। ट्रंप ने दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में आज तक किसी भी राष्ट्रपति के साथ अदालतों ने इतना अनुचित और अन्यायपूर्ण व्यवहार नहीं किया है, जितना उनके साथ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालतें लगातार उनके देशहित के एजेंडे को रोकने की कोशिशों में जुटी हुई हैं। ट्रंप ने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रमुख भवन और निर्माण विशेषज्ञों ने खुद जज कूपर को सूचित किया था कि केनेडी सेंटर की इमारत वर्तमान में संरचनात्मक रूप से बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी है। इसकी बीम सड़ चुकी हैं, पार्किंग क्षेत्र ढहने की कगार पर है और वहां जीवन सुरक्षा से जुड़े कई बड़े खतरे मौजूद हैं। ट्रंप ने तीखी टिप्पणी करते हुए लिखा कि इन तमाम सुरक्षा चिंताओं के बावजूद जज प्रभावित नहीं हुए और इमारत को खुला रखने का आदेश दे दिया,

चीन में बने स्मार्ट वाहन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

दो डेमोक्रेटिक सांसदों ने अमेरिका आने से इन्हें रोकने किया बिल पेश

वॉशिंगटन ,एजेंसी।

अमेरिका के दो डेमोक्रेटिक सांसदों ने चीन से जुड़ी गाड़ियों को कनाडा और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका आने से रोकने के लिए बिल पेश किया। उनकी ओर से चेतावनी दी गई कि ये गाड़ियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और अमेरिकी ऑटो उद्योग के लिए भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बिल से चीन और अन्य विरोधी देशों से आने वाले कनेक्टेड वाहनों को अमेरिका में आने से रोक दिया जाएगा, जिसमें चीन में बने या चीनी कंपनियों की ओर से बनाए गए वाहन भी शामिल हैं। हेली स्टीवंस ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकी ड्राइवरों, सड़कों या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी तक कभी भी पहुंच नहीं मिलनी चाहिए। यह बिल उन खतरनाक कमियों को दूर करता है, जिनके कारण अभी चीन कनेक्टेड वाहन कनाडा और



मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में आ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने और मिशिगन के उन ऑटो-कर्मियों के साथ खड़े होने के बारे में है, जो दुनिया के सबसे बेहतरीन वाहन बनाते हैं। उन्होंने बताया कि मैक्सिको बाजार में अब चीनी वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 15 फीसदी है। उन्होंने कनाडा के जनवरी 2026 के चीन के साथ हुए व्यापार समझौते का भी जिक्र किया, जिसके तहत हजारों चीनी वाहनों पर लगने वाले शुल्क में भारी कमी आएगी। सांसदों ने कहा कि चीन से आने वाले कनेक्टेड वाहनों का खतरा अब उत्तर और दक्षिण तक पहुंच चुका है। स्लॉटकिन ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ आर्थिक मामलों तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों से जुड़ा मुद्दा है। हमें इन वाहनों को अपनी सीमाओं को पार करके हमारे समुदायों में प्रवेश करने से हर हाल में रोकना होगा। उन्होंने कहा कि ये वाहन असल में पहियों पर चलते निगरानी तंत्र हैं। ये किसी भी ड्राइवर की सटीक लोकेशन का पता लगाने, पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग करने और हमारे सैन्य ठिकानों सहित अन्य संवेदनशील बुनियादी ढांचों की मैपिंग करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि यह कानून मेरी ओर से पेश किए गए, दोनों दलों के समर्थन वाले कनेक्टेड व्हीकल सिक्योरिटी एक्ट 2026 पर आधारित है। इसके तहत चीन में पूरी तरह से तैयार वाहनों को किसी भी रूप में भले ही वह सिर्फ एक दिन के लिए ही क्यों न हो, अमेरिका में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह बिल एक ऐसी प्रक्रिया का भी निर्धारण करेगा, जिसके तहत वाहन निमार्ता उन वाहनों के लिए विशेष अनुमति मांग सकेंगे, जिन पर अन्यथा प्रतिबंध लगा होगा।

ईरान ने दिया हमले का जवाब, अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल दागीं, कई सैनिक घायल

अमेरिका के दो बेहद अहम एमक्यू-9 रीपर स्ट्राइक ड्रोन को पहुंचा भारी नुकसान

दोहा,एजेंसी।

ईरान ने अमेरिका के हालिया हमलों के जवाब में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कई अमेरिकी सैनिकों के घायल होने की खबर है। इसके अलावा दो एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी डैमेज हुए हैं। दोनों देशों के बीच नाजुक युद्धविराम अब टूटने की कगार पर है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि गुरुवार सुबह उसके बलों ने उस अमेरिकी एयर बेस को निशाना बनाया, जिससे रात में ईरान के दक्षिणी हिस्से, खासकर बंदर अब्बास क्षेत्र में हमले किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह जवाबी कार्रवाई आक्रामक अमेरिकी हमले के खिलाफ थी। अमेरिकी अधिकारियों ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया

कि पिछले 24 घंटों के अंदर ईरान ने कुवैत में स्थित अली अल सलेम एयर बेस पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, कुवैत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान की मिसाइल को हवा में ही रोक दिया, लेकिन मिसाइल का मलबा एयर बेस में गिरा। मलबा गिरने और आंशिक प्रभाव से अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के दो बेहद अहम एमक्यू-9 रीपर स्ट्राइक ड्रोन को भारी नुकसान पहुंचा है। इनमें से एक ड्रोन पूरी तरह नष्ट हो गया है, जबकि कम से कम एक अन्य बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । एक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर है। बता दें रीपर ड्रोन अमेरिकी रक्षा प्रणाली का बेहद अहम हिस्सा हैं, जिनका इस्तेमाल मुख्य रूप से खुफिया निगरानी और अचूक हवाई हमलों के लिए किया जाता है। इन ड्रोन्स का डैमेज होना अमेरिकी सेना के लिए बड़ा झटका है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अपने सलाहकारों के साथ बैठक की लेकिन ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाने और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने संबंधी प्रस्तावित समझौते पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। इस बीच ईरान ने भी कहा है कि यह समझौता अभी अंतिम रूप नहीं ले पाया है। बैठक से पहले ट्रंप ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने वाले हैं। हालांकि, बाद में प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ करीब दो घंटे चली बैठक बिना किसी फैसले के खत्म हो गई।

अमेरिकी उप विदेश मंत्री रोजर्स नेपाल के तीन दिवसीय दौरे पर

काठमांडू, एजेंसी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की सार्वजनिक कूटनीति मामलों की उपविदेश मंत्री सारा बी. रोजर्स तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर शनिवार शाम को नेपाल पहुंचीं। नेपाल में बालेन्द्र शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल का दौरा करने वाली वह अब तक की सबसे वरिष्ठ अमेरिकी कूटनीतिज्ञ हैं। रोजर्स नेपाल स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा आयोजित किए जाने वाले एसेन्ट समिट 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए काठमांडू पहुंचने वाली हैं। इस सम्मेलन को नेपाल और अमेरिका के बीच जनसंपर्क, सार्वजनिक कूटनीति तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिकी दूतावास के अनुसार रोजर्स की यह यात्रा नेपाल-अमेरिका संबंधों और दोनों देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक संवाद के लिहाज से महत्वपूर्ण है। नेपाल दौरे में रोजर्स की नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल तथा संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डा. विक्रम तिमिल्सिना से मुलाकात करने की योजना है। रोजर्स की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब इससे पहले पिछले महीने में भी दो वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने अलग-अलग रूप से नेपाल का दौरा किया था। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री समिर पॉल कपुर तीन दिवसीय यात्रा पर काठमांडू पहुंचे थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने, विदेश मंत्री शिशिर खनाल और वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले के साथ बैठक की थी। बैठकों में नेपाल-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा नेपाल के निवेश वातावरण में सुधार के विषयों पर चर्चा हुई थी। सहायक विदेश मंत्री कपूर की यात्रा समाप्त होने के लगभग एक सप्ताह बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के विशेष दूत एवं भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी काठमांडू का दौरा किया था।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' अस्पताल में भर्ती

काठमांडू,एजेंसी।

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के संयोजक और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड को शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रचण्ड के निजी सचिव गोविन्द आचार्य ने बताया कि बुखार और सर्दी-जुकाम की शिकायत के बाद उन्हें आज सुबह मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आचार्य के अनुसार, जांच के दौरान प्रचण्ड में टाइफाइड के लक्षण पाए गए हैं। चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें आगे की जांच और आवश्यक उपचार के लिए कुछ दिनों तक अस्पताल में ही रखा जाएगा। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी जारी है। स्वास्थ्य में समस्या होने के कारण प्रचण्ड शुक्रवार को हुए गणतन्त्र दिवस समारोह में भी सहभागी नहीं हुए। इसी तरह शुक्रवार को भी ही बजट पेश के दौरान प्रचण्ड की सदन में उपस्थिति नहीं देखी गई थी।

क्या ईरान की 4 शर्तों पर राजी हुआ अमेरिका,अब ट्रंप की मुहर का इंतजार

वॉशिंगटन ,एजेंसी।

पश्चिम एशिया में इस समय बेहद दिलचस्प और विरोधाभासी स्थितियां बनी हुई हैं, जहां एक तरफ शांति की मेज पर समझौते की बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मिसाइल हमले, कड़े प्रतिबंध और सैन्य अभियान भी पूरी शिद्दत से जारी हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बयान में कहा कि ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता में काफी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक इस प्रस्तावित समझौते यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग को अपनी अंतिम मंजूरी नहीं दी है। वेंस के अनुसार, दोनों पक्ष फिलहाल समझौते के कुछ भाषाई बिंदुओं को स्पष्ट करने में जुटे हैं और उम्मीद है कि राष्ट्रपति जल्द ही इस समझौते का समर्थन करेंगे, लेकिन अभी तक अंतिम रूप से कुछ भी तय नहीं हो पाया है। इस राजनीतिक हलचल के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी अपनी सेना को करीब 70 प्रतिशत गाजा क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण करने का आदेश दे दिया है, जिसने जमीनी तनाव को और बढ़ा दिया है। इस संभावित समझौते के तहत दोनों देशों के बीच कुछ बड़ी शर्तें तय की जा रही हैं। इसके तहत ईरान इस बात का औपचारिक वादा करने को राजी हुआ है कि उसकी परमाणु हथियार बनाने की कोई इच्छा नहीं है। साथ ही वह अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को छोड़ने पर बातचीत शुरू करने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण

होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलकर वहां बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने के लिए तैयार है। इसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में ढील देने, उसके तेल कारोबार को राहत पहुंचाने, फ्रीज किए गए फंड को जारी करने पर बात करने के साथ-साथ नौसैनिक घेराबंदी हटाने और लेबनान युद्ध को समाप्त कराने में मदद करने पर सहमत हुआ है। हालांकि, इस बातचीत के समानांतर जमीनी हकीकत काफी हिंसक बनी हुई है। गुरुवार की रात ईरान के बुशेहर प्रांत में एयर डिफेंस सिस्टम अचानक सक्रिय कर दिए गए और ईरानी मीडिया ने दावा किया कि उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र में घुसे एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस दावे को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि उनका कोई भी विमान नहीं गिराया गया है। इसी दौरान ईरानी सेना द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका से जुड़े चार जहाजों को निशाना बनाने की भी खबर आई। इस तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने ईरान के सैन्य नेटवर्क से जुड़े तेल कारोबार और राजस्व तंत्र पर नए और कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिससे साफ है कि बातचीत के बावजूद अमेरिका अपना दबाव कम नहीं कर रहा है। इस लंबे खिंचते संघर्ष में अमेरिका को भी अब तक भारी सैन्य और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी 2026 से शुरू हुए इस सैन्य टकराव में अब तक कम से कम 42 अमेरिकी सैन्य विमान या तो पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं या उन्हें भारी क्षति पहुंची है। इस पूरे सैन्य अभियान की कुल लागत करीब 29 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, अमेरिका ने अपने 24 अत्याधुनिक रीपर ड्रोन और एक निगरानी ड्रोन भी गंवाए हैं। पेंटागन द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस भीषण संघर्ष में अब तक 15 अमेरिकी सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है,

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्रनाथ पांडेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)